

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 134 | शुक्रवार, 26 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में छह आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक अभियान में छह आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह अभियान प्रांत के लोअर दिर जिले में आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चलाया था। सीटीडी के अनुसार, इस अभियान में मारे गए आतंकवादी हाल ही में एक पुलिस चौकी पर हुए हमले और एक पुलिस कांस्टेबल की मौत के मामले में शामिल थे।

### गलती से पाकिस्तान में घुसा भारतीय विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का एक विमान एआई-479 मंगलवार रात गलती से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया। हालांकि इसका एहसास होते ही वह तुरंत वापस भारतीय सीमा में लौट आया। विमान दिल्ली से अमृतसर पहुंचा था। अमृतसर हवाई अड्डे पर काफी ट्रैफिक होने के कारण इंतजार कर रही सभी उड़ानों से 'होल्ड करने' के लिए कहा गया था। ऐसी स्थिति में विमान आसपास के इलाके में ही चक्कर लगाते हैं। इसी दौरान एयर इंडिया की यह उड़ान पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई थी।

### जिम्मेदारी निभाने के बजाय एजेंडा चला रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसने एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच के सह-अध्यक्ष के रूप में निष्पक्ष भूमिका निभाने के बजाय उसका राजनीतिकरण किया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान बार-बार वैश्विक मंचों का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा - परिषद की एक अनौपचारिक बैठक - के दौरान पाकिस्तान को सीधे निशाने पर लिया और उसके रवैये पर गंभीर - सवाल उठाए। पी. हरीश ने दो टूक - कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का पूर्णतः आंतरिक मामला है और इस - पर किसी भी तरह की बाहरी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है।

### सीबीआई की कार्रवाई, 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने आज 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामले में की गई है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र के तहत यह कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन के जरिए सीबीआई द्वारा साइबर अपराध के बुनियादी ढांचे पर समन्वित कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी सीबीआई डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामलों में कई कार्रवाई कर चुकी है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-श्क के दौरान 60 विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा समेत 16 राज्यों में 80 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया है। सीबीआई की यह कार्रवाई डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के 200 से अधिक मामलों में शामिल परिचालन नेटवर्क को खत्म करना है।

---

वेनेजुएला में सदी की सबसे भीषण त्रासदी

# दो शक्तिशाली भूकंपों ने मचाई तबाही, लगभग 164 की मौत 971 से अधिक घायल





» 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से राजधानी काराकास समेत कई शहर तबाह

» एयरपोर्ट बंद, आपातकाल लागू, हजारों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

## कुछ सेकंड में बदल गई पूरे देश की तस्वीर

बुधवार शाम आए पहले तेज झटके से लोग संभल भी नहीं पाए थे कि कुछ ही देर बाद दूसरे और अधिक शक्तिशाली भूकंप ने व्यापक तबाही मचा दी। घर, अस्पताल, कार्यालय, स्कूल और व्यावसायिक इमारतें बुरी तरह प्रभावित हुईं। हजारों लोग जान बचाने के लिए खुले मैदानों और सड़कों पर निकल आए। राजधानी काराकास सबसे अधिक प्रभावित शहरों में शामिल है। कई बहुमंजिला इमारतें धराशायी हो गईं, जबकि अनेक भवन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। प्रशासन ने कई इलाकों को असुरक्षित घोषित कर लोगों को वहां से हटाना शुरू कर दिया है।

**काराकास**

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने पिछले एक शताब्दी की सबसे भयावह प्राकृतिक आपदाओं में से एक का सामना किया है। बुधवार शाम कुछ ही मिनटों के अंतराल पर आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भीषण भूकंपों ने पूरे देश को झकझोर दिया। राजधानी काराकास सहित कई प्रमुख शहरों में इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं, सड़कें फट गईं और बिजली तथा संचार व्यवस्था चरमरा गई। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 164 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 971 से अधिक लोग घायल हैं। राहत एजेंसियों का कहना है कि कई लोग अब भी मलबे में फंसे हो सकते हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को बताया कि अब तक 164 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 971 से अधिक लोग घायल हैं। राहत एजेंसियां लगातार मलबा हटाकर लोगों की तलाश कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार शुरूआती घंटों में केवल 32 मौतों की पुष्टि हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे बचाव दल प्रभावित इलाकों तक पहुंचे और मलबा हटाया गया, मृतकों की संख्या तेजी से बढ़ती गई। कई अस्पतालों में आपातकालीन व्यवस्था लागू कर दी गई है और घायलों का लगातार इलाज किया जा रहा है। राजधानी काराकास में कई रिहायशी और व्यावसायिक इमारतें ढह गईं। प्रमुख सड़कें क्षतिग्रस्त होने से राहत दलों को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा कारणों से राजधानी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। रेल और सड़क परिवहन भी कई स्थानों पर बाधित है। बिजली और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित होने से लोगों का अपने परिजनों से संपर्क टूट गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई इलाकों में लोग रातभर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर रहे। लगातार आने वाले आफ्टरशॉक्स के कारण लोग क्षतिग्रस्त भवनों में लौटने से डर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल लागू कर दिया है। सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। भारी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। हेलीकॉप्टरों के जरिए दूरदराज के इलाकों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अस्थायी राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां प्रभावित परिवारों को भोजन, दवाइयां और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 1700 किलोमीटर दूर तक महसूस हुए झटके

भूकंप के झटके केवल वेनेजुएला तक सीमित नहीं रहे। पड़ोसी देश ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक इमारतें हिलने लगीं। कई स्थानों पर लोगों को एहतियातन घरों और कार्यालयों से बाहर निकालना पड़ा। भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी अधिक तीव्रता वाले दो लगातार झटकों के कारण व्यापक क्षेत्र प्रभावित हुआ। इससे कई देशों में लोगों के बीच दहशत फैल गई।

---

पीएम मोदी ने दोहराया संविधान के प्रति संकल्प

## सांविधानिक मूल्यों की हुई थी परीक्षाः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली**



आपातकाल की आज 51वीं बरसी है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय इतिहास का सबसे काला दिन बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'संविधान हत्या दिवस' के अवसर पर कहा कि यह दिन आज हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम ऐसे भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों के प्रति सदैव समर्पित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे काले दौर में से एक, यानी 'आपातकाल' के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती से रक्षा की।' उन्होंने आगे लिखा, 'हम सभी के लिए, हमारा संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। हम सांविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। अपने संविधान की भावना से प्रेरित होकर हम एक ऐसा भारत बनाएंगे, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहे।' 'संविधान हत्या दिवस आज हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन।' इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल -उपराष्ट्रपति इसके साथ ही उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को 'संविधान हत्या दिवस' के मौके पर उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक और सांविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आवाज उठाई थी।

### 'आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा हमला था'

उन्होंने लिखा, 'आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा हमला था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताएं छीन ली गईं, अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगाई गई, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और समाज सेवकों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही उन संस्थाओं पर हमला किया गया, जो हमारे लोकतंत्र की नींव हैं। उस दौर ने अनगिनत नागरिकों के असाधारण साहस को भी दिखाया, जिन्होंने चुप रहने से इनकार कर दिया और हमारे संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा।'

---

## 'युवाओं से माफी मांगें और इस्तीफा दें': राहुल

**नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला करते हुए उन पर छात्रों का अपमान करने का आरोप लगाया और मांग की कि वे देश के युवाओं से माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अहंकारी हो गई है और अब उन छात्रों को निशाना बना रही है, जो अपने अधिकारों और निष्पक्ष परिक्षाओं और रोजगार की मांग उठा रहे हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार अब इस मुकाम पर पहुंच गई है कि अपने अधिकारों, निष्पक्ष परिक्षाओं और सुरक्षित भविष्य की मांग करने वाले छात्रों को ही शिक्षा मंत्री आतंकवादी कह रहे हैं। जरा सोचिए-जिसकी नाकामी से इतने पेपर लीक हुए, जिसके राज में 20 बच्चों ने जान दे दी, जिसने करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया।

---

## सीसीटीवी से खुली साजिश की परतें, कैफे में हुई थी 'डेथ प्लान' की आखिरी बैठक

**पुणे**



पुणे के चर्चित कारोबारी केतन अग्रवाल हत्याकांड में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए खुलासे सामने आ रहे हैं। अब पुलिस के हाथ एक ऐसा सीसीटीवी फुटेज लगा है, जिसने इस सनसनीखेज मामले की जांच को नया मोड़ दे दिया है। फुटेज में मुख्य आरोपी सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी हत्या से ठीक एक दिन पहले पुणे के एक कैफे में साथ बैठे दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि इसी मुलाकात के दौरान केतन अग्रवाल की हत्या की अंतिम योजना बनाई गई थी। इस बीच मामले में तीसरे व्यक्ति नीरज का नाम भी जांच के घेरे में आ गया है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, कैफे में हुई इस बैठक के अगले दिन केतन अग्रवाल को लोहगढ़ किले ले जाया गया, जहां कथित तौर पर उसे खाई में धक्का देकर हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि घटनाक्रम पूर्व नियोजित प्रतीत होता है और इसके समर्थन में कई तकनीकी तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक की जांच से यह संकेत मिले हैं कि पूरी वारदात अचानक नहीं हुई, बल्कि उसकी पहले से विस्तृत योजना बनाई गई थी।

### कैफे में एक घंटे चली गुप्त बैठक

जांच के दौरान पुलिस को पुणे के थर्ड वेव कैफे का सीसीटीवी फुटेज मिला है। फुटेज के अनुसार, 17 जून की शाम करीब 4:35 बजे सिया और चेतन कैफे में पहुंचे। दोनों ने काउंटर से खाने-पीने का सामान लिया और खुले बैठने वाले हिस्से में लगभग एक घंटे तक बातचीत करते रहे। करीब 5:30 बजे दोनों कैफे से बाहर निकल गए। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इसी बैठक में लोहगढ़ किले पर केतन अग्रवाल की हत्या की योजना को अंतिम रूप दिया गया। हालांकि पुलिस अभी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का मिलान कर रही है।

### तीसरे शख्स नीरज की भूमिका पर सवाल

मामले की जांच के दौरान अब नीरज नाम का एक तीसरा व्यक्ति भी जांच के दायरे में आया है। नीरज चेतन चौधरी का करीबी मित्र बताया जा रहा है और पिछले तीन वर्षों से उसके साथ काम कर रहा था। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या नीरज इस कथित साजिश का हिस्सा था या उसका मोबाइल फोन उसकी जानकारी के बिना इस्तेमाल किया गया। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और उसके मोबाइल डेटा तथा कॉल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

---

## दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: सीएम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी गुरुवार को राज्य विधानसभा में कोलकाता के ताराताला इलाके में हुई घटना पर एक बयान दिया। इस घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हुई है। वहीं, 20 गंभीर रूप से घायल हैं। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में इस दुर्घटना पर आधिकारिक बयान में कहा, गोदाम ढहने की घटना में जान गंवाए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 10 लाख रुपये और घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कोलकाता में ढहे गोदाम के भवन से जुड़ी जरूरी अनुमति के पहलू पर सीएम शुभेंदु ने कहा, रिकॉर्ड पर उपलब्ध भवन के नक्शे पर कोलकाता के पूर्व महापौर और तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर थे।

---

# देश में 1 जुलाई से लागू होगा वीबी-जी राम जी अधिनियम

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार आगामी 01 जुलाई 2026 से विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम- 2025 यानी (वीबी-जी राम जी अधिनियम) लागू करने जा रही है। यह अधिनियम हर वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक इसके तहत गांवों के विकास के लिए अलग-अलग मंत्रालयों और सरकारी योजनाओं को एक साथ जोड़कर काम किया जाएगा, ताकि विकास कार्य तेजी से और बेहतर तरीके से पूरे हो सकें। इसी तैयारी के तहत बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 18 मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सरकार की योजना है कि हर गांव अपनी जरूरतों के अनुसार विकास योजना तैयार करें। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के धन और संसाधनों को जोड़कर उन कामों को पूरा किया जाएगा। इसे 'एक योजना, कई स्रोतों से फंड' मॉडल कहा गया है।

### ग्राम सभाएं प्राथमिकताएं तय करेंगी



नई व्यवस्था के तहत ग्राम सभाएं और पंचायतें विकास की प्राथमिकताएं तय करेंगी। इनमें पानी की उपलब्धता, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं, रोजगार और आजीविका बढ़ाने के काम तथा बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपाय शामिल होंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने ऐसे 318 प्रकार के कार्यों की सूची तैयार की है, जिन पर इस योजना के तहत काम किया जा सकेगा। इनमें जल संरक्षण, सिंचाई, ग्रामीण सड़कें, सामुदायिक भवन, रोजगार से जुड़े संसाधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्य शामिल हैं। इस नई व्यवस्था से सरकारी योजनाओं में तालमेल बढ़ेगा, पैसे का बेहतर उपयोग होगा और गांवों में विकास कार्यों को ज्यादा गति मिलेगी। साथ ही पंचायतों की भूमिका भी पहले से अधिक मजबूत होगी।

### मनरेगा की जगह लेगा

उल्लेखनीय है कि वीबी- जी राम जी अधिनियम-2025 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की जगह पर लाया गया है। इस नए अधिनियम को संसद के दोनों सदनों से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति ने 21 दिसंबर 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। एक जुलाई से यह व्यवस्था पूरे देश में लागू होने के साथ ग्रामीण विकास के लिए एक नए मॉडल की शुरुआत करेगी।

---

महाराष्ट्र में कर्जमाफी की मांग को लेकर अनोखा प्रदर्शन, उड़े अधिकारियों के होश

# बैल पर सवार होकर तहसील कार्यालय में घुसा किसान

**चन्द्रपुर**





महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से आंदोलन की एक ऐसी अनोखी और झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने पूरे प्रशासनिक अमले को हिलाकर रख दिया है। राजुरा तहसील के गोयेगाव के रहने वाले एक कर्जग्रस्त किसान दिवाकर हिरामन पहनपाटे, कर्जमाफी की मांग को लेकर सीधे अपने बैल पर सवार होकर तहसील कार्यालय के भीतर दाखिल हो गए। बैल पर बैठे किसान को दफ्तर के गलियारे में देख वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में तहसील परिसर में कौतूहल और उत्सुकता का माहौल बन गया। किसान ने बैल पर बैठे-बैठे ही प्रशासन के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए मांग उठाई कि किसानों की कर्जमाफी हर हाल में होनी ही चाहिए। किसान के इस बेहद अलग और जुदा अंदाज का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है। जहां आमतौर पर किसान अपनी मांगों के लिए धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम या ज्ञापन सौंपने का रास्ता चुनते हैं, वहीं दिवाकर ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खेती के सबसे बड़े प्रतीक 'बैल' को ही अपना माध्यम बना लिया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि आज के दौर में खेती-किसानी की बदहाली और किसानों की बेबसी को दर्शाता एक जीवंत और प्रतीकात्मक संदेश है।

### दोहरी मार झेल रहा है अन्नदाता

इस अनोखे आंदोलन ने एक बार फिर किसानों की बढ़ती आर्थिक परेशानियों और लंबे समय से लटके कर्जमाफी के मुद्दे को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। इस घटना के बाद इलाके के विभिन्न किसान संगठनों ने भी दिवाकर पहनपाटे का समर्थन किया है। संगठनों ने सरकार से बेहद कड़े शब्दों में मांग की है कि इस संकट की घड़ी में राजनीति छोड़कर कर्जमाफी के प्रश्न पर तुरंत फैसला लिया जाए, ताकि बदहाल और तनाव झेल रहे किसानों को फौरी राहत मिल सके। फिलहाल, इस 'बैल सवार' किसान की हुंकार ने प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

---

त्रिपुरा सरकार का ऐतिहासिक फैसला

# सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध, 20 फीसदी वेतन बढ़ेगा

**अगरतला**

त्रिपुरा में सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने की दिशा में मुख्यमंत्री माणिक साहा के नेतृत्व वाली राज्य कैबिनेट ने एक ऐतिहासिक और कड़ा फैसला लिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत डॉक्टर अब ड्यूटी के बाद या अलग से निजी तौर पर मरीजों का इलाज (निजी प्रैक्टिस) नहीं कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इस कदम से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित होगी और गरीब मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### पहले चरण में दो प्रमुख संस्थानों पर होगी लागू

वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सुशांत चौधरी ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि इस नई नीति को शुरुआती चरण में राज्य के दो सबसे बड़े और प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों- अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज और गोविंद वल्लभ पंत अस्पताल में लागू किया जा रहा है। इन दोनों अस्पतालों में पूरे राज्य से गंभीर मरीज इलाज के लिए आते हैं। मंत्री सुशांत चौधरी ने स्पष्ट किया कि इन संस्थानों में तैनात सभी स्तर के डॉक्टरों और चिकित्सा अधिकारियों को पूरी तरह से इस नई नीति के दायरे में लाया गया है। किसी भी परिस्थिति में या किसी भी अपवाद के तहत डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस निर्देश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा का दबदबा, सभी पदों पर निर्विरोध चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम की कार्यकारिणी समिति के चुनाव में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व देखने को मिला। छह रिक्त पदों के लिए हुए चुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। भाजपा के पांच और समाजवादी पार्टी के एक पार्षद के चयन के बाद कार्यकारिणी समिति में भाजपा सदस्यों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जबकि सपा के दो सदस्य रह गए हैं। इस तरह नगर निगम बोर्ड की तरह कार्यकारिणी में भी भाजपा का स्पष्ट बहुमत कायम हो गया है।



भाजपा के कार्यक्रम में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे नगर निगम सभागार में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की मौजूदगी में नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कराई गईं।

**छह रिक्त पदों के सापेक्ष उतने ही नामांकन, कार्यकारिणी में भाजपा के 10 और सपा के 2 सदस्य**

छह पदों के सापेक्ष भाजपा की ओर से पांच और समाजवादी पार्टी की ओर से एक पार्षद ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन संख्या पूरी होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी और चुनाव निर्विरोध घोषित कर दिया गया। कार्यकारिणी समिति के लिए भाजपा से महेश राजपूत, संगीता रानी, बबली पटेल और अजय रतनाकर, जबकि सपा से शमीम अहमद निर्वाचित घोषित किए गए। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही सभागार में मौजूद पार्षदों और अधिकारियों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इससे पूर्व निवर्तमान सदस्यों संतोष कश्यप, नरेंद्र सिंह, अंजुला गंगवार, हरिशंकर, ओमान रजा खां और रितिका किशोर को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी बरेली के विकास कार्यों को और गति देगी।

# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा

## मध्यरात्रि छापेमारी में भारी मशीनें जब्त

### ग्राम उनई में कार्रवाई, 2 जेसीबी व 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं, 10 लाख से अधिक अर्थदंड प्रस्तावित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जनपद में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बुद्धवार की मध्यरात्रि को अवैध खनन की शिकायत मिलने पर ग्राम उनई, थाना बहेड़ी, तहसील बहेड़ी क्षेत्र में औचक निरीक्षण व छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके पर 02 जेसीबी मशीनें और 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन एवं खनिज परिवहन में संलिप्त पाई गईं। प्रशासनिक टीम को देखते ही वाहन चालक और संचालक वाहन लेकर जंगल की ओर भागने लगे, लेकिन टीम ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा कर सभी वाहनों को पकड़ लिया। इसके बाद सभी 02 जेसीबी और 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली को नियमानुसार जब्त करते हुए थाना बहेड़ी की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन ने बताया कि दो दिन पूर्व भी तहसील सदर क्षेत्र के थाना सुभाषनगर में अवैध खनन में लिप्त 01 जेसीबी को सीज किया गया था। इन सभी प्रकरणों में संबंधित वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 10 लाख से अधिक का अर्थदंड प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने बताया कि दो दिन पूर्व भी तहसील सदर क्षेत्र के थाना सुभाषनगर में अवैध खनन में लिप्त 01 जेसीबी को सीज किया गया था। इन सभी प्रकरणों में संबंधित वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 10 लाख से अधिक का अर्थदंड प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कानों में बजती आवाज़ें कब बनती हैं चिंता का कारण, कब ज़रूरी है डॉक्टर से सलाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

- टिनिटस लंबे समय तक रहे तो सुनने की क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर डाल सकता है असर

**बरेली।** कानों में घंटी, भिनभिनाहट, सीटी या गूंज जैसी आवाजें सुनाई देना, जबकि आसपास कोई वास्तविक आवाज़ न हो, एक सामान्य समस्या है जिसे चिकित्सकीय भाषा में टिनिटस (Tinnitus) कहा जाता है। कई लोगों को यह परेशानी कभी-कभार होती है और अपने आप ठीक भी हो जाती है, लेकिन यदि यह बार-बार हो या लंबे समय तक बनी रहे तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. संदीप अरोड़ा के अनुसार टिनिटस कोई बीमारी नहीं, बल्कि किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या का संकेत है। तेज आवाज़ में लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल, शोरभरे माहौल में काम करना, बढ़ती उम्र के साथ सुनने की कमजोरी, कान में मैल या संक्रमण इसके आम कारण हैं। मानसिक तनाव भी इस समस्या को बढ़ा सकता है। इसके अलावा उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, थायरॉयड विकार, कुछ दवाइयां और कान या नर्व से जुड़ी समस्याएं भी



टिनिटस का कारण बन सकती हैं। इसके साथ सुनने में कमी, चक्कर, नींद की परेशानी और चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। डॉ. अरोड़ा का कहना है कि यदि टिनिटस अचानक शुरू हो, केवल एक कान में हो, सुनने की क्षमता घटे या तेज चक्कर आएं, तो तुरंत ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। समय पर जांच और उपचार से समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

## सार संक्षेप



### आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी का प्रदर्शन

**बरेली।** धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कथित टिप्पणी के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने पैगम्बर हजरत मुहम्मद और उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की शान में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन मंडल प्रवक्ता एवं जिला महासचिव एडवोकेट अकील उद्दीन के नेतृत्व में सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट वसी अहमद, प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद, जिला अध्यक्ष अतीक करम इदरीसी, 122 विधानसभा फरीदपुर के प्रत्याशी दीपेश भारती सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी नेताओं ने कहा कि भारत सभी धर्मों और आस्थाओं के सम्मान का देश है। किसी भी धर्म के पूजनीय व्यक्तित्वों के प्रति अमर्यादित भाषा सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती है, इसलिए प्रशासन को निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट वसी अहमद ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करना नहीं है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि समाज में शांति और भाईचारा बना रहे। मंडल प्रवक्ता एडवोकेट अकील उद्दीन ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है, जिससे भविष्य में इस तरह की भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगे। प्रदेश संगठन मंत्री मुख्तार अहमद और जिला अध्यक्ष अतीक करम इदरीसी ने कहा कि किसी भी धर्म के सम्मानित व्यक्तित्वों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। वहीं दीपेश भारती ने सोशल मीडिया के दौर में जिम्मेदारी बढ़ने की बात कहते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

### एमएसपी पर मक्का खरीद न होने से भड़के किसान



**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 15 जून से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का खरीद शुरू किए जाने की घोषणा के बावजूद बदायूं में अब तक खरीद केंद्र चालू न होने से किसानों में गहरा रोष है। इसी को लेकर किसान एकता संघ के बैनर तले किसानों ने क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान एकता संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहले दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए, जहां से नारेबाजी करते हुए विपणन कार्यालय पहुंचे। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के मौके पर न होने पर जिला विपणन अधिकारी अतुल वशिष्ठ ने किसानों की समस्याएं सुनीं। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने कहा कि मक्का खरीद में देरी के कारण किसान मजबूरी में अपनी उपज निजी व्यापारियों को बेच रहे हैं। व्यापारी 1400 से 1500 रुपये प्रति कुंतल के कम दामों पर मक्का खरीद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब तक मक्का खरीद केंद्र शुरू नहीं होते, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कार्यालय में धरना भी दिया। बाद में अधिकारियों द्वारा अगले दिन तक केंद्र चालू कराने का आश्वासन दिए जाने पर किसान शांत हुए और ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त किया।

# बरेली कॉलेज में बीएड की परीक्षा के दौरान पकड़ा नकलची

**बरेली।** बरेली कॉलेज में गुरुवार को बीएड परीक्षा के दौरान एक छात्र के पास नकल मिली। इसके अलावा बड़ी तादाद में नकल छिपाकर लाए छात्र-छात्राएं कॉलेज गेट पर ही चेकिंग में पकड़े गए। बरेली कॉलेज में गुरुवार को शहर के अलग-अलग कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की बीएड की परीक्षा शुरू हुई। बीएड प्रथम वर्ष के करीब 1900 छात्र-छात्राएं एक साथ बरेली कॉलेज में परीक्षा दे रहे हैं। गेट पर चेकिंग के दौरान ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। कमरा संख्या 18 में चेकिंग टीम को एक परीक्षार्थी नकल करता पकड़ा गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# आबादी के बीच सड़क किनारे लगा ट्रांसफार्मर बना खतरा

### बीसलपुर रोड पर वर्षों से हटाया नहीं गया ट्रांसफार्मर, स्थानीय लोगों में दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की प्रमुख सड़क पीलीभीत बाइपास के पास बीसलपुर रोड पर स्थित आशीष रॉयल टॉवर (मल्टीस्टोरीड प्रोजेक्ट) के नजदीक सड़क किनारे लगा बिजली का ट्रांसफार्मर स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरे का कारण बनता जा रहा है। यह ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग द्वारा कई वर्षों पहले लगाया गया था और आज भी चालू हालत में है। ट्रांसफार्मर के चारों ओर बड़े-बड़े पौधे उग आए हैं, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले यहां कब्र बिरजू के



जोड़े (जंगली जानवर) को भी देखा गया था। आसपास घनी आबादी होने के कारण बच्चों और राहगीरों के लिए यह स्थिति और भी जोखिम भरी हो गई है। बताया गया कि ट्रांसफार्मर में आए दिन आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो जाता है और अफरातफरी का माहौल बन जाता है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर को सड़क मार्ग से हटाने या सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की सूचना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# सम्पत्ति कर विभाग पूरी तरह डिजिटल, नगर निगम बरेली ने शुरू कीं नई ऑनलाइन सुविधाएँ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और कैशलेस सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम बरेली ने सम्पत्ति कर विभाग में व्यापक डिजिटलीकरण लागू किया है। इसके तहत कई डिजिटल सेवाएँ शुरू कर दी गई हैं, जबकि कुछ नई सुविधाएँ जल्द ही आमजन के लिए उपलब्ध होंगी। नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम (PTMS) लागू किया गया है, जिससे नागरिक घर बैठे या किसी भी स्थान से अपना सम्पत्ति कर जमा कर सकते हैं।

इस सिस्टम के माध्यम से UPI, भारत क्यूआर, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड से भुगतान की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही NEFT और RTGS के जरिए



भी कर भुगतान की व्यवस्था की गई है, जिसमें भुगतान होते ही संबंधित कर बिल स्वतः अपडेट हो जाता है। कर संग्रह को और आसान बनाने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों को 100 POS मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे घर-घर जाकर कर बिल उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल भुगतान भी स्वीकार कर रहे हैं। इससे नागरिकों को नगर निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा ई-नगरसेवा पोर्टल पर ऑनलाइन नामांतरण (म्यूटेशन) की सुविधा शुरू की गई है।

आने वाले समय में गूगल पे पर वेरिफाइड बिजनेस सेवा, व्हाट्सएप चैटबॉट और नॉन-टैक्स सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम भी शुरू किया जाएगा। नगर निगम का कहना है कि यह पहल डिजिटल इंडिया और स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




**व्यवस्था** सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक भारी वाहनों की नो-एंट्री

# मोहर्रम पर शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को निकलने वाले जुलूसों और शहर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष डायवर्जन योजना लागू की है। यह व्यवस्था सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।




एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान ने बताया कि झुमका तिराहे से मिनी बाईपास की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहन ट्यूलिया अंडरपास से गुजरेंगे। दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर की ओर से आने वाले वाहन बिल्वा पुल, इज्जतनगर, डेलापीर, विलयधाम और बैरियर-2 होकर शहर में प्रवेश करेंगे। यही मार्ग बरेली से दिल्ली, नैनीताल, पीलीभीत और शाहजहांपुर जाने वाले वाहनों के लिए भी निर्धारित किया गया है।

इन्वर्टिस तिराहे से सेटेलाइट बस स्टेशन की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बसों को विलयधाम और बैरियर-2 होते हुए भेजा जाएगा। रेलवे स्टेशन और गांधी उद्यान जाने वाले वाहन सौ फुटा रोड, डेलापीर और श्यामतगंज पुल से जाएंगे। बरेली से बदायूं जाने वाले भारी वाहन डेलापीर, विलयधाम, फरीदपुर और बुखारा मोड़ होकर गुजरेंगे। पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# एकादशी पर रामगंगा में स्नान के दौरान आठ साल के बच्चे की डूबने से मौत

**बरेली।** एकादशी के अवसर पर फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र स्थित रामगंगा नदी के रामगंगा घाट नगरिया कला पर उस समय कोहराम मच गया, जब स्नान के दौरान एक आठ वर्षीय बालक नदी में डूब गया। इलाज के लिए ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम जिगनिया निवासी रामनिवास कश्यप गुरुवार सुबह अपनी पत्नी विनीता, आठ वर्षीय बेटे मोनू और डेढ़ वर्षीय बेटी अंशिका के साथ रामगंगा घाट पहुंचे थे। परिवार बेटी अंशिका का मुंडन संस्कार कराने आया था। सुबह करीब नौ बजे सभी लोग एक साथ नदी में स्नान कर रहे थे। स्नान के बाद रामनिवास और उनकी पत्नी बाहर निकल आए, लेकिन कुछ ही पलों में बेटा मोनू उनकी नजरों से ओझल हो गया। बेटे को न देख परिजन घबरा गए और शोर मचाया। घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत नदी में तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद मोनू को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और खुशी का माहौल पल भर में गम में बदल गया।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242

## एक नजर

### आजम खां के मुकदमों की टली सुनवाई

**रामपुर।** अदालतों में गुरुवार को हड़ताल रही। जिस कारण आजम खां से जुड़े कई मुकदमों में सुनवाई नहीं हो सकी।अब इन सभी मामलों में अलग-अलग तारीख नियत की गई है। सभी मामलों 9 जुलाई और 17 अगस्त तक नियत की गई। सपा सरकार जाने के बाद आई भाजपा सरकार ने आजम खां और उनके करीबियों पर कई मुकदमे दर्ज कराई है। जिसमें लगातार सुनवाई चल रही है। गुरुवार को आजम खां,अब्दुल्ला आजम,अजहर खां,आदि के मामलों में हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। जिसमें मशीन चोरी,डूंगरपुर खुशबू गार्डन,जौहर विवि में बनाए गए ओवरटैंक और किले के अंदर बनाई गई नगरपालिका की मार्केट सहित अन्य मामलों में सुनवाई होना थी। इन मामलों में अब नौ जुलाई से लेकर 17 अगस्त तक की तारीख नियत की गई है।

### निर्जला एकादशी पर कार्यक्रम आयोजित

**रामपुर।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गौ सेवा गोपाल सेवा समिति द्वारा वृद्धाश्रम में सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठजनों के साथ निर्जला एकादशी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों को प्रसाद स्वरूप शीतल जल, आम, गुलाब जामुन एवं समोसे वितरित किए गए। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इस अवसर पर रोहित जोशी एवं श्रीमती बलजीत कौर का जन्मदिवस भी वरिष्ठजनों के बीच सादगी एवं उत्साह के साथ मनाया गया। दोनों ने केक काटकर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उनके साथ अपने जन्मदिन की खुशियां साझा कीं।

# पूर्व विधायक और चेयरमैन पति सहित पांच कांग्रेसी दोषी करार

## पुतला फूंकने के आरोप में कोर्ट ने डाला 3100 का जुर्माना, थाना सिविल लाइंस प्रवीन कटियार ने कराया था मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को सरकार का पुतला फूंकने के मामले में कोर्ट ने पूर्व विधायक और चेयरमैन पति सहित पांच कांग्रेसियों को दोषी करार देते हुए सभी पर 3100 का जुर्माना डाला है। उसके बाद सभी को बरी कर दिया गया है। 19 जुलाई 2019 को थाना सिविल लाइंस प्रवीन कटियार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि वह आतंकवादी पेशी के दौरान पुलिस फोर्स के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। जबकि धारा 144 भी लागू थी। इस दौरान कुछ कांग्रेसी हाथ में सरकार का पुतला लेकर जुलूस की शक्ल में फैमिली चौराहे पर आए। उसके बाद नारे लगाते हुए सरकार का पुतला फूंका। दरोगा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पूर्व विधायक संजय कपूर, आसिफ हसन,अदनान,मुती उर रहमान बब्लू नोमान खां एकलव्य वाल्मीकि,अरशद गुड्डू चेयरमैन मामून शाह सहित आठ दस अज्ञात कांग्रेसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।


फैसला सुनने के बाद न्यायालय से बाहर आते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही थी।इस मामले में दरोगा सहित छह गवाह हुए। अदालत ने गुरुवार को संजय कपूर, अदनान,नोमान, एकलव्य वाल्मीकि, मामून शाह सहित पांच कांग्रेसियों पर 450-450 रुपये का जुर्माना डाला। उसके सभी को छोड़ दिया।

## तेंदुए की तलाश में पहुंचे डीएफओ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** चौहद्दा क्षेत्र के जंगल में तेंदुए और उसके शावकों की लगातार मिल रही गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। गुरुवार को जिला वन अधिकारी डीएफओ प्रणव जैन टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तेंदुए की लोकेशन ट्रेस करने के निर्देश दिए।

साथ ही वन कर्मचारियों को शीघ्र पिंजरा लगाने और उसमें चारा के रूप में बकरी बांधने के आदेश दिए। डीएफओ प्रणव जैन वन दरोगा अतुल कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ कोसी नदी किनारे चौहद्दा क्षेत्र में पहुंचे।तेंदुए और उसके शावकों की गतिविधियों की जानकारी ली।वन विभाग की टीम को प्रभावित क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने संभावित ठिकानों का निरीक्षण कर तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने की रणनीति पर भी चर्चा की।गौरतलब है कि दो दिन पूर्व तेंदुए ने बाइक सवार राहगीरों पर हमला करने का प्रयास किया था। इसके अलावा वह कई जंगली पशुओं को भी अपना शिकार बना चुका है। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल है।किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं और लोगों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने, अकेले खेतों की ओर न जाने तथा तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल विभाग को सूचना देने की अपील की है। डीएफओ ने भरोसा दिलाया कि तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## कैलाश मानसरोवर से सकुशल यात्रा करके घर लौटे दीपांशु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** गुरुवार को कैलाश मानसरोवर से सकुशल यात्रा करके घर लौटे दीपांशु गुप्ता का नगर पहुंचने पर परिजनों और क्षेत्रवासियों ने धूमधाम से स्वागत किया।बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। परिजनों के साथ विशेष रूप से ढोल-नगाड़ों की व्यवस्था की गई थी। स्वागत में जुटे लोगों ने युवक को फूल-मालाओं से लाद दिया।

इस दौरान उन्होंने अपनी यात्रा का अनुभव लोगों से साझा किया।नगरवासियों ने बताया कि कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण मानी जाती है और इसको करने के बाद व्यक्ति को कैलाशी के नाम से जाना जाने लगता है और उनके क्षेत्र के युवक ने इस यात्रा को पूरा कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे मिलक क्षेत्र का नाम रोशन किया है। युवक ने अपनी इस सफल यात्रा के लिए भगवान शिव का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि उनका यह 15 साल का सपना था।जो अब जा कर पूरा हुआ है।वह बीते 10 जून को घर से दिल्ली उसके बाद काठमांडू उसके बाद नेपाल से उन्होंने तिब्बत बॉर्डर क्रॉस किया।उन्होंने इस यात्रा के लिए पांच महीने पहले वीजा अपलाई किया था। इस यात्रा में उन्होंने अपने परिवार का बहुत बड़ा सहयोग बताया। उनके यात्रा पूरी करकें आने पर परिजनों में हर्ष का माहौल है।


मिलक में दीपाशु का स्वागत करते परिजन।

## फव्वारा क्लब ने फाइनल में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में फव्वारा क्लब ने नेहरू क्लब को 5-1 के गोल के अंतर से मैच हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के पहले हाफ से ही दोनों टीमों ने एक दूसरे के विरुद्ध ताबड़तोड़ हमले करना शुरू किए। कड़ी टक्कर दी जिसमें फव्वारा कलब के सेंटर फॉरवर्ड नफीस ने मैच के 22 वें मिनट, और 25 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिलाई। पहले हाफ के खेल तक फव्वारा क्लब दो गोल से आगे रहा।दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष रहा। फव्वारा क्लब के खिलाडी नफीस ने 36 , वें मिनट में एक और गोल किया। जवाब में नेहरू क्लब के खिलाड़ी अरफात ने खेल के 40 वें मिनट में गोल किया फिर फव्वारा क्लब के आतिफ ने दो गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी।


मुख्य अतिथि के साथ मौजूद विजयी टीम। -जागरण मोर्चा

इस तरह फव्वारा क्लब ने 5-1 से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।फव्वारा क्लब के खिलाड़ी 3 गोल करने वाले नफीस को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेटर हाजी बशर और कारी नदीम द्वारा दिया गया।मैच के मुख्य अतिथि हाजी मुबीन रहे। मैच रेफरी सगीर राहत अली, लाइन मैन ताहिर बफन और आसिफ रहे।स्कोरिंग की भूमिका कारी रिजवान ने निभाई।कमेंट्रेटर मुहम्मद सईद सागर और जहीर जिया रहे। इस अवसर पर आयोजक रिजवान कुरेशी, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन, शोएब माई जान,मोहम्मद आसिफ, महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, वासी खान, मोइन अली, अलकमा अमान और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।फाइनल मैच यंगमैन क्लब और फव्वारा क्लब के बीच 26 जून शुक्रवार को खेला जाएगा।

## कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगाए जाने को एसोसिएशन का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कफ सिरप की बिक्री की रोकथाम को इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन मंत्री जुनैद पाशा ने कहा कि फार्मासिस्ट को ओटीसी श्रेणी की सिरप भी नहीं बेचने दी जा रही है, जिससे मरीजों को सामान्य खांसी-जुकाम जैसी मामूली बीमारी में भी भारी परेशानी हो रही है। समुदाय पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं आम जनता को होने वाली असुविधा को प्रमुखता से उठाया गया।

गुरूवार को इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी एकत्र होकर कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने कफ सिरप पर लगाए गए अव्यवहारिक प्रतिबंध, ओटीसी सिरप की बिक्री पर रोक के आदेश का कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन देने वालों में संगठन मंत्री जुनैद पाशा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जमशेद पाशा, जिला अध्यक्ष हितेश कुमार, जिला महासचिव मिर्जा कासिम बेग, जिला प्रभारी गेंदनलाल, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद दानिश, जिला अध्यक्ष, छात्र प्रकोष्ठ राजू, जिला कोषाध्यक्ष पिंकू सैनी, जिला सचिव शिशपाल सैनी, जिला सचिव अंसार हुसैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनवीर, धर्मेंद्र, दीपेश कुमार, जगदीश राजपूत, प्रमोद, राजकुमार, फाजिल सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**योजना** — बड़ा गांव में 10 लाख के वित्त पोषण से खड़ी हुई कुल्हड़ फैक्ट्री

# 350 कुम्हारों को मिले फ्री इलेक्ट्रिक चाक, 19 नई इकाइयों से सैकड़ों को मिला रोजगार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के कुम्हारों और प्रजापति समाज के लिए स्वरोजगार की नई इबारत लिख रही है। वर्ष 2019-20 में शुरू हुई इस योजना ने न केवल विलुप्त हो रही पारंपरिक माटी कला को संजीवनी दी है, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेंद्र सिंह द्वारा साझा किए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 350 से अधिक कारीगरों को निशुल्क इलेक्ट्रिक चाक (टूलकिट) बांटे जा चुके हैं। वहीं, बड़े स्तर पर उत्पादन के लिए जिले में अब तक 19 नई इकाइयां स्थापित की गई हैं। योजना का जमीनी असर यह है कि अब पारंपरिक कुम्हार आधुनिक ओवन तकनीक से कुल्हड़ और दीये बनाकर अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा रहे हैं और दर्जनों अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं।योजना का सबसे बेहतरीन और जमीनी असर शाहबाद के पास स्थित 'बड़ा गांव' में देखने को मिल रहा है। यहां के लाभार्थी भूरा हुसैन ने 10 लाख रुपये के सरकारी वित्त पोषण (लोन) से एक शानदार माटी कला यूनिट शुरू की है। इस यूनिट में पारंपरिक भट्ठी की जगह आधुनिक ओवन तकनीक से कुल्हड़ पकाए जा रहे हैं। स्वरोजगार की यह मिसाल इसलिए भी खास है क्योंकि इस एक यूनिट से ही गांव के 16 से 17 स्थानीय कारीगरों को सीधा रोजगार मिल रहा है।



माटी कला टूलकिट्स वितरण योजना के तहत जनपद में हर साल 35 से 40 कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक बांटने का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक जिले में 350 प्रजापति परिवारों को यह आधुनिक चाक दिए जा चुके हैं। ग्रामोद्योग विभाग केवल उपकरण बांटकर पल्ला नहीं झाड़ता, बल्कि टूलकिट सौंपने से पहले सभी लाभार्थियों को नजीबाबाद स्थित मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र में तीन दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। वहां से प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही उन्हें चाक दिया जाता है। इस योजना ने कुम्हार परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारी है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी 2 से 5 प्रतिशत के करीब दर्ज की गई है। कारीगरों के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपनी मेहनत और माल की सही कीमत पाना होती है। इसे दूर करने के लिए स्थानीय स्तर पर ओडीओपी और मंडल स्तरीय प्रदर्शनियों में कारीगरों को उत्पाद बेचने के लिए जगह दिलाई जाती है। कुम्हारों को सबसे बड़ी आर्थिक राहत दीपावली के समय मिलती है। रामपुर में लाखों की संख्या में तैयार होने वाले दीयों की बिक्री के लिए विभाग कुम्हारों को तीन से पांच दिन के लिए मुफ्त टेंट और स्टॉल आवंटित करता है। सदर विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगने वाले इन स्टॉलों के कारण बिचौलियों का दखल खत्म हो गया है और कुम्हारों को उनकी मेहनत का पूरा मुनाफा सीधे उनकी जेब में मिल रहा है।

### कोरोना की बाधा के बावजूद लक्ष्य से आगे निकला विभाग

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित इस योजना के तहत जनपद रामपुर को प्रतिवर्ष चार इकाइयां स्थापित कराने का लक्ष्य मिला था। योजना 2019-20 में शुरू तो हुई, लेकिन कोविड-19 महामारी की वजह से तीन साल तक नई इकाइयों की स्थापना का कार्य पूरी तरह बाधित रहा। अगर इन तीन सालों को हटाकर केवल सक्रिय चार वर्षों का आंकड़ा देखा जाए, तो जिले में कुल 16 इकाइयां स्थापित होनी चाहिए थीं। इसके उलट, विभाग ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अब तक 19 इकाइयां स्थापित कर ली हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है।

## सार संक्षेप

### रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर खेड़ा में बच्चों के विवाद को लेकर हुई रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर एक महिला और उसे बचाने आए पड़ोसियों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अहमदनगर खेड़ा निवासी संजय पुत्र अमरसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 जून की रात करीब 9 बजे पड़ोस के ही पप्पू, अनिल और मिथुन लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने पूर्व में बच्चों के बीच हुई कहासुनी को लेकर संजय की मां कमला देवी के साथ गाली-गलौज शुरूकर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर बचाने आए पड़ोसी नेमचंद, विनोद और नन्हे को भी दबंगों ने बेरहमी से पीटा। हमले में कमला देवी और नेमचंद गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही बेहोश हो गए। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि घायलों को तुरंत जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरूकर दी है।



पहाड़ी गांव स्थित फेयर एक्सपोर्ट में मशीन से जांच करते कर्मचारी।

### फेयर एक्सपोर्ट में 82 कर्मियों की कराई गई स्क्रीनिंग

**रामपुर।** केमरी रोड स्थित पहाड़ी गांव में फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड में 100 दिवसीय टीबी रोगी खोज अभियान के अन्तर्गत हैंड हैल्ड मशीन द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीबी रोग के शीघ्र पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग की गई। गुरुवार को 82 कर्मचारियों की हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन द्वारा स्क्रीनिंग की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश ने बताया एक्सरे जांच की प्रक्रिया, उपकरणों की कार्य प्रणाली, स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि सभी कर्मचारियों की जांच निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाए। फैक्ट्री मे निरुद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी अत्यन्त आवश्यक है। हैंड हैल्ड मशीन से फेफड़ों में किसी भी संक्रमण को शीघ्र पता करने की क्षमता होती है। जिसकी रिपोर्ट तुरन्त प्राप्त कर ली जाती है। टीबी के संदिग्ध मरीज के बलगम की जांच के लिए नमूना भेज दिया जाता है। हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन बैटरी ऑपरेटेड मशीन होती है जिसे कही भी ले जाकर जांच की जा सकती है। समस्त कर्मचारियों की स्क्रीनिंग के उपरान्त संदिग्ध व्यक्तियों के बलगम की जांच भी की जाएगी।

### विवाहिता ने कराया पति समेत कई पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति, देवर और अन्य पर दहेज की मांग, मारपीट तथा उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।महिला का विवाह 10 मार्च 2024 को बदायूं जनपद के बिसौली क्षेत्र निवासी अनिल उर्फ रिंकू पुत्र कन्हैयालाल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह में परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि विवाह के कुछ माह बाद ही पति अनिल उर्फ रिंकू, उसके भाई प्रेमपाल उर्फ टिंकू, अंकित तथा अन्य परिजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे लग्जरी कार लाने का दबाव बनाते थे और मांग पूरी न होने पर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और एक बार उसे मासूम बच्चे सहित घर से निकाल दिया गया। बाद में समझौते का भरोसा देकर उसे वापस बुला लिया गया, लेकिन कथित रूप से उत्पीड़न जारी रहा।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पिता से समझौते के नाम पर 80 हजार रुपये लिए गए, फिर भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि पति ने दूसरी शादी करने की बात भी कही तथा दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे रास्ते से हटाने की धमकियां दी गईं। 22 दिसंबर 2025 को वह अपने बच्चे सहित मायके आ गई थी। इसके बाद होली 2026 के दौरान पति और अन्य लोग उसके घर पहुंचे और दोबारा दहेज की मांग को लेकर विवाद किया। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई तथा बच्चे को छीनने का प्रयास भी किया गया। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।महिला ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने के आरोपों में कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पुलिसकर्मी से अभद्रता और फायरिंग का आरोप

**स्वार।** घरेलू कलह के चलते जीजा द्वारा साले को गोली मारकर घायल करने के मामलें नया मोड़ आ गया है। एक महिला पुलिसकर्मी ने आरोपी युवक पर ड्यूटी के दौरान अभद्रता, सरकारी कार्य में बाधा डालने और फायरिंग करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। महिला आरक्षी ने पुलिस अधीक्षक को भेजी शिकायत में बताया कि 19 जून को दोपहर पीआरवी को एक व्यक्ति द्वारा फोन पर गोली मारने की धमकी देने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता से पूछताछ की। इसी दौरान आरोपी वसीम का घर पास होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम वहां जाने लगी।आरोप है कि तभी आरोपी युवक अपनी थार गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गया।हंगामा करने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे समझाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया, लेकिन उसने अभद्रता शुरू कर दी। महिला आरक्षी का आरोप है कि रोकने का प्रयास करने पर आरोपी ने थार से उतरकर पिस्टल निकाल ली और दो राउंड फायर कर दिए। शिकायत में महिला पुलिसकर्मी ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके साथ धक्का मुक्की और अभद्र व्यवहार किया, जिससे वह गिरकर चोटिल हो गईं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने नगर पंचायत नरपतनगर निवासी आरोपी वसीम के खिलाफ संबंधित धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

### तालाब में गिरी नीलगाय का सुरक्षित रेस्क्यू

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बजाबला के पास उस समय हड़कंप मच गया। जब एक जंगली नीलगाय स्थानीय भाषा में लीला अचानक अनियंत्रित होकर गांव के पास बने एक गहरे तालाब में गिर गया। तालाब में दलदल और गहरा पानी होने के कारण बेजुबान जानवर खुद बाहर निकलने में असमर्थ था। ग्रामीणों की सूचना पर अजीमनगर थाना पुलिस और पशुपालन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम डाक्टर अतुल पुष्कर के सहयोगी सुजात अली ने कड़ी मशक्कत के बाद नीलगाय को सुरक्षित तालाब से बाहर निकाल लिया।तालाब से बाहर निकालने के बाद पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने नीलगाय का प्राथमिक उपचार (ट्रीटमेंट) किया। पूरी तरह स्वस्थ होने की पुष्टि के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।



**90 मीटर की पुल की लंबाई पर होगा 70 लाख रुपये से मरम्मत कार्य**

# 5 जुलाई तक रास डांडिया पुल पर बंद रहेगा आवागमन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अंग्रेजों के जमाने के बने पुलों की हालत लोनिवि के अधिकारियों ने संभालना शुरू कर दी है। जिससे कि लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

बड़ाखास से 8 किलोमीटर की दूरी पर बना रास डांडिया पुल पर आवागमन 5 जुलाई तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। यह पुल काफी जर्जर हो गया है और इसके जगह-जगह से ज्वाइंट खुल गए हैं। इसकी मरम्मत लोक निर्माण विभाग ने करानी शुरू कर दी है। रास डांडिया पुल की मरम्मत करीब 50 वर्षों के बाद कराई जा रही है।



रास डांडिया पुल पर बेयरिंग को बदलने का कार्य करते मजदूर। -जागरण मोर्चा

पुल की स्थिति यह है कि नीचे लगे बेयरिंग खराब हो चुके है जिसकी वजह से जगह-जगह के ज्वाइंट खुल गए है। इसके अलावा पुल पर मेस्टिक का कार्य भी कराया जाएगा। सहायक अभियंता हरि सिंह टौलिया ने बताया कि यह पुल 16 जून से 5 जुलाई तक के लिए पूर्ण रूप से बंद है।

पुल की चौड़ाई सात मीटर है लेकिन जितने हिस्से में मरम्मत कार्य कराया जा रहा है उसकी लंबाई 90 मीटर है। मरम्मत कार्य करीब 70 लाख रुपये से कराया जा रहा है। अभी तो पुल के ज्वाइंटों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। इसके बाद पुल पर मेस्टिक कार्य का कार्य जाएगा।

### लोनिवि के अधीन जनपद में कुल है 75 पुल

जनपद में कुल 75 पुल है। जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी लोनिवि विभाग की है। 29 छोटे-बड़े पुल निर्माण खंड के पास, 46 पुल छोटे-बड़े पुल प्रांतीय खंड के अधीन है। पिछले दिनों राम रहीम पुल की मरम्मत कराए जाने को शहर विधायक ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जहां से मंजूरी मिलने के बाद पुल पर कार्य कराया गया। अब प्रांतीय खंड की ओर से अटारिया चौकी से जौहर यूनिर्वसिटी वाले पुल पर कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा सैजनी, रास डांडिया पुल पर भी मरम्मत का काम हो रहा है।

## चेकिंग में मिली आग से बचाव के प्रबंधनों में भारी कमियां

**शाहबाद।** लखनऊ के एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे के बाद शाहबाद में भी अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर आ गया है। विभाग ने नगर के कोचिंग सेंटरों में निरीक्षण अभियान चलाया। जिसमें सुरक्षा मानकों को लेकर भारी लापरवाही सामने आई है। निरीक्षण के दौरान नगर के ढकिया रोड स्थित बर्लियंट कोचिंग सेंटर में आग से बचाव के प्रबंधनों में गंभीर अनियमितताएं और कमियां पाई गईं। सुरक्षा उपकरणों और आपातकालीन रास्तों के पुख्ता इंतजाम न होने पर विभाग ने कड़ी नाराजगी जताई है। अग्निशमन विभाग अब इस लापरवाही को लेकर ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर को औपचारिक नोटिस भेजने की तैयारी में जुट गया है।इसके साथ ही, संस्थान के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम शाहबाद और जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर को विस्तृत रिपोर्ट के साथ पत्र भेजा जा रहा है। जांच को शाहबाद पहुंचे प्रभारी एसएचओ का साफ कहना है कि छात्रों की जान से खिलवाड़ करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा और कसा जाएगा। जांच में ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर में कई अनियमितताएं पाई गई है। नोटिस की तैयारी की जा रही है।

## सार संक्षेप



अभियान को लेकर बैठक लेतीं सीएमओ। -जागरण मोर्चा

### 28 से घर-घर जाकर पिलाई जाएगी बच्चों को पोलियो

**रामपुर।** आगामी 28 से 30 जून तक जनपद में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। प्लस पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को बूथ एक्टिविटी के तहत और 29 व 30 जून को घर-घर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि जनपद में 28 जून से अभियान शुरू हो रहा है अभियान में 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पल्स पोलियो पिलाई जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पोलियो रोधी दवाई दी जानी है। इसके अतिरिक्त अति संवेदनशील एरिया जैसे झुग्गी झोपडी, भट्ठ, निर्माणाधीन भवनों इत्यादि पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिये मोबाइल टीम लगाई गई है और बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पोलियो रोधी दवाई पिलाने के लिए टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर पोलियो पिलाई जाएगी। इसको लेकर विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी है।

### विद्युत टीम से मारपीट का आरोप

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के करेथी गांव में बिजली के बिल जमा करने को लेकर बकायेदारों के पास गई विद्युत टीम से मारपीट के आरोप लगे है। लाइनमैनों की ओर कार्रवाई के लिए शाहबाद थाने पर तहरीर दी गई। पुलिस ने एक आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया है। कोतवाल प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि करेथी गांव में लाइनमैनों के साथ मारपीट के मामले में तहरीर आई है, जांच की जा रही है। एक का शांतिभंग में चालान किया गया है।



जगेसर गांव में ताजियेदारों संग बैठक करते सीओ देवकीनंदन। -जागरण मोर्चा

### जगेसर में सीओ ने ताजियादारो संग की बैठक

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के जगेसर गांव में अलम के जुलूस में ढोल बजाने को लेकर पनपे विवाद का निपटारा करने के बाद पुलिस गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद सतर्कता बरत रही है। जिसके चलते एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात है। गुरुवार को सीओ देवकीनंदन ने गांव के पंचायत घर में ताजियेदारों संग बैठक कर मोहर्रम के जुलूस को लेकर चर्चा की। बैठक में तय रूट के बारे में चर्चा की।जगेसर गांव में शुक्रवार को मोहर्रम का जुलूस निकलेगा, जुलूस गांव की मस्जिद से शुरू होकर परंपरागत रूट से होते हुए कर्बला तक पहुंचेगा। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार ताजिये दार शाम 6 बजे तक समाप्त हो जाएगा। सीओ देवकीनंदन ने बताया कि गुरुवार को ताजिये दारों से मोहर्रम के जुलूस को लेकर चर्चा की गई। जुलूस परंपरागत रूट से गुजरेगा। जगेसर गांव में दो ताजिए उठते है, दोनों के ताजिये दारों को बुलाकर व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। अब किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं है।



गांधी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते राजनयिक। -जागरण मोर्चा

### रामपुर की कला-संस्कृति और धरोहरों से रूबरू हुए पांच देशों के राजदूत, राजदूतों का नूर महल में स्वागत

**रामपुर।** कला-संस्कृति और धरोहरों से रूबरू होने के लिए पांच देशों रोमानिया, चिली, उजबेकिस्तान, एस्टोनिया और आयरलैंड के राजदूत पहुंचे। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के बुलावे पर यहां आए राजनयिकों का नूर महल में फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। राजनयिकों ने ऐतिहासिक जामा मस्जिद देखी। इमामबाड़ा किला और ख़ासबाग में हाजिरी पेश कर शमा रौशन की। राजनयिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित किए तथा उनके सत्य, अहिंसा और मानवता के आदर्शों को नमन किया।रामपुर पहुंचीं रोमानिया की राजदूत सना लतीफ़ ने कहा कि भारत और रोमानिया के बीच व्यापार, संस्कृति और रक्षा के क्षेत्र में संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। चिली गणराज्य के राजदूत जुआन रोलैंडो अंगुलो मोंसाल्वे ने कहा कि भारत के विकास में चिली माइनिंग, ऊर्जा परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत बहुत अच्छा देश है।उज्बेकिस्तान के राजदूत सरदोर रुस्तम्बायेव ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध काफ़ी बेहतरीन हैं। व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिला है।एस्टोनिया की राजदूत सुश्री मार्जे लूप ने कहा कि वो पहले भी रामपुर आ चुकी हैं। इस शहर की खूबसूरती और मेहमाननवाज़ी बेमिसाल है। रामपुर पहुंचने वाले राजनयिकों में आयरलैंड के राजदूत केविन केली भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में स्थित आयरिश दूतावास पूरे एशिया महाद्वीप में आयरलैंड का सबसे पहला और पुराना दूतावास है, जिसकी स्थापना वर्ष 1964 में हुई थी। राजदूत केविन केली ने कहा कि दोनों देश विमान पट्टे, सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, वित्तीय सेवाओं और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को लगातार मजबूत कर रहे हैं।वर्तमान राजनयिकों के अलावा स्विट्ज़रलैंड में भारत की पूर्व राजदूत मोनिका मोहता और पूर्व राजनयिक मधुप भी साथ रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के अलावा पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, शहर इमाम मौलवी नासिर खां, बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो, नवाबज़ादा हैदर अली खां उर्फ हमज़ा मियां, पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।

### मां-बेटी से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ैयान कली में घर के सामने बैठकर शराब पीने और हुड़दंग मचाने का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटी के साथ घर में घुसकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।ग्राम मड़ैयान कली निवासी आशा देवी पत्नी दौलतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 18 जून की रात करीब 9 :30 बजे गांव के ही सुरेश पुत्र गेंदालाल और आदेश पुत्र जसवंत उनके घर के सामने बैठकर शराब पी रहे थे और शोर-शराबा कर रहे थे। जब आशा देवी ने उन्हें गेट के सामने शराब पीने से मना किया, तो वे गाली-गलौज करते हुए वहां से चले गए।आरोप है कि कुछ ही देर बाद रात करीब 9 :50 बजे दोनों आरोपी गाली देते हुए पीड़िता के घर में जबरन घुस आए। जब आशा देवी और उनकी पुत्री देशवती ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने दोनों को लात-घूसों और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। जाते-जाते आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे गए। पटवाई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ई-पंजीकरण को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

- वकीलों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता बार सभागार में एकत्रित हुए। उसके बाद बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी के नेतृत्व में एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उसके बाद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जिसमें कहा गया कि तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ता दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडर और सभी ईकाइयों की ई पंजीकरण आदेश के खिलाफ कलमबंद हड़ताल व विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।



डीएम को ज्ञापन सौपते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

इस पंजीकरण लागू होने से भी लोग बेरोजगार हो जाएगे। यह गैर कानूनी संस्थाओं व व्यक्तियों द्वारा दस्तावेजों को संपादित किए जाने की संभावना है।

मांग की गई कि आदेश को तत्काल वापस लिया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया,तो बार एसोसिएशन आंदोलन करेगा। प्रदर्शन करने वालों में सतनाम सिंह मट्टू,उस्मान खां,सर्वजीत सिंह,जमीर रिजवी,अब्दुल खालिद आदि मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में स्कूल पहुंचे बच्चे, हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भीषण गर्मी में गुरुवार को बेसिक स्कूलों में बच्चे पहुंचे।जहां कुछ शिक्षकों द्वारा बच्चों रोली-टीका लगाकर, पुष्प वर्षा कर तथा मिष्ठान के रूप में हलवा वितरित करके स्वागत किया। शिक्षक संगठनों ने अवकाश बढ़ाने को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को विद्यालय में छात्र-छात्राओं का पुनः आगमन हुआ। जिसमें विकास खंड चमरौआ के मॉडल प्राइमरी स्कूल पट्टी कल्याणपुर एवं अब्बास नगर विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों का उत्साहपूर्ण



बच्चों का स्वागत करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

एवं पारंपरिक स्वागत किया गया।विद्यालय पहुंचने पर सभी छात्र-छात्राओं का रोली-टीका लगाकर, पुष्प वर्षा कर तथा मिष्ठान के रूप में हलवा वितरित करके स्वागत किया गया। लंबे अवकाश के बाद अपने साथियों एवं शिक्षकों से मिलकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा विद्यालय परिसर एक बार फिर बच्चों की चहक और मुस्कान से गूंज उठा।विद्यालय में पूर्व निर्धारित निर्देशों के अनुसार साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कक्षाओं की व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन तथा अन्य आवश्यक तैयारियां पहले ही पूर्ण कर ली गई थीं। प्रथम दिवस बच्चों को स्वच्छता, नियमित उपस्थिति एवं अनुशासन के प्रति भी जागरूक किया। शिक्षक संगठन लगातार भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय कम करने की मांग उठा रहे हैं।

## एल एन एस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एल एन एस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर द्वारा सिविल लाइंस स्थित केसर डाइन रेस्टोरेंट में अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सर्वप्रथम रीजन चेयरपर्सन आशा भांडा द्वारा ध्वज वंदना कराई। इसके बाद राष्ट्रीय गान और गायत्री मंत्र हुआ तब समयबद्धता निकाली। जिसमें बीना अग्रवाल विजयी रही। इसके बाद पुरस्कार वितरण शुरू हुआ। जिसमें समय से शुल्क जमा करने वाले 43 सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इसके बाद क्लब के चार्टर्ड मेंबर्स नीरू अग्रवाल, रजनी सिंघल, विनीता अग्रवाल,अंशु सिंघल, इंदु अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, मोहिनी पाहवा को सम्मानित किया गया। जिन लोगों ने निस्वार्थ भाव से सेवा के लिए सहयोग दिया रेनू सक्सेना, सुषमा अग्रवाल, सचिव बबीता गुप्ता ,प्रेसिडेंट निर्मल कौर, कोषाध्यक्ष रजनी सिंघल, मधु गुप्ता, विभा मांगलिक, वीरांगना मांगलिक, ज्योति कश्यप आदि को भी सम्मानित किया। नये बने मेंबर राधिका अग्रवाल, राधा गुप्ता, रितिका गुप्ता, अलका चांदीवाला,बीना अग्रवाल, रानी श्रीवास्तव ,ज्योति सैनी और अंजलि जिंदल को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया।एक बच्ची अनुजा की पूरे वर्ष की फीस देने वाले सदस्यों को भी सम्मानित किया। देहरादून अवार्ड सेरेमनी में गए लोगों को भी पुरस्कार दिया गया। सुषमा अग्रवाल ,विभा मांगलिक ,गीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, राधा गुप्ता आदि ने पदाधिकारियों को सराहा। उनके कार्यों के लिए उन्हें अपनी ओर से भेंट दी।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

प्रेसिडेंट निर्मल कौर ने सचिव बबिता गुप्ता कोषाध्यक्ष रजनी सिंघल और रीजन चेयर पर्सन आशा भांडा को उपहार दिए। बबीता गुप्ता और रजनी सिंघल ने भी निर्मल कौर को भेंट देकर विदा किया। जून माह की बर्थ डे वाले मेंबर्स बबीता गुप्ता, बबीता सिंघल, गीता अग्रवाल, निर्मल कौर, अलका चांदी वाला और बाला अग्रवाल ने केक काटा और गिफ्ट लिया, तम्बोला खेला, वन मिनट गेम हुआ।जिसमे नंदिता गोयल प्रथम, रागिनी द्वितीय और राधिका अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन बबीता गुप्ता ने बहुत व्यवस्थित तरीके से किया।

## राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने मोबाइल कोर्ट में सुनीं दिव्यांगजनों की समस्याएं

- अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में दिव्यांगजनों की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शहर स्थित संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उप्र.प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा द्वारा विशेष दिव्यांग न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों ने अपनी समस्याएं राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को सुनाई। इस दौरान कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त शिकायतों में राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगजन पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, सहायक उपकरणों की उपलब्धता तथा मोटराइज्ड ट्राई




कोर्ट में दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनते राज्य आयुक्त। -जागरण मोर्चा

साइकिल प्रदान किए जाने संबंधी प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल रहे।राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके लिए विभागीय अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। राज्य आयुक्त ने रोजगार, शिक्षा, स्वरोजगार, पेंशन, सहायक उपकरण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया। इस दौरान परियोजना निदेशक हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौरव खड़ायत, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प, भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का त्याग अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक: हरीश

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती स्मरण पक्ष 23 जून से 6 जुलाई के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती स्मरण पक्ष केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को समाज तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने बूथ स्तर तक कार्यक्रमों की प्रभावी तैयारी एवं अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने




मंच पर मौजूद जिलाध्यक्ष एवं भाजपाई। -जागरण मोर्चा

पर बल दिया।गंगवार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान की अवधारणा को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर उनके सपनों को साकार किया गया है।कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि स्मरण पक्ष के अंतर्गत बूथ स्तर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें।हरीश गंगवार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा के साथ सफल बनाएं।जिला प्रभारी राजा वर्मा ने बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले पुष्पांजलि कार्यक्रम, कार्यकर्ता सम्मेलन, छात्र सम्मेलन, वृक्षारोपण अभियान एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही सभी मंडलों एवं बूथों पर कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में सुनीता सैनी, हंसराज पप्पू ,विवेक रुहेला, रविंद्र सिंह रवि अर्जुन रस्तोगी, आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, पारुल गुप्ता ,कुंवर बहादुर ,करतार लोधी, दीपक गुप्ता, श्वेता शर्मा, ओमप्रकाश लोधी ,विक्रम सिंह ,रघुवीर जाटव ,कमल सिंह लोधी ,रोहित सैनी, अनु सक्सेना भव्य उप्पल ,सुखदेव, वेद प्रकाश सागर नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवागत सीओ से की मुलाकात

**टांडा।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवागत क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह से शिष्टचार भेंट की औए कुछ समस्याओं पर चर्चा की।व्यापार मंडल के पदाधिकारी गुरुवार को क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंचे और नवागत सीओ प्रीतम पाल सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान पदाधिकारियों ने उनके समक्ष व्यापारियों की कुछ समस्याएं रखीं।सीओ ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष हाजी शकील,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हाजी मुशर्रफ,जिला महामंत्री हाजी अब्दुल समद,युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर, हाजी अली प्रिंस आदि मौजूद रहे।

# कैफे की दूसरी मंजिल पर लगी आग

## अग्निशमन ने पहुंच बुझाई आग, मानक पूरे नहीं होने पर किया कैफे बंद, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारी

- आग की घटना के देखने पहुंचे काफी संख्या लोग

जागरण मोर्चा, कार्यालय


आग बुझने के बाद कैफे की रसोई का निरीक्षण करते सीएफओ।


कैफे पर पहुंच आग बुझाते फायर कर्मी। -जागरण मोर्चा


आग लगने के बाद कैफे संचालक से वार्ता करतीं एसडीएम।

चन्दौसी। स्टेशन रोड स्थित कर्नाटक कैफे की दूसरी मंजिल पर आलू फ्राई करते समय चिमनी में आग लग गई। जिससे कैफे में अफरा-तफरी मच गई और ग्राहक व स्टाफ जान बचाने को कैफे से बाहर आए। सूचना पर अग्निशमन की दो गाड़ी पहुंची और पानी की बौछार मार आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर सीएफओ, एसडीएम, सीओ व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

गुरुवार की शाम 6.15 बजे कर्नाटक कैफे में रोजाना की तरह ग्राहक पहुंचे हुए थे। तभी ग्राहक के आर्डर पर कारीगर दीपक शर्मा दूसरी मंजिल पर रसोई घर में पहुंच आलू फ्राई कर रहा था। उसने बताया कि तभी अचानक आग गुबार निकला और ऊपर चिमनी ने आग पकड़ ली। जिससे वह भयभीत होकर नीचे की ओर शोर मचाता हुआ भागा। जिससे कैफे में मौजूद ग्राहक व स्टाफ में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया और सभी अपनी जान बचाने को कैफे से बाहर आ गए। तभी पड़ोसी अग्निशमन यंत्र लेकर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग से दो गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार मारकर आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। कुछ देर बाद एसडीएम नीतू रानी, सीओ विवेक जावला, कोतवाली प्रभारी संत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और जानकारी की। घटना से सड़क पर दोनों ओर यातायात प्रभावित हो उठा और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। कैफे में आग लगी की सूचना पर काफी संख्या में लोग माजरा देखने पहुंच गए। इसके बाद पहुंचे सीएफओ केके औछा ने जानकारी की। दमकल कर्मचारी महेश सिंह ने बताया कि बमुश्किल आग पर काबू पाया गया है।

कैफे की दूसरी मंजिल पर बनी रसोई की खिड़की को बंद रखा था। जिससे अंदर घुटन हो रही थी। सीढ़ी लगाकर खिड़की के बाहर लगी फ्लैक्सी को हटाया गया है। सीएफओ ने बताया कि कैफे में घरेलू सिलेंडर मिले हैं, जो नियम विरुद्ध है। फायर की एनओसी व मानकों की जांच की जा रही है। मानक पूरे नहीं होने पर संचालक हिमांशु पवार से कैफे बंद करने के निर्देश दिए हैं। आग बुझने के बाद पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।

# ओवरब्रिज निर्माण की धीमी गति से भड़के व्यापारी

- राज्यमंत्री ने डीएम से वार्ता कर तय समय सीमा पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग की

जागरण मोर्चा, कार्यालय


राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर हो रहा ओवरब्रिज निर्माण कार्य में अनियमितताओं एवं धीमी गति को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश दिखाई दिया। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल (युवा इकाई) के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंच उन्हें ज्ञापन सौंपा।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि ओवरब्रिज निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माण कार्य अत्यधिक धीमी गति से चल रहा है। जिससे स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित बना हुआ है। क्योंकि निर्माण स्थल पर उड़ती धूल, टूटी सड़कों और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के चलते राहगीरों एवं दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की।

नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण जनहित एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा हा है। लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण यह परियोजना जनता एवं व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए दो वर्ष की एक निश्चित समयावधि तय की गई थी। इसके बावजूद कार्यदायी संस्था बेहद कछुआ गति से काम कर रही है। आरोप है कि रेलवे और राज्य सेतु निर्माण विभाग के बीच तालमेल की भारी कमी है। अधिकारियों की मनमानी चरम पर है। स्थिति यह है कि एक माह के 30 दिन में मात्र 15 दिन ही मौके पर कार्य होता देखा जाता है। यदि यही रवैया रहा तो इस ओवरब्रिज को बनने में कई वर्ष लग जाएंगे।

नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि ओवरब्रिज निर्माण में बरती जा रही अनियमितताएं सीधे तौर पर स्थानीय व्यापार एवं आम जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है। कहा कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी वर्ग सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल से फोन पर वार्ता कर उक्त विषय से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, राजू चड्डा, डा. टीएस पाल, मंतेश वार्ष्णेय, आकाश आहूजा, अनूप, अतुल कश्यप, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गजरौला। सड़क हादसे के लिए जिम्मेदार रोडवेज बस चालक के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहाँपुर के थाना निगोही के गांव पकड़िया निवासी कर्मवीर सिंह का पुत्र रितिक अपने साथियों आशीष और गोविन्द सिंह के साथ बाइक द्वारा नोयडा से अपने घर लौट रहे थे कि चौपला फ्लाई ओवर के उतरते समय एक रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रितिक गंभीर रूप से घायल हुआ। जिसे पहले गजरौला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर दिल्ली रेफर किया गया। यहां के बाद रितिक का उपचार लऽनऊ में चल रहा है। पुलिस ने रितिक के पिता कर्मवीर सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बैग में रखा शादी का कीमती सामान सकुशल बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय


महिला को बैग लौटाती यातायात पुलिस।

संभल। चंदौसी चौराहे पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक महिला का शादी का कीमती सामान से भरा अटैची बैग सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया गया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की महिला सहित मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर प्रशंसा की।

गुरुवार को चंदौसी चौराहे पर मुख्य आरक्षी सचिन कुमार और होमगार्ड अर्जुन सिंह यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान नूरियो सराय निवासी लता पत्नी रंजीत वहां पहुंचीं और बताया कि वह मुरादाबाद की ओर से सफेद ऑटो रिक्शा में आई थीं। चंदौसी चौराहे पर उतरने के बाद उन्हें पता चला कि शादी का कीमती सामान से भरा उनका अटैची बैग ऑटो में ही छूट गया है। इससे वह काफी परेशान हो गईं।

महिला की बात सुनते ही मुख्य आरक्षी सचिन कुमार ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनका सामान जल्द ही खोज लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने बिना समय गंवाए ऑटो की तलाश शुरू की और सम्भल बाजार क्षेत्र में संबंधित ऑटो रिक्शा को खोज निकाला। ऑटो को चंदौसी चौराहे पर लाया गया, जहां जांच करने पर महिला का अटैची बैग सुरक्षित मिला। यातायात पुलिस ने बैग में मौजूद शादी का पूरा कीमती सामान महिला को सुपुर्द कर दिया। अपना सामान सकुशल वापस मिलने पर महिला ने पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया। वहीं चौराहे पर मौजूद लोगों ने भी यातायात पुलिस की तत्परता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना की खुले दिल से प्रशंसा की।

## स्वर्गीय हंसराज चोपड़ा की मूर्ति स्थापना की मांग की

मुरादाबाद। नगर निगम पीलीकोठी स्थित कैंप कार्यालय पर महापौर विनोद अग्रवाल को पंजाबी समाज ने ज्ञापन दिया और महानगर के प्रमुख चौमुखापुल चौराहा पर भाजपा के पहले जिला अध्यक्ष स्वर्गीय हंसराज चोपड़ा की मूर्ति स्थापना की मांग की। पुरानी तहसील चौमुखापुल का सौदर्गीकरण कर पुरानी तहसील चौमुखापुल शहर मुरादाबाद स्मार्ट सिटी का मुख्य स्थान पर इस स्थान के आसपास ज्यादातर पंजाबी समाज के लोग व्यापार करते हैं। स्वर्गीय हंसराज चोपड़ा जो कि पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं स्वतंत्रता सेनानी भी रहे एवं नगर विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके थे। इस स्थान पर स्वर्गीय हंसराज चोपड़ा की मूर्ति स्थापित करने की कृपा करें पंजाबी समाज आपका हमेशा के लिए ऋणी रहेगा। इस दौरान, राजू कालरा, खैराती लाल मल्होत्रा, सुनील अरोड़ा, ज्ञानेन्द्र गांधी, राजीव गुलाटी, ललित चौधरी, सुनील सिक्का, सतीश मदान, प्रदीप सेठी, रोहताश लाल सपड़ा, राकेश आहूजा, सतीश अरोड़ा, गुरूजीत सिंह चड्ढा, अजय नारंग, गुरुप्रीत सिंह दुआ, विनोद गुम्बर, जसप्रीत सिंह, हरीश भसीन, मेजर राजीव ढल, गुरविन्दर, अनिल सिक्का, विजय मदान, मयूर भाटिया, विरेन्द्र अरोड़ा, कमल गुलाटी, शंकी चौपड़ा व अन्य पंजाब समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# कार्यों का बहिष्कार कर जताया विरोध

जागरण मोर्चा, कार्यालय



कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

चन्दौसी। तहसील में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप वेंडरों एवं टाइपिस्टों का आंदोलन गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सभी संबंधित वर्गों ने उप निबंधक कार्यालय के समस्त कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए सरकार की प्रस्तावित व्यवस्था के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

आंदोलन के दौरान आयोजित सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों, स्टांप वेंडरों एवं टाइपिस्टों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू की जा रही नीतियां हजारों लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगी। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष केवल अधिवक्ताओं का नहीं बल्कि उन सभी लोगों के भविष्य और आजीविका की रक्षा का आंदोलन है जो वर्षों से इस व्यवस्था से जुड़े हुए हैं।

सभा में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि जब तक सरकार अपना निर्णय वापस नहीं लेती, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा तथा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक, तेज एवं उग्र रूप दिया जाएगा। आंदोलनकारियों ने यह भी निर्णय लिया कि सरकार की मंशा एवं इस व्यवस्था से रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में जनता के बीच जाकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

प्रदर्शन करने वालों में कल्याण सिंह तोमर, दिलीप यादव, बाबूलाल, प्रिंस शर्मा, सतबीर सिंह, मुकेश पाल सिंह, छोटेलाल सागर, गुड्डू बाबू, जगदीश यादव, मनोज कुमार, संजय स्टांप विक्रेता, गुड्डू स्टांप विक्रेता, जितेंद्र स्टांप विक्रेता, दुष्यंत, नरेंद्र प्रकाश, बलराम शर्मा, धनवीर यादव, महेश बासनी, अरविंद सिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, बैनामा लेखक, स्टांप वेंडर एवं टाइपिस्ट उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने एक स्वर में आंदोलन को अंतिम निर्णय तक जारी रखने का संकल्प दोहराया तथा सरकार से जनहित एवं रोजगार हित में अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की।

**निरीक्षण** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आवेदकों से लिया फीडबैक, अनधिकृत व्यक्तियों पर कार्रवाई की चेतावनी

# एआरटीओ कार्यालय में दलालों पर सख्ती

- जनता को मिलेगी पारदर्शी सेवा

जागरण मोर्चा, कार्यालय


एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करते एआरटीओ। -जागरण मोर्चा

सम्भल। जिलाधिकारी के निर्देश पर सम्भल तहसील परिसर स्थित सहायक संभागीय परिवहन (एआरटीओ) कार्यालय में आमजन को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमिताभ चतुर्वेदी ने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एआरटीओ ने कार्यालय के प्रत्येक काउंटर और कार्य व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में आए आवेदकों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा, अनावश्यक देरी अथवा किसी व्यक्ति द्वारा गुमराह किए जाने जैसी समस्या तो नहीं हो रही है। साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदक को उसके कार्य से संबंधित सभी औपचारिकताओं एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी पहली बार में ही स्पष्ट रूप से दी जाए, ताकि उसे बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से यह भी सुनिश्चित कराया गया कि कार्यालय परिसर में कोई बाहरी, अनधिकृत अथवा दलाल किस्म का व्यक्ति सक्रिय न रहे। एआरटीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परिवहन विभाग की सेवाएं पूरी तरह पारदर्शी हैं और किसी भी कार्य के लिए बिचौलियों की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति कार्यालय परिसर में किसी कर्मचारी के साथ संलिप्त पाया गया या आमजन को गुमराह करते हुए मिला, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अमिताभ चतुर्वेदी ने सभी कर्मचारियों को विभाग द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाला प्रत्येक नागरिक सम्मानपूर्वक, पारदर्शी और सुगम सेवाएं प्राप्त करे, यही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली में जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

## तय रेट लिस्ट के अनुसार दिया जाए किसानों को भूमि का मुआवजा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति पदाधिकारी।

चन्दौसी। राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति की ओर से किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ग्राम असालतपुर जारई में औद्योगिक प्लेस पार्क को एनएच 109 चन्दौसी-मुरादाबाद रोड बनियाठेर-जारई होते हुए शाहबाद रामपुर रोड से सड़क तक जोड़ा जा रहा है। जो भूमि प्लेस पार्क के बराबर है वह चन्दौसी-शाहबाद-रामपुर रोड पर स्थित है। जिसका उचित मुआवजा प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जबकि किसानों को सामान्य कृषि भूमि का मूल्य 92 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिए जाने को किसानों पर दबाव दिया जा रहा है। जबकि किसानों की भूमि जो औद्योगिक प्लेस पार्क के बराबर है, वह औद्योगिक प्लेस पार्क से मात्र 5 से 7 मीटर दूरी पर स्थित है। जिलाधिकारी द्वारा जारी की गई रेट लिस्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा एक करोड़ 63 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर किया जाना चाहिए। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि किसानों के साथ अन्यय किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल कश्यप, रामपाल सिंह, अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह तोमर, मुकेश शर्मा, प्रमोद, सुदेश तोमर, अजय कुमार, आकाश सिंह, अवधेश राघव, सत्यम राघव, सुरजीत राघव, देशपाल मौर्य, अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### डिप्टी सीएम के जन्मदिवस पर वितरित किया शरबत



चन्दौसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बिसौली गेट स्थित ब्रह्मोतार मार्केट में एपीएन पावर सोलर एंटरप्राइज व श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भीषण गर्मी व तेज धूप में राहगीरों व नागरिकों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। गुरुवार को ब्रह्मोतार मार्केट में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। एपीएन पावर सोलर एंटरप्राइज व श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट की ओर से जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राहगीरों को ठंडा शरबत वितरण किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष अभिनव शर्मा ने कहा कि हम सभी प्रदेश उपमुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन पर बधाई देते है। वह प्रदेश व जनता के हित अनेक प्रकार के कार्य कर रहे हैं। साथ ही उनकी दीर्घायु आयु की कामना की गई। इस अवसर पर संजीव शर्मा, सुधीर मिश्रा, पंकज शर्मा, मानस अग्रवाल, प्रवीण व्यास, शुभम शर्मा, रजत गुप्ता, आशीष तूफानी, हेमंत वार्ष्णेय, अतुल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शिवाय शर्मा, मनु शेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु


सुंदरकांड का पाठ करते ट्रस्ट पदाधिकारी।

चन्दौसी। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से गोशाला रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर व मां पूर्णागिरि नवदुर्गा धाम पर संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित अनिल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, राजू शर्मा, सुंदर गिरि महाराज, राजकुमार सक्सेना, अनिल कुमार, आलोक दुबे ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रृंखला में केजी शर्मा ने हे दुखभंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार, राजीव शर्मा ने मैंने सुंदर कांड कराया है, मेरा हनुमान यहां आया है, रमेश ग्रेवाल ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नीटू सिंह, रोशन लाल, भगवान दास, सुदर्शन वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, कल्पना वार्ष्णेय, बृजेंद्र शर्मा, टीसी शर्मा, सुशील सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, अरुण सक्सेना, सुरेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने किया सीसी टाइल्स सड़क का लोकार्पण


घटलेश्वर गेट में सड़क का लोकार्पण करतीं राज्यमंत्री।

चन्दौसी। घटलेश्वर गेट में राज्यमंत्री ने संजय सिंह सैनी से रमेश टेलर्स के मकान तक निर्मित सीसी टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए संकल्पिक है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, ग्रीश रतन, राजेंद्र मौर्य, चंद्रसेन दिवकार, सभासद शिव कुमार सैनी, संजय सैनी, अमन कोरी, मनोज दिवाकर, उमेश सैनी, शुभम अग्रवाल, मनोहर लाल मौर्य, आलोक शाक्य, रिंकू दिवाकर, तरुण नीरज आदि मौजूद रहे।

### ग्रुप ने दिया जरुरतमंद कन्या को विवाह का सामान


ग्रुप पदाधिकारियों द्वारा दिया गया कन्या को शादी का सामान।

चन्दौसी। किरन सोशल वेलपेयर सोसाइटी की ओर से जरुरतमंद कन्या को विवाह के लिए गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। जिसमें कन्या के लिए साड़ियां, चादर, मेकअप का सामान, टिफिन, स्टील के बर्तन, छत का पंखा, स्टील की बाल्टी, गर्म चादर, सूट, दो लहगे, कई जोड़ी पेंट-शर्ट साथ ही नकदी भेंट की गई। ग्रुप अध्यक्ष डा. नीलम वार्ष्णेय ने बताया कि हम ऐसे आयोजन करते रहते हैं। जिसमें जरुरतमंद परिवार को मदद मिल सके। इस अवसर पर रागिनी गुप्ता, अंशु वार्ष्णेय, सिमरन शर्मा, राखी रस्तोगी, आशा गोस्वामी, मालती वार्ष्णेय, नीतू वार्ष्णेय, पूजा गुप्ता, मीनाक्षी, राखी, शिल्पी, रुपाली, पूजा रस्तगी, इंदु अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, रश्मि, सविता, गीत आदि मौजूद रहीं।

### ताइक्वांड़ो खिलाड़ियों को वितरित की कलर बैल्ट


कलर बैल्ट व सर्टिफिकेट के साथ खड़े खिलाड़ी।

चन्दौसी। मयूर विहार में अंकुश ताइक्वांडो अकादमी में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को कलर बेल्ट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें आकृति, अनुग्रह, पूजा, कुमकुम, कृतिका, श्रेया, रोहिणी, दक्ष, कशिका, अनुदीप, सारांश, शिजा, आध्या, अरहम, श्रावणी, कामना, एविशा, पंखुड़ी, आन्वी, ओजस्वी, सुबूत, नियति, प्रांशी, पावनी, मानिक, शुभ, प्रत्यक्ष, प्रांशी, अभिमंयु को कलर बेल्ट व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अकादमी के कोच अंकुश राणा ने बताया कि हर बेल्ट खिलाड़ियों की मेहनत का सम्मान है और हर परीक्षा खिलाड़ियों की क्षमता की पहचान है। अभ्यास करते रहिए, सीखते रहिए क्योंकि आज की कलर बेल्ट ही कल की ब्लैक बेल्ट की नींव है।

### निर्जला एकादशी पर श्रीराम दुर्गा मंदिर व सनातन धर्म इंटर कॉलेज में मैंगो शेक का वितरण

ठाकुरद्वारा। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को श्रीराम दुर्गा मंदिर एवं सनातन धर्म हिंदी इंटर कॉलेज परिसर में श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए मैंगो शेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद स्वरूप मैंगो शेक ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजकों ने एकादशी माता की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि "एकादशी माता ऐसे ही अपनी कृपा सभी भक्तों पर बरसाती रहें और समाज में सेवा एवं परोपकार की भावना बनी रहे।" मैंगो शेक वितरण कार्यक्रम में नरेश कुमार कश्यप, विपिन जिंदल, तुषार पांडेय, अभिषेक ओझा, धर्मेंद्र सिंह, मदन लाल कश्यप, संजीव चौहान उर्फ टिश्यू, रोहीताश प्रजापति, मोहित, सुमित सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

# "सबूत दो या आरोप वापस लो" : राम मंदिर दान विवाद पर शंकराचार्य का तीखा पलटवार

## गांव-गांव से चंदा लेने के आरोपों को बताया झूठ, बोले- कैमरा लेकर चलो, एक भी गांव साबित कर दो; एसआईटी जांच में देरी पर भी उठाए सवाल

- गौमाता को 'पशु' कहने पर सरकार को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** गुरुवार को मुरादाबाद पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राम मंदिर दान विवाद, गांव-गांव से चंदा लेने के आरोप, SIT जांच में हो रही देरी और गौ-संरक्षण जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाने वालों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि किसी के पास कोई प्रमाण है तो वह सार्वजनिक करे, अन्यथा निराधार आरोप लगाना बंद करे।





राम मंदिर दान विवाद पर शंकराचार्य ने कहा कि लगातार चोरी के आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस तथ्य सामने नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए SIT गठित की गई थी और प्रारंभिक रिपोर्ट कुछ दिनों में आनी थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई। उन्होंने कहा, "जांच को अनावश्यक रूप से लंबा खींचा जा रहा है। कहीं ऐसा न हो कि समय बीत जाए और मामला लोगों की नजरों से ओझल हो जाए।"

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गांव-गांव जाकर चंदा लेने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह किसी भी गांव में चंदा मांगने नहीं गए। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, "जिसे लगता है कि हमने किसी गांव से चंदा लिया है, वह गांव का नाम बताए। कैमरा लेकर हमारे साथ चलिए। यदि वहां का कोई व्यक्ति कह दे कि हमने उससे चंदा मांगा या लिया है, तब बात करेंगे। झूठ फैलाना बंद होना चाहिए।"

उन्होंने यह भी कहा कि उन पर लगाए गए आरोपों के समर्थन में पहले प्रमाण पेश किए जाएं। बिना साक्ष्य के आरोप लगाना उचित नहीं है।सोना-चांदी विद्या पीठ में रखे जाने से जुड़े आरोपों पर उन्होंने कहा कि यदि गुरु की संपत्ति सुरक्षित रखी गई है तो उसमें गलत क्या है। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध विश्वास का होता है और इस विषय को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।

शंकराचार्य ने गौ-संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल पशु नहीं बल्कि माता का स्थान रखती है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि गाय को 'पशु' की श्रेणी में रखने के बजाय उसके सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के अनुरूप सम्मान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर गौ-संरक्षण के प्रति जनजागरण करना है और लोगों से गौमाता की रक्षा के लिए संकल्प लेने की अपील करना है। शंकराचार्य ने कहा कि गौ-संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में स्पष्ट और प्रभावी कानून बनाने की मांग भी दोहराई।

# मानकों को ताक पर रख खुशहालपुर में लग रहा मेला

- विवादित जमीन को लेकर कई लोग जता चुके आपत्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बच्चों और महिलाओं की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करने के लिए खुशहालपुर में नियम ताक पर रखकर मेला लगाया रहा। हालांकि अधिकारियों से सांठगांठ करके मेला चालू होने वाला है। मुरादाबाद के खुशहालपुर में ब्रेड फैक्ट्री के पास आवास विकास की जगह खाली पड़ी है,जोकि विवादित होने के साथ ही उसका केस भी चल रहा है,लेकिन उसके बाद भी मुरादाबाद के कुछ लोग वहां पर मेले का आयोजन करा रहे हैं, जबकि सूत्रों की माने तो अभी तक फायर से लेकर सिटी मजिस्ट्रेट तक किसी भी विभाग से एनओसी नहीं मिली है। उसके बाद मेला लगने जा रहा है जोकि बच्चों और महिलाओं की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आए दिन पूरे प्रदेश में मेले लगने के दौरान हादसे होते रहते हैं,लेकिन उसके बाद ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं करता है।अगर एक बार को परमीशन मिल जाती है तो उसके बाद भी परमीशन की आड़ में बड़े बड़े झूले लगाए जाते है। जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है,बाद में पुलिस कार्रवाई के नाम पर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाकर समझौता करा देती है। इस बारे में जब मेले के मैनेजर हरीश कुमार से संपर्क करने के लिए फोन किया ,तो उन्होने फोन तक रिसीव नहीं किया।



### मुरादाबाद में कई बार हो चुके है हादसे

मुरादाबाद में मेले लगने के दौरान कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी अधिकारी खामोश बैठे हैं। बिना सोचे समझे ही मेला लगाने की परमीशन दे देते हैं। इस भीषण गर्मी आंधी तूफान आने का डर लगा रहता है।एक ओर से जहां अधिकारी लोगों को आंधी तूफान से सचेत रहने के निर्देश दिए जाते हैं। वहीं मेलों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन कोई आदेश जारी नहीं करता है।

अब मौजूदा समय में जहां पर मेला लगाने की तैयारी चल रही है। वह जमीन पहले से ही विवादित है लेकिन उसके बाद भी मेला संचालक बिना किसी परमीशन से मेला लगा रहे हैं। अभी तक उनको एक भी एनओसी तक नहीं मिली है।

## हार्टअटैक से केनरा बैंक के कर्मचारी की मौत

**गजरौला ।** जानकारी के नगर के मौहल्ला संतनगर निवासी नरेंद्र शर्मा उर्फ दानु गुरूवार की सुबह अवंतिका पार्क में टहल रहे थे। इस दौरान उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द उठा, उनके साथ टहल रहे साथियों ने उनके परिजनों को सूचित करते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चूंकि नरेंद्र शर्मा सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करते थे, इसीलिए उनके निधन की सूचना मिलते ही, नागरिकों में भी शोक की लहर दौड़ गयी। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।



# स्वास्थ्य केंद्र पर दबंगों का तांडव, पथराव व तोड़फोड़ से दहशत, दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर देर रात 15-20 दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। हमलावरों ने अस्पताल परिसर पर भारी पथराव करते हुए सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचाया और वहाँ तैनात स्वास्थ्यकर्मी के परिवार को जान से मारने की धमकी दी।अस्पताल परिसर में ही सपरिवार रहने वाली स्वास्थ्यकर्मी सपना ने बताया कि रात करीब 12 बजे दबंगों ने अचानक ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। उन्होंने अपने पति और बच्चों के साथ छिपकर बमुश्किल जान बचाई। पीड़िता के अनुसार, यह आरोपी पहले भी कई बार अभद्रता कर चुके हैं।घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुँची और छानबीन की। पीड़िता सपना ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दुस्साहसिक वारदात से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। वही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का कहना है की घटना की जांच चल रही है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ पथराव।



पीड़ित स्वास्थ्य कर्मचारी।

## बी पॉजिटिव ब्लड देकर की इंसानियत की मिसाल कायम

**कुंदरकी /मुरादाबाद।** शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन निशुल्क मोहर्रम की पहली तारीख से 10 तारीख तक हर रोज किया जा रहा है ब्लड डोनेशन निशुल्क हुसैन और उनके जानिसार 72 शहीदाने कर्बला के नाम पर रक्तदान करते हुए शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन कुंदरकी क्षेत्र के गांव हरियाणा की रहने वाली महिला पेशेंट को मुरादाबाद के नीचे हॉस्पिटल में एडमिट थी एडमिट के दौरान हालात खराब होने की वजह से पेशेंट के परिजनों ने तुरंत ही ग्रुप के संस्थापक से संपर्क किया वही ग्रुप के संस्थापक ने बी पॉजिटिव पीआरबीसी देकर पेशेंट के परिजनों को देखकर की मिसाल कायम रक्तदान महादान रक्तदान जीवनदान युवा कर रहे हैं समय–समय पर रक्तदान




# टीएमयू ने 2026 में हेल्थ सेवाओं समेत चार श्रेणियों में कराई दमदार उपस्थिति दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग्स में मिला प्रभावशाली ओवरऑल ग्लोबल रैंक बैंड, गुड हेल्थ एंड वेल-बींग के संग-संग क्लीन वाटर एंड सेनिटेशन, जेंडर इक्वालिटी, पार्टनरशिप फॉर द गोल्स कैटेगरी में उल्लेखनीय रैंकिंग्स

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में एक साथ चार बड़ी उपलब्धियां जुड़ गई हैं। टीएमयू को सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन- टीएचई इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2026 में 401-600 का प्रभावशाली ओवरऑल ग्लोबल रैंक बैंड मिला है। टीएमयू ने पहली बार प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन- टीएचई इम्पैक्ट रैंकिंग्स 2026 में हिस्सा लिया है। अपनी पहली ही भागीदारी में टीएमयू ने दुनिया भर के 1,603 संस्थानों में 401-600 का प्रभावशाली ओवरऑल ग्लोबल रैंक बैंड हासिल किया है। उल्लेखनीय है, टीएचई इम्पैक्ट रैंकिंग्स दुनिया के सबसे सम्मानित रैंकिंग फ्रेमवर्क में से एक है, जो संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स- एसडीजी में यूनिवर्सिटीज़ के योगदान के आधार पर उनका मूल्यांकन करता है।

एसडीजी की चार अलग-अलग श्रेणियों में टीएमयू ने दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। एसडीजी-3- गुड हेल्थ एंड वेल-बींग में रैंक बैंड 101- 200 एसडीजी 6- क्लीन वाटर एंड सेनिटेशन में रैंक बैंड 101-200, एसडीजी 5- जेंडर इक्वालिटी में रैंक बैंड 601-800, एसडीजी- 17- पार्टनरशिप फॉर द गोल्स में रैंक बैंड 301-400 भी यूनिवर्सिटी ने अपने नाम किए हैं। ये रैंकिंग्स हेल्थकेयर सेवाओं को बढ़ावा देने, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समावेशिता और लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और समाज के सस्टेनेबल विकास में योगदान देने के टीएमयू के लगातार प्रयासों को दर्शाती हैं।

## गन्ने के खेत में पानी लगाते समय किसान को सांप ने डसा

**हसनपुर ।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान के द्वारा गन्ने के खेत में पानी लगाते समय अचानक सांप द्वारा उसे डस लिया गया। जिससे वह घायल हो गया,घायल को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है,किसान की हालत में सुधार बताया जा रहा है।रहरा थाना क्षेत्र के गांव कसाई पुरा निवासी किसान करन पुत्र फत्तन गुरुवार की सुबह करीब चार बजे अपने गन्ने के खेत में पानी लगा रहा था, खेत में पानी लगाते समय अचानक किसान करन को सांप ने डस लिया। जिससे किसान घायल हो गया घायल किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेत में काम कर रहे अन्य ग्रामीण एकत्र हुए और उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल करन को लेकर रहरा स्थित सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मुदित गौतम द्वारा बताया गया कि सांप के काटने से एक किसान घायल हो गया था उपचार के दौरान उसकी हालत सही है।



घायल किसान करन।

**मांग** किसानों का बकाया गन्ना मूल्य 15 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान कराया जाए

# मध्य गंगा नहर फेस-2 में पानी छोड़े जाने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** गुरुवार की दोपहर से तहसील परिसर में भाकियू शंकर का धरना-प्रदर्शन संगठन के वरिष्ठ नेता चौधरी विक्रम सिंह पवार की अध्यक्षता एवं प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह के संचालन में प्रारंभ हुआ। धरने के उपरांत किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

इस अवसर पर भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि तहसील हसनपुर क्षेत्र के किसान लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल के लगभग पांच लाख किसानों की सिंचाई व्यवस्था मध्य गंगा नहर फेस-2 पर निर्भर है, किंतु अब तक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि मध्य गंगा नहर फेस-2 में तत्काल पानी छोड़ा जाए, हसनपुर चीनी मिल का विस्तार किया जाए, किसानों का बकाया गन्ना मूल्य 15 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान कराया जाए, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा पांच लाख रुपये लागू की जाए, सभी गन्ना समितियों का नाबार्ड में पंजीकरण कराया जाए तथा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाए।



हसनपुर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा



बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर। -जागरण मोर्चा

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चेतन चौहान मार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु गोल चक्कर का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है।धरने के उपरांत नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया तथा किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

इस अवसर पर चौधरी नेमपाल सिंह, चौधरी धर्मवीर सिंह, जगत सिंह चौहान, राकेश चौहान, नेतराम सैनी, सुखबीर भगत जी, मोजीरामपाल, आफताब, नईम, सीताराम सैनी, सुंदर सिंह, शेर सिंह राणा, महिपाल सिंह, ओमवीर यादव, राजपाल सैनी, महेश्वर दत्त त्यागी, बबीता रानी, नीरज चौधरी, नीतू रानी, बीना शर्मा, मुकेश देवी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### मासूम पर कुत्तों ने हमला कर किया घायल

**हसनपुर ।** घर के बाहर खेल रही मासूम पर अचानक कुत्तों के झुंड ने हमला कर उसे नोच नोच कर घायल कर दिया,मासूम की चीख–पुकार सुनकर एकत्र हुए ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाया। घायल मासूम को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही ग्रामीणों ने कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चकोरी निवासी वीर सिंह की 10 वर्षीय पुत्री चांदनी अपनी बहन भाइयों के साथ छुट्टी में अपने नाना के यहां उझारी गई हुई थी, गुरुवार को घर के सभी लोग चारा काटने के लिए खेत पर गए हुए थे, चांदनी वह उसकी मौसी रश्मि घर पर थी, रश्मि घर के अंदर कार्य कर रही थी और चांदनी घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक एक कुत्तों का झुंड आया और चांदनी पर हमला कर दिया और चांदनी को नोच नोच कर घायल कर दिया। चांदी की चीख पुकार सुनकर उसकी मौसी रश्मि एवं ग्रामीण एकत्र हुए और कुत्तों से चांदनी को छुड़ाया। घायल चांदनी को लेकर नगर स्थित सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चांदनी की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की गई है।



### भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर ।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय के कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। यह कदम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह के निर्देश पर देशव्यापी आंदोलन के तहत उठाया गया ।जिलाध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में सौंपे गए ।ज्ञापन में फर्रुखाबाद के कायमगंज तहसील में हुई एक घटना का कड़ा विरोध किया गया। आरोप है कि वहां के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष को अकारण हिरासत में लेकर अभद्रता की गई थी, जिससे किसान समाज में भारी आक्रोश है ।किसानों ने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और न्यायिक जांच कराई जाए। साथ ही, पीड़ित किसान नेता पर लगाए गए आरोपों को बिना शर्त वापस लिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने से पूर्व पदाधिकारी द्वारा प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल चौहान,धर्मपाल सिंह,मुनिदेव,हेम सिंह,महेंद्र सिंह,प्रेम सिंह,जहीर अहमद,मंगू सिंह त्यागी,प्रेम सिंह, बीरबल सिंह,अनिल आदि मौजूद है।



### ओरेकल आई हॉस्पिटल में शुरू हुआ अत्याधुनिक ड्राई आई क्लिनिक

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के ओरेकल आई हॉस्पिटल में गुरुवार को अत्याधुनिक ड्राई आई क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। आधुनिक तकनीक और उन्नत उपकरणों से लैस यह क्लिनिक आंखों के सूखेपन की सटीक जांच और प्रभावी उपचार के लिए समर्पित रहेगा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बदलती जीवनशैली और डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण ड्राई आई की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिसे देखते हुए यह नई सुविधा शुरू की गई है। अस्पताल के डॉक्टर गिरजेश केन ने बताया कि, आज के समय में मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप और अन्य डिजिटल स्क्रीन का लंबे समय तक उपयोग करने से बच्चों, युवाओं, कामकाजी लोगों और वरिष्ठ नागरिकों में ड्राई आई की समस्या तेजी से बढ़ रही है। आंखों में सूखापन, जलन, चुभन, लालिमा, धुंधला दिखाई देना और आंखों का जल्दी थक जाना इसके प्रमुख लक्षण हैं। क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल और विश्व हिंदू परिषद के डॉ. राज कमल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शहर के चिकित्सक, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और नेत्र रोग विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।



### अधिवक्ताओं का साथ देगी भाकियू टिकैत

**हसनपुर ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं द्वारा डिजिटल ई रजिस्ट्री का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं का साथ देने की बात कही और कहा कि सरकार द्वारा यह योजना लागू कर काफी लोगों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा किसान इस संकट की घड़ी में अधिवक्ताओं के साथ खड़ा है ।नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह द्वारा कहा गया कि डिजिटल ई रजिस्ट्री योजना का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं के साथ किसान खड़ा है। इसी के साथ उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र की चरागाह भूमि पर जिन दबंगों का कब्जा है। उन दबंगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए। चकबंदी विभाग लगातार किसानों का शोषण कर रहा है उसे तुरंत बंद कराया जाए। विद्युत विभाग द्वारा किसानों के साथ खुली लूट की जा रही है । बैठक की अध्यक्षता सागर सिंह चौहान ने की तथा संचालन तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह द्वारा किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह,गंगाराम सिंह,अमर सिंह,रूप किशोर,प्रकाश सिंह,चंद्रपाल सिंह, महेश पहलवान, महावीर सिंह,सुरेश शर्मा, सुरेंद्र सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### वकीलों के समर्थन में उतरी एआईएमआईएम

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाली ई–रजिस्ट्री व्यवस्था तथा रजिस्ट्री कार्यालय के कार्य निजी संस्थाओं को सौंपे जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन को ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन का समर्थन मिल गया है। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के नेतृत्व में चल रहे विरोध प्रदर्शन में एआईएमआईएम कार्यकर्ता भी शामिल हुए और कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते प्रदेश सचिव वकी रशीद ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रदेश सचिव वकी रशीद ने बताया कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के निर्देश पर पार्टी अधिवक्ताओं के समर्थन में मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि वकीलों की आवाज लोकतंत्र की आवाज है और उसे दबाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उन पर किसी भी प्रकार के काले कानून थोपने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। आंदोलनकारियों ने सरकार से प्रस्तावित व्यवस्था को वापस लेने की मांग की।



# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर 17 अधिकारियों का वेतन रोका

## जिलाधिकारी अवनीश राय की सख्त कार्रवाई, 90 प्रतिशत संतुष्टि मानक पूरा न करने पर उठाया कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जन शिकायतों के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर निर्धारित 90 प्रतिशत शिकायतकर्ता संतुष्टि मानक प्राप्त न करने वाले 17 अधिकारियों के वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह रोक अग्रिम आदेशों तक लागू रहेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन स्तर पर आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा की जाती है, जिसमें शिकायतों के निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। शासन द्वारा न्यूनतम 90 प्रतिशत संतुष्टि का मानक निर्धारित किया गया है, लेकिन इसके बावजूद कई अधिकारी बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी अपेक्षित सुधार नहीं कर सके।

### समीक्षा में सामने आई लापरवाही, कई विभागों के अधिकारी शामिल

डीएम द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि विभिन्न विभागों के कुल 17 अधिकारियों का आईजीआरएस संतुष्टि स्तर निर्धारित मानक से कम है। इनमें अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इस्लामनगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बदायूँ व नगर पंचायत कछला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिल्सी, खंड विकास अधिकारी कादरचौक, दातागंज/समरेर, आसफपुर, अम्बियापुर और इस्लामनगर शामिल हैं। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी/पीएचसी इस्लामनगर, जिला युवा कल्याण अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी बिसौली, सब रजिस्ट्रार दातागंज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड द्वितीय सिंचाई संसाधन तथा अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम एवं तृतीय भी इस सूची में शामिल हैं।

### औपचारिकता नहीं, जिम्मेदारी है शिकायत निस्तारण

जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आम जनता की समस्याओं के समाधान और उनकी संतुष्टि सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों की लगातार अनदेखी प्रशासनिक दायित्वों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे तौर पर जवाबदेही तय करेगी।

### सुधार के निर्देश, जल्द बढ़ेगा निगरानी स्तर

इस कार्रवाई के साथ ही जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से अपने कार्य में सुधार करें और आईजीआरएस संतुष्टि प्रतिशत को निर्धारित मानक तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में इस व्यवस्था की निगरानी और अधिक सख्ती से की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को जनहित में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिससे न केवल अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ेगी बल्कि आम जनता की शिकायतों का बेहतर समाधान भी सुनिश्चित हो सकेगा।

# जुए के खिलाफ कार्रवाई, सिविल लाइंस पुलिस ने चार जुआरी दबोचे

## जागरण मोर्चा अखबार ने किया था इस मामले का खुलासा

**खबर का असर**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिले में अवैध जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइंस पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस मामले का खुलासा पहले ही 'जागरण मोर्चा' अखबार द्वारा प्रमुखता से किया गया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया।

जानकारी के अनुसार, आरिफपुर नवादा क्षेत्र में लंबे समय से जुआ खेले जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। इस संबंध में डिजिटल प्लेटफॉर्म और अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इन्हीं निर्देशों के क्रम में 25 जून 2026 को थाना सिविल लाइंस पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इकरार पुत्र रियासत, मौ० मिया पुत्र नसीम मियां, सब्लू पुत्र सद्दीक और इबराहिम पुत्र वाजिद अली शामिल हैं, जो सभी आरिफपुर नवादा क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में मु0अ0सं0 233/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जिला कारागार भेज दिया गया।

इस कार्रवाई को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक कदम माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगराज सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध जुआ और अन्य अपराधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** उप जिलाधिकारी साई आश्रित शाख मुरी ने क्षेत्र के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी शिकायत को हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण की स्थलीय जांच कर वास्तविक स्थिति के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान गांव सुजानपुर निवासी खुशीराम ने चकमार्ग की पैमाइश कराने तथा ग्राम कुर्वी निवासी गंगा देवी ने अपने खेत की पैमाइश कराने की शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम ने दोनों प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रीय लेखपालों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही, अनावश्यक विलंब या उदासीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर स्टेनो जहीर आलम भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### भाजपा ने मनाया संविधान हत्या दिवस, लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का किया सम्मान

**पीलीभीत।** 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने आपातकाल को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए उस दौर की घटनाओं का उल्लेख किया। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पूरनलाल गंगवार, कैलाश चंद्र गुप्ता और डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आपातकाल के दौरान हुए दमन और संघर्ष के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर भाजपा की ओर से लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और लोकतंत्र रक्षक सेनानी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बिल्सी के बांस बरौलिया में 26 जून को होगा 'बहुजन स्वाभिमान संवाद' कार्यक्रम

**बदायूं।** बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बांस बरौलिया में 26 जून 2026 को बहुजन स्वाभिमान संवाद कार्यक्रम एवं संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने गांव का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गौरव सिंह राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष सुनीता सिंह, महासचिव इगलास हुसैन तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्सी के अध्यक्ष अनुग्रह सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नेताओं ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी जोन प्रभारी प्रदीप सरोहा तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम कठेरिया मुख्य रूप से शामिल होंगे। वे बहुजन समाज के लोगों से संवाद करेंगे और संगठन की समीक्षा भी करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों ने बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं एवं बहुजन समाज के लोगों से अपील की है कि वे 26 जून को अपराह्न 3 बजे ग्राम बांस बरौलिया पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लें। इस अपील में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, कार्यक्रम आयोजक हरिदर्शन सागर सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### जांच के बीच प्रधानाचार्य दोबारा निलंबित, न्यायालय जाने की तैयारी

**बिसौली।** मदन लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एन. पी. सिंह को विभिन्न वित्तीय एवं प्रशासनिक आरोपों की जांच के दौरान एक बार फिर प्रबंध समिति द्वारा निलंबित कर दिया गया है। प्रबंध समिति के इस फैसले से पूरे प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया है। डॉ. सिंह ने अपने निलंबन को अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा कि वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय की शरण लेंगे। उन्होंने दावा किया कि जांच पूरी होने पर सभी आरोप निराधार सिद्ध होंगे और उन्हें न्याय मिलेगा। उधर कॉलेज के प्रबंधक राजीव गर्ग ने बताया कि डॉ. सिंह द्वारा जांच समिति को अपेक्षित सहयोग नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जांच को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच समिति अपनी कार्यवाही निरंतर जारी रखेगी और सभी तथ्यों के आधार पर निष्कर्ष निकाला जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व भी प्रबंध समिति द्वारा डॉ. एन. पी. सिंह को निलंबित किया गया था, जिसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। इस कार्रवाई के खिलाफ डॉ. सिंह ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें राहत मिली और उन्होंने पुन: कार्यभार ग्रहण किया। अब एक बार फिर हुई निलंबन की कार्रवाई ने इस मामले को और अधिक जटिल बना दिया है। मामले को लेकर शिक्षण संस्थान के स्टाफ और स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। सभी की नजरें अब जांच के अंतिम निष्कर्ष और संभावित न्यायालयी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने 6.8 किलो डोडा छिलका समेत आरोपी को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सहसवान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 किलो 800 ग्राम डोडा छिलका बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार जिले में नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना सहसवान पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी राम प्रकाश पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम अल्लीपुर टप्पा हवेली थाना सहसवान को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त को इंडियन पेट्रोल पंप से आगे तूबा फार्म हाउस के सामने से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6 किलो 800 ग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ।

इस संबंध में थाना सहसवान पर मु0अ0सं0 313/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। इसके अलावा अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 62/26 धारा 305/317(2) बीएनएस के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मचा है।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनेब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य

जागरण मोर्चा कार्यालय


दुर्विजय शाक्य।


पूरनलाल लोधी।

**बदायूं।** भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष रहे दुर्विजय सिंह शाक्य को पदोन्नत करते हुए अब उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय को संगठन में उनके लंबे अनुभव और सक्रिय भूमिका का परिणाम माना जा रहा है।

दुर्विजय सिंह शाक्य पूर्व में बदायूं लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ चुके हैं। संगठन में उनकी पकड़ और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी दी गई है।

उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से ब्रज क्षेत्र सहित आसपास के जिलों में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वहीं, दुर्विजय सिंह शाक्य के स्थान पर एटा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता पूरनलाल लोधी को ब्रज क्षेत्र का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पूरनलाल लोधी लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न पदों पर रहकर उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति को लेकर एटा समेत पूरे ब्रज क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, 9 आरोपी गिरफ्तार

## तमंचा समेत हथियार बरामद, पुलिस ने सभी आरोपियों को भेजा जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** थाना बिसौली क्षेत्र के ग्राम परसेरा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कई घातक हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें भाला, डंडे, फरसा, सरिया और स्टील पाइप शामिल हैं। साथ ही एक आरोपी की निशानदेही पर अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिसौली पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार ग्राम परसेरा में जमीन को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की।

पुलिस ने मामले में नामजद नौ आरोपियों—वीरेन्द्र, विचारदेव, अनिल, नेजपाल, अखिलेश, अमरपाल, प्रवेश, राजीव और करुपाल—को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक भाला नुकीला, दो लकड़ी के डंडे, एक स्टील पाइप, एक चपटेदार भाला, एक अन्य डंडा, फरसा और सरिया बरामद किया गया। वहीं आरोपी करुपाल की निशानदेही पर 315 बोर का अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस भी बरामद हुआ। इस बरामदगी के आधार पर पुलिस ने करुपाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक मौ. अब्बास ने किया।

# बैनामा के दौरान स्टांप शुल्क कम जमा करने पर 1,52 लाख रुपये का जुर्माना

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय की कोर्ट ने बैनामा कराने के दौरान निबंधन शुल्क कम जमा करने के प्रकरण में सुनवाई करते हुए भूमि के खरीदार पर 1,52,630 रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही स्टांप शुल्क चोरी की धनराशि पर 2017 से अब तक 1.5 प्रतिशत मासिक की दर से साधारण ब्याज भी वसूला जाएगा। धनराशि एक पक्ष में जमा न करने पर धनराशि भू-राजस्व की बकाया की तरह वसूलने का आदेश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा है कि 410 वर्गमीटर भूमि की गणना 6200 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित दर से होनी चाहिए थी, जिसकी कीमत 25,42,000 रुपये बनती है, इस पर नियमानुसार 1,27,100 रुपये का स्टांप शुल्क एवं 20 हजार रुपये निबंधन शुल्क बनता है, जबकि भूमि खरीदने वाले ओमपाल पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम बमेड़, तहसील बिल्सी ने बैनामे में संपत्ति 91,000 रुपये की दर्शाते हुए 4550 रुपये का स्टांप शुल्क और 1820 रुपये का निबंधन शुल्क अदा कर बैनामा कराया था। पूर्व में हुई जांच आख्याओं, उप आयुक्त स्टांप की रिपोर्ट और दोनों पक्षों को सुनने के बाद बैनामे पर 1,22,450 रुपये के स्टांप शुल्क और 18,180 रुपये निबंधन शुल्क की कमी पकड़ी गई। बैनामा एक मार्च, 2017 में कराया गया था। कोर्ट ने बैनामा पर 1,52,630 रुपये का जुर्माना लगाया है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्त
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन
(मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंम्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जँद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्कको शिकायचें व अन्य
7078173252
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सप्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

# भाजपा ने घोषित की नई प्रदेश कार्यकारिणी संगठन में मिला नए और अनुभवी चेहरों को स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवनिर्वाचित चेहरों के साथ भाजपा के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश ने नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई टीम में 19 उपाध्यक्ष, 8 प्रदेश महामंत्री और 46 प्रदेश मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपाध्यक्ष पद पर सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, मोहित बेनीवाल, प्रियंका रावत, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल और डॉ. कृतिका अग्रवाल सहित कई नेताओं को शामिल किया गया है। रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल और राजेश चौधरी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। पश्चिम क्षेत्र की जिम्मेदारी नबाब सिंह नागर, ब्रज क्षेत्र की पूरन लाल लोधी, अवध क्षेत्र की अवधेश द्विवेदी तथा गोरखपुर क्षेत्र की विनोद राय को सौंपी गई है।

युवा मोर्चा अध्यक्ष के रूप में रोहित मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष के रूप में सरोज कुशवाह और किसान मोर्चा अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य प्रवक्ता, मनीष दीक्षित को मीडिया संयोजक तथा हिमांशुराज पंडित को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। नई कार्यकारिणी में महिला नेतृत्व को भी प्रमुख स्थान दिया गया है, जिसे संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# युवक की गंगा में डूबने से मौत, दोस्त लापता

**बदायूं।** थाना उझानी क्षेत्र के चंदनपुर गांव के पास गंगा नदी में स्नान करने गए चार दोस्तों में से एक की डूबने से मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक लापता है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश दोनों है।

मुजरिया थाना क्षेत्र के बगुला नगला निवासी 20 वर्षीय नन्हे पुत्र दाताराम, 23 वर्षीय विवेक पुत्र लीलाधर, ज्ञान सिंह और शंकर गंगा स्नान के लिए चंदनपुर घाट गए थे। नहाते समय नन्हे और विवेक गहरे पानी में चले गए। ज्ञान सिंह और शंकर ने शोर मचाया लेकिन तब तक नन्हे डूब चुका था। विवेक का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के तीन घंटे बाद तक कोई रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में भारी आक्रोश है। बाद में गोताखोरों की मदद से नन्हे का शव बरामद कर लिया गया। विवेक की तलाश जारी है।

# लेखपाल निलंबित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सख्त रुख अपनाया



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साई आश्रित शाख मुरी ने सख्त रुख अपनाते हुए एक लेखपाल को निलंबित कर दिया है। समीक्षा के दौरान प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर नागपुर नूरपुर में तैनात लेखपाल राहुल शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जांच के आधार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह, राजस्व निरीक्षक शादाब अली नकवी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## महाराष्ट्र विधानसभा में शरिया कानून और बहुविवाह की वकालत करने वाली सना मलिक से कुछ सवाल

अगर भारत में रहकर किसी को पाकिस्तान का कानून, शरिया आधारित व्यवस्था या कुरान के नाम पर चलने वाला शासन इतना ही पसंद है, तो सबसे पहले उसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था का लाभ उठाना बंद कर देना चाहिए और उसी देश में जाकर बस जाना चाहिए जिसकी व्यवस्था की वह इतनी खुलकर वकालत कर रहा है। भारतीय संविधान की शपथ लेकर चुनाव जीतना, विधायक बनकर लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचना और फिर उसी सदन में खड़े होकर पाकिस्तान जैसे देश के कानून की तारीफ करना केवल गैर जिम्मेदाराना नहीं, बल्कि देश की संवैधानिक आत्मा का अपमान है। शर्मनाक बात यह है कि यह बयान किसी कट्टरपंथी संगठन के मंच से नहीं, बल्कि महाराष्ट्र विधानसभा के भीतर भाजपा की सहयोगी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विधायक सना मलिक ने दिया। हम आपको बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में समान नागरिक संहिता, तीन तलाक और मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा अचानक उस समय भड़क उठी जब सना मलिक ने खुलेआम कहा कि भारत में भी पाकिस्तान की तरह इस्लामिक कानून लागू होना चाहिए। उन्होंने कुरान और मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए बहुविवाह और तीन तलाक का समर्थन किया। यह बयान उस समय आया जब सदन में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों और उनके साथ हो रहे अत्याचारों पर गंभीर चर्चा चल रही थी। पूरा मामला भाजपा विधायक देवयानी फरांदे द्वारा नियम 105 के तहत प्रस्तुत ध्यानाकर्षण नोटिस से शुरू हुआ। उन्होंने सदन में कहा कि केंद्र सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाया, लेकिन महाराष्ट्र में उसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिम महिलाओं को आज भी बहुविवाह, घरेलू हिंसा और तलाक जैसी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। देवयानी फरांदे ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने में तीन मुस्लिम महिलाएं सहायता के लिए उनके पास पहुंचीं। किसी महिला को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई, तो किसी के पति ने उस पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर समान नागरिक संहिता कब लागू होगी और इसके लिए क्या विशेष कार्यबल बनाया जाएगा? लेकिन मुस्लिम महिलाओं के दर्द और उनके अधिकारों की चर्चा के बीच सना मलिक ने जिस तरह पाकिस्तान और इस्लामिक कानून का समर्थन किया, उसने पूरे सदन का माहौल गरमा दिया। सना मलिक ने कहा कि पाकिस्तान ने कोई नया कानून नहीं बनाया, बल्कि कुरान में जो व्यवस्था दी गई है, उसका पालन किया है और भारत को भी पाकिस्तान की तरह कुरान के नियमों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बहुविवाह केवल मुस्लिम समाज में नहीं, बल्कि हर धर्म में होता है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह तक कह दिया कि मुसलमानों में बहुविवाह का तरीका सिखाया गया है और उसका पालन होना चाहिए, इसके लिए कानून बनाया जाना चाहिए। देखा जाये तो यह बयान केवल राजनीतिक विवाद नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को उजागर करता है जो भारत के संविधान से ऊपर मजहबी कानून को रखने की कोशिश करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर एक महिला विधायक होकर भी सना मलिक को उन हजारों, लाखों मुस्लिम महिलाओं का दर्द क्यों नहीं दिखाई देता जो बहुविवाह और तीन तलाक जैसी प्रथाओं की वजह से वर्षों तक प्रताड़ना झेलती रही हैं। देश में कई ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं जहां कई पत्नियां रखने वाले पुरुषों पर महिलाओं के शोषण, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगे। इसके बावजूद बहुविवाह को जायज ठहराना आखिर किस मानसिकता का परिचायक है? उधर, सना मलिक के बयान पर प्रतिक्रियाएं भी आने लगी हैं। भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने सना मलिक के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि चर्चा का विषय तीन तलाक कानून का क्रियान्वयन है, पाकिस्तान या मजहबी परंपराएं नहीं। उन्होंने साफ कहा कि यह देश संविधान से चलता है, कुरान से नहीं। यहां पाकिस्तान और धार्मिक कानूनों की वकालत करने की कोई आवश्यकता नहीं है। भाजपा और शिवसेना के विधायकों ने भी सना मलिक के बयान का जोरदार विरोध किया। महाराष्ट्र सरकार की ओर से गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि महायुति सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक का मसौदा तैयार करने के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति बनाई जाएगी। उन्होंने उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लागू समान नागरिक संहिता कानून में बहुविवाह पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है और उल्लंघन करने वालों के लिए सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

# संविधान का विधान और आचरण की चुनौती



गिरीश्वर मिश्र

(लेखक अंतराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति हैं)

भारत का संविधान कई दृष्टियों से एक विश्व का अनोखा दस्तावेज है जिसमें लोकतंत्र की सुरक्षा ही नहीं बल्कि उसको कार्यान्वित करने की व्यवस्था भी एक स्वायत्त प्रणाली के ढंग से की गई है। एक जीवित प्राणी की तरह यह संविधान अपने ऊपर भी लागू होता है और आवश्यकतानुसार अपने में बदलाव करने में भी सक्षम है। यह सुनम्यता या लचीलापन ही सोद्देश्य है। यह देश-काल और परिस्थितियों की जरूरतों के अनुसार जरूरी कदम उठाने की छूट देता है। देश के संविधान-निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर सोच-विचार और एक लंबी खुली बहस के बीच आम सहमति बनाते हुए इसको अंतिम रूप दिया था। भारत की पृथभूमि और तात्कालिक परिस्थितियों को देखते हुए यह निश्चय ही एक बड़ी उपलब्धि थी। अंग्रेजों के उपनिवेश से स्वतंत्र हो रहे भारतवर्ष की स्थिति 1947 में तत्कालीन जन-संख्या, शिक्षा के सीमित विस्तार, उद्योग धंधों की कमी, सांस्कृतिक विविधता और आर्थिक विपन्नता आदि की स्थिति को देखते हुए सन्तोषदायी नहीं थी। स्वतंत्रता मिली थी पर वह विभाजित हो रहे देश की स्वतंत्रता थी और विभाजन के बड़ी और स्थायी त्रासदी बन गया।

उक्त पृष्ठभूमि में यह कहा जा सकता है कि भारतीय संविधान समग्र देश की आकांक्षा को मूर्त रूप में स्थापित करने की एक सफल कोशिश थी। संविधान को एक महास्वप्न के रूप में रचा गया था। इसके लिए संविधान-निर्माताओं के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा। इस संविधान के साथ देश ने समाज की व्यवस्था के संचालन के लिए सरकार का भरपूर समर्थन भी किया। संवैधानिक संस्थाएँ स्थापित की गई और एक स्वतंत्र देश की जीवन-यात्रा आरम्भ हुई। इस विशाल देश की जमीनी चुनौतियों के बीच नेतृत्व, सत्ता, लोकतांत्रिक प्रणाली और परंपरागत मूल्यों आदि का संतुलन किसी भी तरह सरल न था। जिस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सोचा था सबके हित की भावना सर्वोपरि हो यानी समाज के हर वर्ग की आवाज सुनना और उनको समझना चाहिए, एक कठिन जिम्मेदारी थी। उसे समझकर उसे व्यवहार में लागू कर पाना और भी मुश्किल था। पर धैर्य और संवेदना के साथ देश के राजनेताओं ने परिस्थिति को संभाला और संविधान की परिधि में रहकर बहुत सारे कदम उठाए। उद्योग-धंधे लगने शुरू हुए और नागरिक सुविधाओं का विस्तार का काम भी शुरू हुआ। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की आधुनिक दृष्टि के साथ देश ने आगे बढ़ने के लिए कदम बढ़ाए हालांकि उस दृष्टि की कुछ अपनी सीमायें भी थीं।

इतिहास पर नजर डालें तो सन् 50 से 75 तक की एक चौथाई सदी की अवधि बहुत सी चुनौतियों से भरी रही और उनके लिए संघर्ष करता हुआ देश उन पर काबू पाने में भी बहुत हद तक सफल भी रहा। देश के सामने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य ही नहीं युद्ध की भी चुनौतियां आईं और उनसे निपटने में सफलता भी मिली। ज्यादा ब्यौरे में न जा कर यह कहना पर्याप्त होगा कि भारत के लोगों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में हृदय से स्वीकार किया था। परंतु परिस्थितियों ने पलटी खाई। श्रीमती गांधी की राजनीतिक सोच और दृष्टि में गंभीर परिवर्तन हुआ। उनके निकट सहयोगियों ने जो अक्ल लगाई और राय दी उसने सन 1975 की जून की पचीसवीं तारीख को लोकतंत्र के इतिहास में एक अनहोनी घटना को जन्म दिया। लोकतंत्र की सामान्य स्थिति की जगह आपातकाल की घोषणा कर प्रचलित व्यवस्था एक आदेश से मुल्तबी हो गई। इमरजेंसी लागू कर पूरे विपक्ष को कटघरे में डाल दिया गया। पूरे देश में अनेक निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया और असहमति की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई। संविधान की उद्देशिका भी अपनी पसंद से बदल दी गई। उस दौर नागरिक के मौलिक अधिकारों पर पाबंदी के दौरान किस्म-किस्म के अत्याचार हुए। राजनीतिक लाभ के लिए समाज और लोकतंत्र की आत्मा के हनन का यह आख्यान लोक स्मृति में बैठ गया।





लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थगित करने वाले आपातकाल लागू करने की स्मृति भारतीय लोकतंत्र की कथा में एक दुखद घटना के रूप में सदा के लिए अंकित हो गई। तत्कालीन घटनाक्रम और बाद में जो कुछ परिवर्तन हुआ वह इस बात का गवाह है कि इस कदम के चलते देश के राजनैतिक परिदृश्य में निर्णायक मोड़ आया। बाबू जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति के आह्वान के बाद पूरे देश में राजनीति में जन-संवाद और जन-भागीदारी नए सज-धज के साथ सक्रिय हुई। उसके बाद कई नए-नए समीकरण उभरे और जोड़-तोड़ के अनेक स्थायी और अस्थायी स्वर मुखर हुए। कुल मिलाकर आभिजात्य के वर्चस्व की जगह सामाजिक बहुलता वाली राजनीति को प्रमुखता मिली। एक तरह से इस बदलाव ने भारतीय राजनीति के आचरण में एक केंद्र की सत्ता को छोड़ विकेंद्रण की प्रवृत्ति को शुरू किया। गौर तालाब है कि तब से लेकर विगत आधी सदी की देश की राजनीतिक-यात्रा वैचारिक और नीतिगत स्तर पर बड़ी ही उथल-पुथल वाली रही है। इसका एक दुखद पहलू यह रहा है कि देश हित को छोड़ कर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनैतिक दलों की उठापटक वैचारिक या नीतिगत प्रश्नों से परे हट कर निजी, सामुदायिक या क्षेत्रीय स्वार्थ सिद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ने लगी। जायज हो या नाजायज हर किस्म की महत्वाकांक्षाओं को आकार देने पर उतारू होना राजनेताओं का स्वभाव होता गया।

राजनीति का नैतिक मूल्यों से रिश्ता कमजोर होने की स्थिति में यदि राजनेता रास्ता भटक रहे हैं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। आजकल वैचारिक या नीतिगत पसंद और प्रतिबद्धता को छोड़ कर छोटे-छोटे स्वार्थ न सध पाने की स्थिति में और असंतुष्ट होने पर हर कोई छोटा बड़ा नेता अपने नए-नए दल बनाने में जुटने लगे हैं। आज दलों का दल-दल अनेक राज्यों में सक्रिय हो रहा है और प्रदेश और नेताओं के लिए देश की प्रगति या विकास का मुद्दा कोई अर्थ नहीं रख रखता। वह तभी प्रासंगिक होता है यदि वह उनके सीमित और निहित स्वार्थ के साथ जुड़ पा रहा है। ऐसे माहौल में संविधान को लोग गंभीरता से नहीं लेते और उसकी रक्षा जटिल सिद्ध हो रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक उसमें सवा सौ से ज्यादा संविधान-संशोधन संसद द्वारा स्वीकृत कर लागू किए जा चुके हैं। साथ ही संविधान की समग्र संरचना की समीक्षा और उसमें व्यापक परिवर्तन लाने की कवायद करने की बात भी यदा-कदा उठाई जाती रही है। वर्तमान संविधान की व्यवस्था व्यापक है। परंतु उसकी व्याख्या और दुर्व्याख्या भी होती रहती है। मोटे तौर पर संविधान लागू है और विधि-विधान उसी के अनुरूप हैं। कम से कम सैद्धांतिक रूप से उसी के अनुसार सरकार के संचालन और कानून की व्यवस्था करने पर ज़ोर है परंतु संविधान के वायदे के अनुसार मौलिक अधिकारों का पालन न कर उसके प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हनन और उल्लंघन की घटनाएँ भी अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं।

विगत बारह वर्षों से केंद्र की सरकार में स्थिरता है और देश को आगे रख कर विकास की नीति पर गहनता से काम किया जा रहा है। समाज के पिछड़े वर्गों की स्थिति में सुधार के फलस्वरूप अति गरीबी से बड़ी संख्या में लोगों को छुटकारा मिला है। यातायात की सुविधाओं में बहुत सुधार हुआ है। शिक्षा की दृष्टि से बदलाव के लिए प्रयास जारी हैं। कानूनी व्यवस्था में भी सुधार लाया जा रहा है। एक समर्थ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्धता तो प्रकट है पर उसे साकार करने के लिए जरूरी सत्य-निष्ठा और आत्म-नियंत्रण भी जरूरी है। एक श्रेष्ठ कार्य संस्कृति को स्थापित करना भी जरूरी है। भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं को देखते हुए यह कहना कठिन है कि संविधान अपना काम पूरी तरह ठीक से कर रहा है या उसे काम करने दिया जा रहा है। संविधान नीति-नियामक है लेकिन उसे उचित सम्मान भी मिलना चाहिए। उसे लागू करना और उसका दुरुपयोग होने से रोकना भी जरूरी है। संविधान के प्रावधानों की अवहेलना और कुव्याख्या के भी मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में आचरण की चुनौती व्यापक स्तर पर सचेत होकर कार्य करने के लिए चेतावनी देती है। संविधान लोकतंत्र और समाज के हित में कार्य करता रहे इसके लिए सरकार और जनता सबकी प्रतिबद्धता जरूरी है।

# निर्जला एकादशी का दूजा नाम भीमसेनी एकादशी है

■ मुकेश ऋषि

सनातन धर्म में ज्येष्ठ का महीना अति पावन होता है। यह महीना पूर्णतया जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस महीने में निर्जला एकादशी मनाई जाती है। इस व्रत की महिमा विष्णु पुराण समेत कई प्रमुख सनातन शास्त्रों में निहित है। कहते हैं कि निर्जला एकादशी व्रत करने से साधक को सभी एकादशी के बराबर पुण्य फल मिलता है। हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी के अगले दिन निर्जला एकादशी मनाई जाती है। इसके अगले दिन यानी द्वादशी तिथि को पारण किया जाता है। इस व्रत में निर्जला उपवास रखा जाता है। व्रत के दौरान एकादशी तिथि के सूर्योदय से लेकर द्वादशी तिथि के सूर्योदय होने तक अन्न और जल ग्रहण नहीं किया जाता है। निर्जला एकादशी के दौरान अन्न और जल ग्रहण करना वर्जित है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 24 जून को शाम 06:12 बजे शुरू होगी और 25 जून को रात 08:09 बजे समाप्त होगी। अंग्रेजी कैलेंडर से 25 जून को निर्जला एकादशी मनाई जाएगी। वहीं, सनातन धर्म में उदया यानी सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। इस व्रत को करने से साधक (व्यक्ति) दीर्घायु होता है। वहीं, मृत्यु के बाद साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। सभी एकादशियों में निर्जला एकादशी श्रेष्ठ है। व्रत के दौरान जल ग्रहण पूर्णतः वर्जित है। इस व्रत को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। गंगा दशहरा के एक दिन बाद निर्जला एकादशी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर साधक अपने घरों पर व्रत रख लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। वहीं, मंदिरों में भगवान विष्णु और देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा और आरती की जाती है। निर्जला एकादशी के दिन भद्रावास और वरीयान योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही हस्त और चित्रा नक्षत्र का भी निर्माण हो रहा है। वहीं, अभिजित मुहूर्त और वणिज करण के भी योग हैं।



निर्जला एकादशी व्रत कथा महाभारत काल में गदाधारी भीम को छोड़कर पांडव परिवार के सभी सदस्य एकादशी का व्रत करते थे। एक बार गदाधारी भीम ने वेदव्यास जी से पूछा- पितामह! मैं भूखे नहीं रह सकता हूं। इसके लिए एकादशी का व्रत नहीं रखता हूं। आप कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल प्राप्त हो जाए। तब वेदव्यास जी बोले- हे कौंतेय! तुम तनिक भी चिंता न करो। धर्म में इसका विधान है। तुम ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन निर्जला व्रत रखा करो। तुम्हें सभी एकादशी के बराबर फल मिलेगा। यह जान गदाधारी भीम हर साल निर्जला एकादशी के दिन व्रत रखते थे। इसके लिए निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। निर्जला एकादशी पर दान करना बेहद शुभ होता है। इस शुभ तिथि पर जल और अन्न का दान करना चाहिए। इसके साथ ही साधक मिट्टी के कलश, फल, कपड़े (वस्त्र), छाता, जूते और चप्पल आदि का दान कर सकते हैं। निर्जला एकादशी का पारण समय 26 जून 2026 शुक्रवार को सुबह 05:25 से 08:13 के बीच किया जाएग। द्वादशी तिथि के दिन सूर्योदय के बाद और हरिवासर (द्वादशी की शुरुआत के कुछ घंटे) समाप्त होने के पश्चात ही व्रत खोला जाता है। स्थानीय पंडित जी से भी संपर्क कर पारण समय जान सकते हैं। द्वादशी तिथि पर स्नान-ध्यान के बाद विधि विधान से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के बाद अन्न का दान करें। इसके बाद निर्जला एकादशी का पारण यानी व्रत खोलें।

# वैश्विक आर्थिक नेतृत्व की दिशा में भारत की सशक्त पहल



■ प्रतिभा झा

आगरा में संपन्न हुआ प्रथम ब्रिक्स एमएसएमई फोरम केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नहीं था, बल्कि यह उस बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य का महत्वपूर्ण संकेत भी था, जिसमें भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में नहीं, बल्कि विकासशील देशों की आकांक्षाओं को दिशा देने वाली नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में स्थापित होता दिखाई दे रहा है। विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों की उपस्थिति में आयोजित यह मंच भारत की बढ़ती आर्थिक विश्वसनीयता, नीतिगत परिपक्वता और वैश्विक स्वीकार्यता का सशक्त प्रमाण बनकर उभरा है।

ऐसे समय में जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से घिरी हुई है, ब्रिक्स एमएसएमई फोरम ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य की आर्थिक स्थिरता और समावेशी विकास का आधार बड़े औद्योगिक समूहों से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में निहित है। रोजगार सृजन, नवाचार, स्थानीय उत्पादन और सामाजिक-आर्थिक संतुलन के क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका को अब वैश्विक स्तर पर नई गंभीरता से स्वीकार किया जा रहा है। भारत लंबे समय से इस तथ्य को अपनी नीतियों का आधार बनाता रहा है और आगरा में आयोजित सम्मेलन ने इस दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्रदान किया है।

फोरम के दौरान हुई चर्चाओं ने यह रेखांकित किया कि वैश्विक दक्षिण के देशों के सामने मौजूद आर्थिक चुनौतियाँ काफी हद तक समान हैं। पूंजी तक सीमित पहुँच, तकनीकी अंतर, वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा तथा आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाएँ ऐसे मुद्दे हैं जिनका समाधान केवल सहयोगात्मक प्रयासों से ही संभव है। इस संदर्भ में भारत ने संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर आधारित जिस दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया, उसने व्यापक सराहना प्राप्त की। यह भारत की कूटनीतिक और आर्थिक रणनीति की सफलता का भी संकेत है कि वह विभिन्न देशों के बीच विश्वास और सहयोग का सेतु बनने में सफल रहा है।

पिछले एक दशक में भारत सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार बहुआयामी प्रयास किए हैं, उनकी प्रतिध्वनि इस सम्मेलन में स्पष्ट रूप से सुनाई दी। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएँ, डिजिटलीकरण तथा वित्तीय समावेशन की पहलों ने छोटे उद्यमों के लिए नए अवसरों का निर्माण किया है। विशेष रूप से डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में भारत ने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे आज विश्व के अनेक देशों के लिए अध्ययन और अनुकरण का विषय बन चुकी हैं।

फोरम में भारत के डिजिटल मॉडल को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि तकनीक का लोकतंत्रीकरण आर्थिक विकास का प्रभावी माध्यम बन सकता है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), ऑनलाइन पंजीकरण प्रणालियाँ और डिजिटल सेवाओं तक व्यापक पहुँच ने भारतीय उद्यमियों के लिए व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और कम लागत वाला बनाया है। इससे छोटे उद्यमों की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह





उपलब्धि केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति-निर्माण का परिणाम भी है।

ब्रिक्स एमएसएमई फोरम ने यह भी स्पष्ट किया कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में शक्ति संतुलन धीरे-धीरे बदल रहा है। लंबे समय तक आर्थिक नीतियों और व्यापारिक मानकों को निर्धारित करने का अधिकार सीमित देशों के हाथों में केंद्रित रहा, किंतु अब विकासशील राष्ट्र अपनी प्राथमिकताओं को लेकर अधिक मुखर और संगठित दिखाई दे रहे हैं। भारत ने इस परिवर्तन को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान 'वैश्विक दक्षिण की आवाज' को प्रमुखता देने के बाद ब्रिक्स मंच पर भी भारत ने समावेशी और संतुलित आर्थिक विकास की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया।

आगरा सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी रहा कि आर्थिक प्रगति केवल विकास दर के आँकड़ों तक सीमित नहीं हो सकती। यदि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचता, तो उसकी स्थिरता और उपयोगिता दोनों प्रश्नों के घेरे में आ जाती हैं। एमएसएमई क्षेत्र इस चुनौती का सबसे प्रभावी उत्तर प्रस्तुत करता है, क्योंकि यह स्थानीय स्तर पर अवसरों का निर्माण करता है और विकास को अधिक व्यापक आधार प्रदान करता है। भारत की नीतियों में इस क्षेत्र को निरंतर प्राथमिकता मिलना इसी समझ का परिणाम है।

निस्संदेह, चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। भारतीय एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप और अधिक तकनीकी दक्ष, नवाचारी तथा निर्यातोन्मुख बनाने की आवश्यकता है। वित्तीय संसाधनों तक पहुँच और कौशल विकास के क्षेत्र में भी निरंतर सुधार अपेक्षित हैं। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जिस दिशा में प्रयास किए गए हैं, उसने एक मजबूत आधार तैयार किया है। आगरा में आयोजित फोरम ने इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की है।

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि संभवतः यह रही कि इसने भारत को केवल मेजबान राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि विचार और समाधान प्रस्तुत करने वाले देश के रूप में स्थापित किया। वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच भारत ने सहयोग, नवाचार और समावेशिता पर आधारित जिस आर्थिक दृष्टि को सामने रखा, वह भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतीत होती है। यही कारण है कि आज विश्व भारत को केवल एक विशाल बाजार के रूप में नहीं, बल्कि संभावनाओं और नेतृत्व के केंद्र के रूप में देखने लगा है।

ब्रिक्स एमएसएमई फोरम के समापन के साथ एक सम्मेलन अवश्य समाप्त हुआ है, किंतु उससे उत्पन्न संभावनाओं की यात्रा अभी प्रारंभ हुई है। यदि इस मंच पर हुई चर्चाएँ ठोस साझेदारियों, निवेश, तकनीकी सहयोग और बाजार विस्तार की योजनाओं में परिवर्तित होती हैं, तो इसका लाभ करोड़ों उद्यमियों तक पहुँचेगा। इससे न केवल भारत की आर्थिक शक्ति और सुदृढ़ होगी, बल्कि विकासशील देशों के बीच सहयोग का एक नया मॉडल भी स्थापित होगा।

भारत के लिए यह अवसर आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि आगे बढ़ने के संकल्प का है। आगरा ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि नया भारत केवल अपने विकास की कहानी नहीं लिख रहा, बल्कि वैश्विक विकास के नए अध्याय की प्रस्तावना भी तैयार कर रहा है। ब्रिक्स एमएसएमई फोरम उसी प्रस्तावना का महत्वपूर्ण पृष्ठ है, जो आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक नेतृत्व क्षमता को और अधिक स्पष्ट रूप से परिभाषित कर सकता है।

(लेखिका दिल्ली विश्वविद्यालय हिंदी विभाग, की शोधार्थी है।)

## मोदी को ईरान जाना चाहिए या नहीं जाना चाहिए?

वैसे तो अक्सर तमाम देशों के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश में आने का निमंत्रण देते रहते हैं और प्रधानमंत्री उन्हें स्वीकार भी करते रहे हैं लेकिन ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐसा निमंत्रण भेजा है जिससे भारत के लिए कूटनीतिक धर्मसंकट जैसी स्थिति पैदा हो गयी है। दरअसल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई का राजकीय अंतिम संस्कार किया जाना है जिसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार इस निमंत्रण पर चर्चा कर रही है और जल्द ही इस पर फैसला ले लिया जायेगा। बताया जा रहा है कि चार जुलाई से नौ जुलाई तक तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले इन समारोहों में करोड़ों लोगों और दुनिया भर के कई नेताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। खामेनेई का पार्थिव शरीर पहले तेहरान के ग्रैंड मुसल्ला परिसर में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा, फिर राजकीय अंतिम यात्रा निकलेगी और अंत में उन्हें मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। गौरतलब है कि खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी को तेहरान पर अमेरिकी और इजराइली हमलों में हुई थी। इस हमले में ईरान के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए थे। भारत ने खामेनेई की मृत्यु पर पहले ही संवेदना व्यक्त की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास जाकर शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए थे। लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होंगे? यदि भारत के पिछले कूटनीतिक व्यवहार और वर्तमान वैश्विक समीकरणों को देखा जाए तो संभावना यही दिखाई देती है कि भारत अत्यंत सतर्क और संतुलित रास्ता अपनाएगा। संभव है कि भारत प्रधानमंत्री स्तर पर प्रतिनिधित्व न भेजे और किसी वरिष्ठ मंत्री या विशेष दूत को समारोह में शामिल होने के लिए भेजे। इसके पीछे कई कारण हैं। पहला कारण भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति है। भारत एक ओर ईरान के साथ ऐतिहासिक और सामरिक संबंध बनाए रखना चाहता है, तो दूसरी ओर अमेरिका और इजराइल के साथ भी उसके गहरे रणनीतिक संबंध हैं। आज भारत रक्षा, प्रौद्योगिकी, निवेश और भू रणनीतिक सहयोग के मामले में अमेरिका और इजराइल दोनों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री का तेहरान जाकर उस नेता के अंतिम संस्कार में शामिल होना, जिसकी मृत्यु अमेरिकी और इजराइली हमले में हुई हो, एक मजबूत राजनीतिक संकेत माना जाएगा। भारत शायद ऐसा संदेश देने से बचेगा। दूसरा कारण पश्चिम एशिया में भारत की व्यावहारिक नीति है। भारत लंबे समय से इस क्षेत्र में किसी एक खेमे का हिस्सा बनने से बचता आया है। चाहे सऊदी अरब हो, संयुक्त अरब अमीरात हो, इजराइल हो या ईरान, भारत ने सभी के साथ अलग अलग हितों के आधार पर संबंध बनाए रखे हैं। यही भारत की स्वतंत्र कूटनीति की पहचान भी है।

# 25 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड बनाएगी योगी सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों को खेती-किसानी के लिए आसानी से पूंजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में बड़े स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अभियान चलाने का फैसला किया है।

सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 25 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने और 58.90 लाख पुराने केसीसी के नवीनीकरण का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही खरीफ सीजन में किसानों को 2,14,457.75 करोड़ रुपये का फसली ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी की गई है।

कृषि विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी करते हुए बैंकिंग संस्थाओं के साथ समन्वय बनाकर अभियान चलाने को कहा है। सरकार का मानना है कि समय पर ऋण उपलब्ध होने से किसान बीज, उर्वरक, कीटनाशक और अन्य कृषि निवेश आसानी से खरीद सकेंगे, जिससे खेती की लागत का प्रबंधन बेहतर होगा और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वर्ष खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों को 53,194.80 करोड़ रुपये का फसली ऋण वितरित किया गया था, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 71 प्रतिशत ही रहा। लक्ष्य से पीछे रहने के कारण इस बार सरकार ने विशेष रणनीति तैयार की है।

# अखिलेश बोले: भाजपा सरकार अब कोचिंग बंदी ले आई, आपदा में ढूंढी सम्पदा; उठाया म्यूट वीडियो का मुद्दा



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए जनता को सुरक्षा मानकों के नाम पर परेशान कर रही है। सवाल किया कि क्या पिछले 10 साल से सरकार सो रही थी। एक दिन में इतना स्टाफ कहां से आया कि पूरे प्रदेश में हजारों लोगों को जांच के बाद नोटिस थमा दिया गया। आपि लगाया कि अब सुरक्षा मानकों और अनुमति आदि के नाम पर करोड़ों की उगाही का खेल शुरू हो गया है और भाजपाई आपदा में सम्पदा ढूंढ लेते हैं। ने कहा कि कोचिंग संस्थानों को बंद करने से, उन लाखों बच्चों का क्या होगा जो तैयारी कर रहे हैं। इससे अच्छा तो नोटिस देकर सुरक्षा मानकों के लिए तुरंत व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएं, जिससे किराये पर रह रहे बच्चों के कोर्स समय पर खत्म हो सकें। विवेक हर लेता है। जो दूर से ये धारणा बनाये बैठे थे कि 'कोई' ईमानदार है। जन-सेवा में निस्वार्थ भाव से लगा है। उन्होंने कहा कि माननीय का 'म्यूट कर दिया गया वो वीडियो' देखकर उनका भी सारा भ्रम टूटकर चकनाचूर हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो व्यक्ति परिवार को सांत्वना देने की जगह अपने कठोर हाव-भाव के साथ बोल रहा हो, वो कितना संवेदना शून्य होगा, अब ये बात खुल गई है। सपा प्रमुख ने कहा कि सबसे ज्यादा ठेस इनके सबसे बड़े उन प्रशंसकों और समर्थकों को लगी है क्योंकि वो जब ये सोचकर देख रहे हैं कि कहीं ऐसी दुखद घटना उनके परिवार के साथ घटती और ऐसा दुर्व्यवहार होता तो क्या होता। अखिलेश यादव ने कहा कि कटु-वचन वाणी का ये पहला उदाहरण नहीं है। तंज कसा कि अब क्या माननीय ये कहेंगे कि पूरी दुनिया में फैल चुका उनका वीडियो एआई जेनरेटेड है।

## सार संक्षेप



### राजधानी में बिजली संकट को लेकर बवाल, प्रदर्शनकारियों ने ऑपरेटर को पीटा, उपकेंद्र में घुसकर मेज-कुर्सी पलटी

**लखनऊ।** बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज लोगों ने उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। तकनीकी खराबी के कारण कई इलाकों में घंटों बिजली बाधित रही। बाद में अधिकारियों और कर्मचारियों ने फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। कृष्णानगर थाना क्षेत्र में बीते बुधवार को रात को बिजली संकट को लेकर न्यू आलमबाग उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर खूब बवाल हुआ। बिजली संकट से परेशान लोगों ने उपकेंद्र की निगरानी करने वाले ऑपरेटर को पीटा। बंद बिजली रात 12 :45 बजे चालू हो गई, मगर फ्यूज व एबीसी जलने के कारण जिम्मेदार इंजीनियर व कर्मचारी बृहस्पतिवार सुबह छह बजे उपकेंद्र पर जागे। लोगों ने बताया कि रात करीब 9 :30 बजे कानपुर रोड, एलडीए कॉलोनी के सेक्टर बी, लोकबंध अस्पताल के आसपास, बरिगवां, कृष्णानगर, गोपालपुरी, सुभाषनगर, कनौसी सहित आसपास के इलाकों की बिजली बंद हो गई। 10 मिनट दूसरे स्रोत से बिजली आई, लेकिन दोबारा रात 10 :25 बजे फिर गायब हो गई, जो रात 12 :30 बजे नहीं आ सकी। 9500 घरों में अंधेरा होने के कारण लोगों का एक झुंड आया और उपकेंद्र की निगरानी करने वाले ऑपरेटर मारने लगे। प्रदर्शनकारी उपकेंद्र में घुसकर मेज-कुर्सी उलट दी और संविदा कर्मियों से अभद्रता भी की। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंची, जिससे ऑपरेटर को पीटा था उनको फटकारा और एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी। इससे बवाल करने वाले ढीले पड़े। पुलिस कर्मियों ने कहा, जब उपकेंद्र में बिजली नहीं, तो ऑपरेटर की गलती क्यों जो आप लोगों ने उसे मारा। उधर, कृष्णानगर इंसपेक्टर पीके सिंह ने बताया कि कर्मचारी ने उपद्रव व अभद्रता करने वालों के खिलाफ तहरीर नहीं दी। एसडीओ नीरज वर्मा ने बताया कि पहले मोहान रोड ट्रांसमिशन उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में फॉल्ट आया। इसके बाद सरोजनीनगर ट्रांसमिशन उपकेंद्र से बिजली चालू की। कुछ देर बाद इस लाइन में भी खराबी आ गई। इससे उपकेंद्र बिजली के बिना हो गया। फॉल्ट को सही कराने में 33 केवी एसडीओ ने भी मदद की, जिससे सवा दो घंटे में बिजली चालू हो सकी।

### 14 करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड पकड़ा, निवेशकों को धन दोगुना-तिगुना करने का देता था झांसा

**लखनऊ।** आर्थिक अपराध जांच एजेंसी ने करोड़ों रुपये की निवेश ठगी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को कम समय में धन दोगुना-तिगुना करने का लालच देकर निवेश कराता था। बड़ी रकम जुटाने के बाद कंपनी की शाखाएं बंद कर दी गईं। मामले में अन्य आरोपियों और धन के उपयोग की जांच जारी है। 14 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) फरार चल रहे एक कंपनी के निदेशक और ठगी के मास्टरमाइंड रोहित कुमार उपाध्याय को पश्चिम बंगाल के खड़गपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश यूपी पुलिस के साथ-साथ बिहार पुलिस भी कर रही थी। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक थाना आलमबाग में वर्ष 2017 में दर्ज केस की विवेचना के दौरान रोहित कुमार उपाध्याय की भूमिका सामने आई थी। इसके बाद से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार किए जा रहे थे। जांच में पता चला कि आरओसी दिल्ली और हरियाणा व आरओसी कानपुर में पंजीकृत एम/एस पियर्स एलाइड कॉरपोरेशन लिमिटेड और एम/एस डीपियर्स एलाइड कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य कर्ताधर्ताओं, निदेशकों-कर्मचारियों ने भारतीय रिजर्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण प्राप्त किए बिना निवेश योजनाएं संचालित की थीं। आरोप है कि कंपनी ने आरडी (आईबीपी) और एफडी (एसआईपी) जैसी योजनाओं के जरिए लोगों को कम समय में धन दोगुना और तिगुना करने का लालच दिया। निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उन्हें कथित तौर पर कूटरचित बॉन्ड और रसीदें जारी की गईं।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में एफआईआर, ट्रस्टी अनिल मिश्रा के दो रिश्तेदार, चंपत के ड्राइवर टिन्नू समेत आठ नामजद

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** राम मंदिर की दानराशि और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं की जांच के बाद पहली प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच एजेंसियां वित्तीय लेनदेन, दान प्रबंधन और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल कर रही हैं। मामले में आगे और खुलासे तथा कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आखिरकार एफआईआर दर्ज कर ली गई। एसआईटी की रिपोर्ट शासन को सौंपे जाने के दो दिन बाद दर्ज हुए मुकदमे में ट्रस्ट के प्रभावशाली पदाधिकारियों से जुड़े लोगों के नाम सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश और चढ़ावा राशि की चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, छह जून को राम मंदिर के चढ़ावे में अनियमितता और चोरी का मामला उजागर हुआ था। प्रारंभिक स्तर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने खुद संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की थी। बढ़ते विवाद के बीच 13 जून को एसआईटी गठित की गई, जिसने जांच पूरी कर मंगलवार को शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपते हुए एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की थी।

बृहस्पतिवार को ट्रस्टी कृष्ण मोहन की तहरीर पर अयोध्या के कोतवाली रामजन्मभूमि में मुकदमा दर्ज किया गया। एफआईआर में ट्रस्ट सदस्य अनिल मिश्रा के रिश्तेदार अनुकल्प मिश्रा और लवकुश मिश्रा, महासचिव चंपत राय के चालक रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, गणना कर्मी मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, रमाशंकर मिश्र और गणना प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव को नामजद किया गया है। इसके अलावा कई अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से साजिश रचकर चढ़ावा राशि के साथ धोखाधड़ी की और धनराशि का गबन किया। पुलिस ने नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में आगे और लोगों की भूमिका सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को एसआईटी से मिलकर जमीन की खरीद-फरोख्त संबंधी 11 दस्तावेज सौंपे। दावा किया कि इन जमीनों की बिक्री व खरीदारी में करोड़ों रुपये का हेरफेर व घोटाला किया गया। एसआईटी अब दस्तावेजों की तस्दीकर जांच शुरू की है। सांसद ने आरोप लगाया है कि मंदिर के लिए कई जमीनें बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदी गईं, जिससे चंदे की रकम को भारी नुकसान पहुंचाया गया। एसआईटी अध्यक्ष व लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और सदस्य नील रतन से मिलकर संजय सिंह ने कहा है कि जिन लोगों के नाम हाल ही में मंदिर के चढ़ावे और दानपात्र में अनियमितताओं के मामले में सामने आए हैं, उन्हीं लोगों की भूमिका जमीन खरीद के विवादित सौदों में भी दिखाई दे रही है। उन्होंने दस्तावेज देने के साथ मामले की गहनता से जांच कर कार्रवाई की मांग की।



# चंपत के बहाने केजरीवाल का मोदी पर हमला कहा- ऐसा क्या है जिसके चलते चुप हैं पीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज दोपहर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे, यहां से वे सीधे अयोध्या के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर केजरीवाल ने श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में प्रधानमंत्री की चुप्पी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सोचिए, चंपत राय ने प्रधानमंत्री को हिसाब देने से मना कर दिया।

उन्होंने कहा कि चंपत राय की इतनी हिम्मत कैसे हो गई? चंपत राय ऐसे क्या राज जानते हैं कि प्रधानमंत्री भी उनके सामने मजबूर हैं? दूसरी तरफ एसआईटी छोटे-छोटे कर्मचारियों को बुलाकर करोड़ों हिंदुओं की आंखों में धूल झोंक रही है। श्रीराम मंदिर से चढ़ावा चोरी की जिस तरह की खबरें आ रही हैं, उससे मेरा और मुझ जैसे करोड़ों लोगों का मन बहुत आहत व व्यथित है।

इन लोगों ने भगवान जी का चढ़ावा, उनकी माला और उनकी पादुका तक चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि लगभग 200 करोड़ कैश और श्रद्धालु द्वारा दी गई 200 किलो चांदी भी चोरी कर ली गई है। केजरीवाल ने एसआईटी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एसआईटी किस कानून की किस धारा के तहत बनी है? इसके पास जांच करने की कोई पावर ही नहीं है।

# नगर के वार्ड संख्या दो में व्यायामशाला, ओपन जिम का निर्माण शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के वार्ड संख्या दो में वार्ड वासियों की सुविधा के लिए नगर पालिका द्वारा व्यायामशाला ओपन जिम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें नगर के बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग लोग अपनी इच्छा व सुविधा के अनुसार स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए व्यायाम एवं जिम का इस्तेमाल कर सकेंगे।

व्यायामशाला एवं जिम के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने नगर वासियों को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सोच के अनुरूप ही नगर के विकास एवं सौंदर्यकरण कार्य संपन्न किया जा रहे हैं। नगर के वार्डों में व्यायामशाला एवं जिम के निर्माण से नगरवासी स्वस्थ्य मनोरंजन कर सकेंगे। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए पालिका अध्यक्ष जोशी के कार्यों की सराहना की। निर्माण के शुभारंभ अवसर पर सभासद गोकुल ओली, गोविंद बल्लभ गहतोड़ी, तारा सिंह तड़ागी, गणेश चन्द, हीरा रावत, बंशीधर पंत, बहादुर सिंह मेहरा आदि मौजूद रहें।



वार्ड दो में ओपन जिम का निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते पालिका अध्यक्ष जोशी।

# 'संविधान हत्या दिवस' पर सीएम योगी बोले- लोकतंत्र सेनानियों को जल्द मिलेगी पांच लाख की स्वास्थ्य सुविधा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** आपातकाल की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान और कल्याण के लिए नई घोषणाएं की गईं। जल्द ही उन्हें वार्षिक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्था मिलेगी। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों की रक्षा और ऐतिहासिक घटनाओं पर भी चर्चा हुई।

आपातकाल की 51वीं बरसी पर आयोजित ''संविधान हत्या दिवस'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र सेनानियों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही उनके निधन पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराने की व्यवस्था भी की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोगों का सम्मान करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सेनानियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जेल की यातनाएं सहीं और अनेक कठिनाइयों का सामना किया। इसलिए प्रदेश सरकार उनके सम्मान और कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है।

# अयोध्या जमीन खरीद विवाद: आप सांसद संजय सिंह ने एसआईटी को दिए भूमि घोटाले के सबूत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित जमीन घोटाले के मामले में गुरुवार को विशेष जांच दल (SIT) को जमीन घोटाले के सबूत सौंपे हैं। संजय सिंह सुबह करीब 11 बजे लखनऊ स्थित एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के कार्यालय पहुंचे और करीब 12 मिनट तक वहां रहे। मुलाकात के बाद बाहर निकलने के दौरान उन्होंने दावा किया कि उन्होंने जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े 11 अहम दस्तावेज जांच एजेंसी को दिए हैं।

मीडिया से बातचीत में संजय सिंह ने कहा कि राम मंदिर से जुड़े मामलों में कई तथ्य सामने आ चुके हैं। चढ़ावे में कथित गड़बड़ी और जमीन खरीद से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही कोई एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है और जांच को निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि कई जमीनों को पहले कम कीमत पर खरीदा गया और बाद में ट्रस्ट या उससे जुड़े लोगों को कई गुना अधिक कीमत पर बेचा गया। उन्होंने दावा किया कि कुछ मामलों में जमीन खरीदने और बाद में ट्रस्ट को बेचने वाले लोगों के बीच एक ही गवाह मौजूद थे। उनके अनुसार, इन सौदों में कुछ नाम बार-बार सामने आ रहे हैं, जिनकी भूमिका की जांच जरूरी है। आप सांसद ने दावा किया कि एक जमीन, जिसे पहले करीब पांच करोड़ रुपये से कम में खरीदा गया था, उसे बाद में आठ करोड़ रुपये में ट्रस्ट को बेचा गया। वहीं एक अन्य मामले में जमीन खरीदने के कुछ ही मिनट बाद उसे कई गुना अधिक कीमत पर ट्रस्ट को बेचने का आरोप लगाया गया।

# प्रदेश भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी संभालने के करीब छह महीने बाद पंकज चौधरी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश भाजपा संगठन नई कार्यकारिणी घोषित कर दिया है। नई मुख्य कार्यकारिणी में 19 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री और 19 मंत्री शामिल किए गए हैं। कुल 64 लोगों की जारी सूची में छह क्षेत्रीय और छह मोर्चा के अध्यक्षों के आलावा 3 कार्यालय मंत्री भी बनाए गए हैं। वहीं, मनीष दीक्षित को एक बार फिर से मीडिया प्रभारी की कमान सौंपी गई है।

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में एमएलसी और सांसद बन चुके कई पुराने चेहरों को बदलकर नए लोगों को मौका दिया गया है। नई प्रदेश कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाई गई है। पहले प्रदेश महामंत्री, उपाध्यक्ष और मंत्रियों की कुल संख्या 41 थी। अब यह संख्या 46 हो गई है। इसके अलावा छह क्षेत्रीय अध्यक्ष, छह मोर्चा अध्यक्ष, तीन कार्यालय मंत्री और सहमंत्री मिलाकर कुल 64 पदाधिकारियों की सूची है। इनमें 27 सामान्य और 30 ओबीसी, 6 एससी और 1 एसटी पदाधिकारी हैं। पिछड़ी जातियों में ज्यादा फोकस गैर यादव ओबीसी पर है। क्षेत्र के लिहाज से नई टीम में पूर्वांचल और अवध से कुल 38 पदाधिकारी हैं। वहीं पश्चिमी यूपी और ब्रज क्षेत्र से 23 पदाधिकारियों को नई टीम में शामिल किया गया है। चुनाव प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए उपाध्यक्ष के 17 पदों को बढ़ाकर जहां 19 किया गया है, वहीं, पुराने 17 सदस्यों में से 12 पुराने सदस्यों के स्थान पर नए चेहरों को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

**मांग** जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सहकारी समितियों ने पक्ष सुनने का किया अनुरोध

# वर्ष 1963 से लीज होल्डर रहे समितियों के 0 .035 हेक्टेयर भूमि का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सहकारी समितियों के अध्यक्षों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पुरानी तहसील के सामने सहकारी समितियों के जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण को जनहित में स्थगित कराने की मांग की है। ज्ञापन में राजस्व ग्राम खटीमा के खाता संख्या 689 के खसरा संख्या 36/1 मध्ये 0.035 हेक्टेयर भूमि वर्ष 1960 के दशक से सहकारी समितियां को काबिज बताते हुए जर्जर इमारत के ध्वस्तीकरण से पूर्व उन्हें भी सुनने का अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में उत्तरीदीर्घाकर बहुउद्देशीय सहकारी समिति अध्यक्ष रेखा बोरा तथा दक्षिणी दीर्घकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति अध्यक्ष तेजेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उप जिलाधिकारी खटीमा की आख्या के अनुसार सहकारी समितियों के पुराने कार्यालय के ध्वस्तीकरण कर किसी अन्य को लीज पर देने संबंधित संस्तुति पर लिए जा रहे ध्वस्तीकरण के मामले में मौके पर कार्यरत समितियां को भी सुनने की मांग की गई है।



एसडीएम को ज्ञापन देते सहकारी समितियों के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी को को संबोधित पत्र उपजिला अधिकारी को सौंपते हुए सहकारी समिति अध्यक्षों ने कहा है कि उक्त भूमि वर्ष 1963 से सहकारी विभाग उत्तराखंड की पंजीकृत विकासखंड खटीमा की उत्तरी दीर्घाकर एवं दक्षिणी दीर्घाकर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड आतिथि तक काबिज चली आ रही है। इसका जलकर, विद्युत कर एवं गृह कर का भी नगर पालिका सहित संबंधित विभागों को अदा किया जाता रहा है। वर्तमान में चारों समितियों उत्तरी, दक्षिणी, मझोला तथा झनकट सहकारी समितियों द्वारा जन सुविधा केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है। बतौर साक्ष्य जलकर, गृहकर, विद्युतकर की रसीदें भी भेजी गई है। डीएम को भेजे पत्र में समितियों द्वारा 3 अगस्त 1963 से लगभग 63 वर्षों से अभी तक सहकारी संस्थाओं का कारोबार चल रहा है। जिसके तहत चारों सहकारी समितियों के भवन, दुकान तथा सचिव निवास भी बने हैं। इस भवन में समिति के लगभग 22,000 सदस्य कृषक समिति के शेयर होल्डर हैं तथा समिति से लेनदेन करते चले आ रहे हैं। पत्र में उक्त भवन के व्यावसायिक नजरिए से समिति की आय का एक माध्यम है। समितियों द्वारा नगर पालिका से भवन निर्माण की स्वीकृत नक्शे सहित, टेंडर अनुबंध तहसील खटीमा के पत्र 3/8/1963 की छाया प्रति एवं फोटोग्राफ भी डीएम को भेजे गए हैं। समितियों द्वारा लीज नवीनीकरण की पत्रावलियां भी शासन के समक्ष भेजी गई हैं। भवन ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से पूर्व उनके पक्ष को सुनने की पुरजोर मांग की गई है। चारों समितियों के अध्यक्षों ने कहा है कि समितियों की लीज नवीनीकरण करने के बजाय उनके जर्जर भवन को किसी अन्य को लीज में देने की प्रक्रिया शुरू करना बेहद चिंताजनक बताया गया है।

# फतेहपुर सीकरी में आयोजित डायमंड बॉल नेशनल प्रतियोगिता में गुरुकीरत सिंह ने जीता कांस्य पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित फतेहपुर सीकरी में संपन्न हुई डायमंड बॉल नेशनल प्रतियोगिता में मझोला दाह ढ़ाकी निवासी जसकीरत सिंह सोहल ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के कई राज्यों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

कांटे की टक्कर वाले इस प्रतियोगिता में जसकीरत ने अपनी बेहतरीन रणनीति और चुस्ती फुर्ती का फायदा उठाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जसकीरत सिंह ने पदक तालिका में अपना तीसरा स्थान सुरक्षित कर बड़ी सफलता हासिल की। जसकीरत सिंह ने कहा फतेहपुर सीकरी जैसी ऐतिहासिक जगह पर आयोजित इस नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीतना मेरे लिए गर्व का विषय है। यह जीत मेरे परिजनों कोच और उन सभी लोगों को समर्पित है जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मझोला दाह ढ़ाकी के आसपास के स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने जसकीरत को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान विजेता खिलाड़ी को कोच इशाक अली, शुभम भगत, एमडी गुरपाल सिंह, कारज सिंह गिल, राजेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, जसपाल सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।



जसकीरत सिंह सोहल अपने पदक के साथ। -जागरण मोर्चा

# सपा का शक्ति प्रदर्शन: सद्भावना सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता प्रदीप सोनकर द्वारा आयोजित सद्भावना सम्मेलन ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। सिरसा चौराहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित सम्मेलन में हजारों लोगों की मौजूदगी ने इसे क्षेत्र के बड़े राजनीतिक आयोजनों में शामिल कर दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने भाग लिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ हुआ। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से लोगों का सम्मेलन स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर तक पूरा पंडाल समर्थकों और कार्यकर्ताओं से खचाखच भर गया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया। रागिनी सोनकर ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूत वापसी करेगी और प्रदेश में नई विकास यात्रा की शुरुआत करेगी।

सम्मेलन के दौरान उन्होंने कार्यक्रम आयोजक प्रदीप सोनकर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने के लिए लगातार मेहनत की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनाव में विजय दिलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ को प्रदीप सोनकर के बढ़ते जनाधार के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह आयोजन न केवल शक्ति प्रदर्शन साबित हुआ, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों का भी स्पष्ट संकेत देता है। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने प्रदीप सोनकर का जोरदार स्वागत कर उनके प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त किया। सद्भावना सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारे और संगठन की मजबूती का संदेश भी दिया गया। वक्ताओं ने क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए जनता से एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, उत्साह और जोश का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर पूरनपुर का यह सद्भावना सम्मेलन समाजवादी पार्टी के लिए एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में उभरकर सामने आया, जिसने क्षेत्र की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है।

## सार संक्षेप

### बिजली व्यवस्था बदहाल, ऊर्जा मंत्री को भेजा गया पत्र

**पूरनपुर।** बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से निजात नही मिल पा रही है। उपभोक्ताओं ने बिजली मंत्री को पत्र भेजकर व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है। पूरनपुर क्षेत्र में लगातार खराब हो रही बिजली व्यवस्था दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। जिससे बिजली चलित उपकरण चल नही पा रहे है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। भीषण गर्मी पड रही है। घरो में कम वोल्टेज आ रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है। कई किसानों को मजबूरी में डीजल इंजन चलाकर खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही है। लोगों ने कहा है कि अगर बिजली नही देनी है, तो बिलकुल ना दें, अगर बिजली देना है तो 22 घंटे बिजली दी जाए। बार-बार होने वाले फाल्ट के कारण घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। बिजली विभाग उपभोक्ताओं से समय पर बिल वसूलने में तो तत्परता दिखाता है। कई लोगों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने, लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई है।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




मुख्यमंत्री के आगमन की बैठक में मौजूद विधायक व अन्य। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर पालिका सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक बाबूराम पासवान ने की। बैठक में बरखेड़ा और बीसलपुर विधानसभा क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। तैयारियों को लेकर सभी को तत्काल सक्रिय होकर कार्य में जुटने का आग्रह किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का दौरा क्षेत्र के विकास और जनकल्याण को नई गति प्रदान करेगा। बैठक में रजनीश पाण्डेय, अतिंदर पाल सिंह, नितिन दीक्षित, अनुराग अग्निहोत्री, महादेव गाईन, संजीव त्रिवेदी, हर्ष प्रधान, भगवती सिंह, मनोज वर्मा और विजय सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं प्रधान मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस को दी गई तहरीर

**पूरनपुर।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मायके पक्ष ने दहेज के लिए परेशान करके आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव जगतपुर निवासी मुन्ने सिंह ने वताया कि उसने अपनी पुत्री भावना की शादी चार साल पहले लखीमपुर खीरी के थाना भीरा के गांव डुढवा निवासी आकाश के साथ की थी। जिसमे मायके वालो ने अपनी सामर्थ के अनुसार दहेज दिया था। कुछ महीने बाद ससुरालियों ने विवाहिता से अतिरिक्त दहेज लाने का दवाब वनाना शुरू कर दिया था। मना करने पर उसको मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। 2023 में ससुरालियों ने उसको मारपीट कर गंभीर हालत में उसको निकाल कर मायके छोड गए थे। मायके वालो ने उसका इलाज कराया। हालत में सुधार होने पर मायके वालो ने ससुरालियों को बात की तो उन्होंने डेढ लाख नकद व बाइक की मांग रखी। मना करने पर रखने से इनकार कर दिया था। बार बार दहेज मांगने से परेशान होकर विवाहिता ने 19 जून 2026 को परेशान होकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। अब मायके वालो ने सेहरामऊ थाने जाकर ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया जाएगा मोहर्रम, 10 फीट से अधिक ऊंचे ताजियों पर रोक



अपने अधीनस्थ अफसरों को निर्देश देते एसपी। -जागरण मोर्चा



गश्त करते पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि इस वर्ष जनपद में 10 फीट से अधिक ऊंचे ताजिए नहीं बनाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मोहर्रम को लेकर सम्मानित जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं नागरिकों के साथ लगातार शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जनपद में पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। साथ ही उपद्रव फैलाने वाले एवं शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि पीलीभीत में मोहर्रम का त्योहार पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

# घुंघचाई में राहगीरों को पिलाया गया शरबत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कस्बा घुंघचाई के मुख्य अड्डे पर भीषण गर्मी और उमस के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे मीठे पानी और शरबत का पयाऊ लगाया गया। पयाऊ में बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों, मजदूरों और स्थानीय लोगों ने पहुंचकर शरबत का सेवन किया तथा आयोजकों के इस जनसेवा कार्य की सराहना की।

आयोजकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। इसी उद्देश्य से पयाऊ का आयोजन किया गया, ताकि सफर के दौरान लोगों को प्यास से राहत मिल सके। सुबह से शुरू हुए इस सेवा कार्य में लोगों को ठंडा मीठा पानी और शरबत वितरित किया गया।

कस्बे के मुख्य अड्डे पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में पयाऊ लगने से यात्रियों और राहगीरों को काफी सुविधा मिली। कई लोगों ने रुककर शरबत पिया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। गर्मी से परेशान लोगों को ठंडा शरबत मिलने पर उनके चेहरों पर राहत दिखाई दी।

राहगीरों को शरबत वितरित किया और गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया। पयाऊ देर शाम तक चलता रहा, जहां सैकड़ों लोगों ने ठंडे मीठे पानी और शरबत का लाभ उठाया।

# ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चों का तिलक चंदन लगाकर पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



बच्चों को तिलक चंदन लगाते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**कलीनगर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरान्त गुरुवार को स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर निकट - पुरानी स्टेट बैंक, पूरनपुर, पीलीभीत पुनः खुल गया । विद्यालय के प्रथम दिन को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाते हुए आचार्य परिवार ने विद्यालय आने वाले भैया - बहनों का तिलक चंदन लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर भाव स्वागत किया।

विद्यालय परिसर को साफ सुथरा कर आकर्षक रेखांकन एवं रंगोली से सजाया गया। प्रातः काल विद्यालय के मुख्य द्वार पर आचार्य व आचार्या बहनों ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। जिससे विद्यालय में उत्साह जैसा वातावरण दिखाई दिया। हालांकि प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। कक्षा अरुण से कक्षा अष्टम तक के सभी भैया बहिन विद्यालय पहुंचे। प्रथम दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय के विशिष्ट आचार्य बलराम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित जी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं अध्ययन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए।

विशिष्ट आचार्य बलराम सिंह ने सभी भैया बहनों को प्रतिनिधि विद्यालय आने एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के चेहरे पर विद्यालय पुनः खुलने की खुशी एवं उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर आचार्य महिपाल गंगवार, खेमकरन लाल गंगवार, मनीष दिवाकर, कमल कुमार, दीपचंद गंगवार, सुबोध कुमार अग्निहोत्री, शिल्पी श्रीवास्तव, अर्चना सक्सेना, शिवांगी मिश्रा, पूनम मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# भूमि हड़पने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला लाइनपार निवासी एक विधवा महिला ने अपने जेठ पर भूमि हड़पने और परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है,मामले में कार्रवाई किए जाने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

मोहल्ला निवासी शांति देवी ने वताया कि उसके पति के निधन के बाद वह अपने बच्चों के साथ परिवार की पैतृक संपत्ति में रह रही है। आरोप है कि इसी बीच उसके जेठ ने जमीन और संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से उसे लगातार परेशान करना शुरू कर दिया। महिला का कहना है कि कई बार उसे घर से बेदखल करने का प्रयास किया गया और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया गया।

विधवा ने आरोप लगाया कि हाल ही में उसके जेठ ने भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी गई। धमकियों से भयभीत महिला ने संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि वह अपने बच्चों के साथ भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन कर रही है। उसने प्रशासन से मांग की है कि उसकी भूमि और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए तथा आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पूरनपुर में धरने पर बैठी महिला की हालत बिगड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जमीन की पैमाइश की मांग को लेकर चल रहे धरने के दौरान उस समय हड़कंप मच गया। जब धरने पर बैठी एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही टीम ने उपचार किया।

मुडिया गांव की भूमि संबंधी विवाद और जमीन की पैमाइश कराने की मांग को लेकर पिछले कुछ समय से ग्रामीण और किसान प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। भाकियू (भानू गुट) के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने के दौरान महिला लगातार मौके पर मौजूद रही और प्रशासन से शीघ्र पैमाइश कराए जाने की मांग पर अड़ी रही। गुरुबार को अचानक संगठन की एक महिला की तबीयत खराब होने लगी। महिला को चक्कर आने और कमजोरी की शिकायत हुई। जिसके बाद धरनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार उपलब्ध कराया। टीम ने महिला का रक्तचाप और अन्य आवश्यक जांचें कीं। अब महिला की हालत में सुधार है।

धरने पर आरोप लगाया कि लंबे समय से जमीन की पैमाइश की मांग की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा मामले का समाधान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि कई बार अधिकारियों को शिकायतें और प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण किसानों और ग्रामीणों को धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। भाकियू (भानू गुट) के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक जमीन की पैमाइश कराकर समस्या का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संगठन के नेताओं ने यह भी कहा कि यदि मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान कई मौजूद रहे।

# पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की कमी को लेकर रेल मंत्रालय से शिकायत

**पीलीभीत।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही असुविधाओं को लेकर कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता हेमंत मिश्रा ने रेल मंत्रालय और इज्जतनगर मंडल को शिकायत भेजी है।

उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या-4 के टीन शेड में पंखे और लाउडस्पीकर की व्यवस्था नहीं है, जिससे भीषण गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायत में कहा गया है कि आवश्यक रेल घोषणाएं भी यात्रियों तक ठीक से नहीं पहुंच पा रही हैं। इसके अलावा प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर केवल एक वॉटर कूलर होने तथा प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर लगे पंखों के खराब होने का भी मुद्दा उठाया गया है। हेमंत मिश्रा ने रेल प्रशासन से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# जिला पोषण समिति की बैठक में पोषण योजनाओं की समीक्षा

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल विकास विभाग के कार्यों, पोषण कार्यक्रमों तथा एक जुलाई से शुरू होने वाले संभव अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मातृ वंदन योजना, कन्या सुमंगला योजना और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में नवीन रेसिपी आधारित पुष्टाहार वितरण और कुपोषित बच्चों के लिए अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई।




सख्ती
एसडीएम ने नगर के दस केंद्रों का किया निरीक्षण

# कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रशासन सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण करते एसडीएम और कोतवाल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** लखनऊ में हुई घटना के बाद प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 10 कोचिंग सेंटरों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कोचिंग केंद्रों पर उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों, अग्निशमन व्यवस्थाओं और आपातकालीन निकास की स्थिति का गहनता से परीक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि हाल के दिनों में विभिन्न राज्यों में शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा संबंधी घटनाओं को देखते हुए शासन स्तर से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत क्षेत्र के कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान टीम ने कोचिंग सेंटरों के प्रवेश और निकास द्वार, सीढ़ियों की स्थिति, भवन में आपातकालीन निकासी की व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा उनके संचालन की स्थिति की जांच की।

कोचिंग सेंटरों में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं और संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता पाया गया। हालांकि कुछ केंद्रों पर अग्निशमन के लिए केवल एक सिलिंडर उपलब्ध मिला। इस पर एसडीएम ने संबंधित संचालकों को फटकार लगाते हुए कम से कम दो अग्निशमन सिलिंडर रखने के निर्देश दिए। साथ ही सिलिंडरों की वैधता अवधि की नियमित जांच कराने तथा समय-समय पर रिफिलिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में अग्निशमन उपकरणों का सही ढंग से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। एसडीएम ने कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया कि भवनों में आने-जाने के रास्तों को हमेशा खुला रखा जाए और किसी भी प्रकार का सामान निकास मार्ग में न रखा जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार आशीष गुप्ता, कोतवाल पवन कुमार पांडेय सहित पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# योग प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस पर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण



योग प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस में भाग लेते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** विद्या भारती ब्रजप्रांतीय शारीरिक एवं योग प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस पर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदेश द्वारा आयोजित प्रांतीय शारीरिक एवं योग प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस पर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रातःकालीन सत्र में योगाभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रथम सत्र में सत्यपाल सिंह ने आहार-विहार एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सात्विक आहार, अनुशासित दिनचर्या और सकारात्मक सोच को जीवन की सफलता का आधार बताया। द्वितीय सत्र में कमल प्रकाश ने "योग भगाए रोग" विषय पर योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। तृतीय सत्र में सुरेन्द्र कुमार गोला ने समता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। सायंकालीन सत्र में समता अभ्यास तथा रात्रि में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत वातावरण में प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस का समापन हुआ।

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब के प्रकाश पर्व पर निकला भव्य नगर कीर्तन

जागरण मोर्चा कार्यालय





**हजारों की संगत हुई शामिल, गतका पार्टी व पाइप बैंड रहे आकर्षण का केंद्र**

**बरेली।** सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब के आगामी प्रकाश पर्व (30 जून) के उपलक्ष्य में गुरुवार को बरेली में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन की शुरुआत गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जनकपुरी से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ देर रात करीब 9:30 बजे पुनः गुरुद्वारा परिसर में ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नगर कीर्तन श्याम उपरद्वारा साहिब से आरंभ होकर राम जानकी मंदिर, सिलेक्शन पॉइंट टावर, झूलेलाल द्वार, केके अस्पताल, बांके बिहारी मार्ग से गुजरता हुआ वापस गुरुद्वारे पहुंचा। पूरे मार्ग पर "बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारों और गुरबाणी की मधुर ध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। नगर कीर्तन में नगाड़ा, ढोल, सिख मशीनरी कॉलेज का प्रचार वाहन विशेष आकर्षण रहा। अमरोहा से आई शहीद बाबा दीप सिंह गतका पार्टी ने अपने शौर्यपूर्ण करतबों से संगत को रोमांचित किया। वहीं पंजाब के लुधियाना से आए आकाशदीप पाइप बैंड ने अपने मधुर वाद्य यंत्रों की धुनों से नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही विभिन्न कीर्तनी जत्थों ने गुरबाणी का गायन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नगर कीर्तन में पांच प्यारों के नेतृत्व में सुसज्जित पालकी में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। संगत पूरे श्रद्धा भाव से पालकी के पीछे चलती नजर आई। नगर कीर्तन के स्वागत में मार्ग में जगह-जगह संगत, गुरुद्वारा प्रबंधन और समाजसेवी संगठनों की ओर से प्रसाद और शरबत का वितरण किया गया। सेवाभाव और अनुशासन के साथ आयोजित इस नगर कीर्तन ने आपसी भाईचारे और धार्मिक एकता का संदेश दिया। देर शाम तक चले नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन पूरे आयोजन में शांति और अनुशासन बना रहा। गुरुद्वारा प्रबंधन ने नगरवासियों, संगत और प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर बदमाश गिरफ्तार, लूट का माल और तमंचा बरामद

## फैजगंज बेहटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, क्षेत्र में बढ़ा सुरक्षा का भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय




गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर बरामद माल के साथ थाना फैजगंज बेहटा पुलिस। थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में नकदी, आभूषण, अवैध तमंचा व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिलबरामद।

**आसफपुर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट का माल, नकदी, अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर मुड़िया खुर्द के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उनकी पहचान जगेंद्र उर्फ सुखराम निवासी घन्नू नगला थाना जरिफनगर तथा नरेश निवासी परसेरा थाना बिसौली के रूप में हुई। दोनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित थे।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर शाहबाद रोड स्थित सैफोरा गांव के पास एक राहगीर परिवार से लूटपाट की थी। घटना में महिला के गले से चेन, पैरों से पायल व नकदी लूट ली गई थी।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 9600 रुपये नकद, पीली धातु की चेन, सफेद धातु की पायल, एक तमंचा 315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामद सामान की पहचान पीड़ित पक्ष ने कर ली है। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं और इनके फरार साथियों की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, जुगेन्द्र बालियान सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डीएम ने बीडीसी सदस्यों और अधिकारियों के साथ कि समीक्षा बैठक



बीडीसी मेंबर और अधिकारियों के साथ बैठक में मौजूद जिलाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मरौरी ब्लॉक सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान प्रशासकों, बीडीसी सदस्यों और अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, आयुष्मान कार्ड, प्राकृतिक खेती और ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से शीघ्र विकास कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने तथा जरूरत पड़ने पर विशेष शिविर लगाने के निर्देश भी दिए गए।

किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम 10 युवाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

बैठक में श्मशान भवनों के निर्माण, जर्जर पंचायत भवनों की मरम्मत तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा हुई। बैठक में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



पुराने संचालक द्वारा धमकाने का विरोध करते संगठन के लोग। –जागरण मोर्चा

### गौशाला में विवाद, संगठन ने सुरक्षा और कार्रवाई की मांग उठाई

**पूरनपुर।** क्षेत्र की कजरी निरंजनपुर गौशाला को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने आरोप लगाया है कि पूर्व संचालक पक्ष के लोगों द्वारा वर्तमान संचालक और कर्मचारियों को लगातार धमकाया जा रहा है। संगठन का कहना है कि गौशाला में नई व्यवस्था लागू होने के बाद कई बार अभद्रता और दबाव बनाने की घटनाएं हुई हैं। आरोप है कि कर्मचारियों को काम करने से रोकने और माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन ने बताया कि संबंधित घटनाओं के वीडियो और तहरीर पुलिस प्रशासन को सौंप दी गई है। मामले की जानकारी जिला प्रशासन को भी दी गई है तथा सुरक्षा की मांग की गई है। ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया, धनंजय मिश्रा, गोल्डी जोशी सहित संगठन के पदाधिकारी गौशाला पहुंचे और कर्मचारियों से मुलाकात की। संगठन ने गौशाला संचालन में सहयोग का भरोसा देते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### गोमती नदी के जीर्णोद्धार के लिए उद्योगों को सौंपी गई जिम्मेदारी



गोमती नदी के जीर्णोद्धार के लिये बैठक में मौजूद डीएम। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गोमती नदी के जीर्णोद्धार एवं जल संरक्षण कार्यों को लेकर औद्योगिक एवं व्यावसायिक भूजल उपभोक्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में भूजल दोहन करने वाली इकाइयों को सीएसआर के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी के पुनर्जीवन और संरक्षण में औद्योगिक इकाइयों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी संस्थानों से भी सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### हादसे के बीच सिपाही की दबंगई, युवक को जड़े ताबड़तोड़ थप्पड़; वीडियो वायरल

**बदायूं।** बरेली-मथुरा हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे के दौरान पुलिस की अमानवीयता का मामला सामने आया है। जहां एक ओर घायल लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे, वहीं राहत कार्य में जुटे एक सिपाही का आक्रामक व्यवहार कैमरे में कैद हो गया। डायल 112 पर तैनात सिपाही ने भीड़ में खड़े एक युवक को सरेराह ताबड़तोड़ थप्पड़ जड़ दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। घटना 23 जून की बताई जा रही है, जब घटपुरी के पास पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस और टाटा मैजिक लोडर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि लोडर में सवार हरियाणा के यमुनानगर निवासी रनदीप और हरिपाल गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में ही फंस गए। मौके पर अफरातफरी का माहौल था और स्थानीय लोग व पुलिस टीम राहत-बचाव कार्य में जुटी थी।

# कैनव्हीज एसोसिएट घोटाला: पीड़ित निवेशकों का आक्रोश, डीएम को सौंपा ज्ञापन

- धमकी देने वालों पर गैंगस्टर एक्ट, हिस्ट्रीशीट और सरकारी वकील की मांग, एक जुलाई से अनिश्चितकालीन अनशन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** निवेश के नाम पर ठगी का शिकार हुए कैनव्हीज एसोसिएट के पीड़ित निवेशक अब खुलकर प्रशासन के सामने आ गए हैं। पूर्व में 9 जून और 15 जून को धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज निवेशकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी कार्यालय बरेली में दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि कंपनी के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें झूठी एफआईआर में फंसाने, लीगल नोटिस भिजवाने और व्हाट्सएप कॉल के जरिए जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि धमकी देने वाले लोग प्रदर्शन बंद करने का दबाव बना रहे हैं। निवेशकों ने मांग की कि धमकी देने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, उनकी संपत्ति और आय के स्रोतों की जांच कराई जाए तथा कंपनी के सभी पार्टनर और जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी शिकंजा कसा जाए। जिन आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, उन पर हिस्ट्रीशीटर, गुंडा और गैंगस्टर एक्ट लगाने की भी मांग की गई है। पीड़ितों ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण वे निजी वकील नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए उन्हें सरकारी वकील उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 1 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन अनशन और धरना शुरू किया जाएगा।

# सात कोचिंग सेंटरों में नहीं मिले अग्निशमन के इंतजाम, अवैध संचलित हो रहे 50 से अधिक सेंटर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद अग्निशमन विभाग दो दिन से शहर के कोचिंग सेंटरों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम परख रहा है। मंगलवार को लाइब्रेरी समेत सात कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन व्यवस्थाएं परखी गईं तो अग्निशमन के इंतजाम शून्य मिले थे। इनके पास फायर की एनओसी भी नहीं मिली थी। बुधवार को सीएफओ ने लाइब्रेरी समेत सात कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए।

जनपद में अग्निशमन विभाग ने मंगलवार को अभियान चलाकर सात कोचिंग सेंटरों में अग्निशमन व्यवस्थाएं परखी थीं। विभाग को सभी कोचिंग संस्थानों में अग्निशमन व्यवस्था शून्य मिली थी। आग से बचाव के इंतजाम भी नहीं थे। संस्थानों में अग्निशमन व्यवस्था पूरी कराने के लिए विभाग की ओर से पहले भी इन कोचिंग संस्थानों को नोटिस भेजे गए थे। बावजूद इसके संस्थानों के जिम्मेदारों ने प्रक्रिया पूरी कर एनओसी लेने की जहमत नहीं उठाई थी।

सीएफओ की ओर से बुधवार को कोतवाली सड़क स्थित गुरुकुल लाइब्रेरी, जवाहरपुरी स्थित सेल्फ स्टडी सेंटर, ब्रह्मपुर स्थित मान्या लाइब्रेरी, पटेल मार्केट स्थित आरबी मॉडर्न लाइब्रेरी, विजन लाइब्रेरी, ओवरब्रिज के नीचे स्थित ऑक्सफोर्ड कोचिंग सेंटर में अग्निशमन के इंतजाम शून्य मिलने और लापरवाही को लेकर नोटिस भेजे गए। सीएफओ के निर्देश पर अग्निशमन विभाग की टीम ने गुरुवार को भी चेकिंग अभियान चलाया। शहर के कोचिंग सेंटरों के साथ बरातघरों की भी चेकिंग की गई।

# रात के अंधेरे में अवैध खनन का खेल, बगरैन-नवादा क्षेत्र में माफिया सक्रिय

जागरण मोर्चा कार्यालय



अवैध खनन करते हुए ट्रैक्टर ट्राली। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जनपद के बगरैन एवं नवादा चौकी क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। खनन माफिया बेखौफ होकर धरती मां का सीना चीर रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से यह अवैध गतिविधि चल रही है, लेकिन कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार देर रात भारी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए मिट्टी और बालू का खनन किया जाता है। इससे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं गांवों की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। लोगों का कहना है कि खनन कार्य इतने खुलेआम तरीके से हो रहा है कि इसकी जानकारी प्रशासन को न होना संभव नहीं है।

ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चौकी पर तैनात कुछ पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। आरोप है कि खनन माफिया बिना किसी डर के रातभर काम करते हैं और शिकायत करने वालों को भी दबाव में लेने की कोशिश की जाती है।

खनन अधिकारी गुलशन कुमार ने बताया कि बिना परमिशन किसी प्रकार की मिट्टी उठाने या खनन करना अवैध है अगर कहीं ऐसी शिकायत मिलती है तो छापेमारी की जाती है और कार्रवाई भी की जाती है अगर कोई माफिया खनन करता हुआ पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**विरोध** तहसील पहुंच कर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय




ज्ञापन देते बजरंग दल के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** पूरनपुर तहसील परिसर में गुरुबार को बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिहार के भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने,एक करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने,राम मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा गोमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार का ध्यान इन मुद्दों की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संगठन के वक्ताओं ने कहा कि बिहार के भरत तिवारी एनकाउंटर प्रकरण ने कई सवाल खड़े किए हैं। मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मृतक के परिवार को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन में देशभर के मंदिरों, विशेष रूप से राम मंदिरों में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में गाय का विशेष महत्व है, इसलिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने गोवंश संरक्षण के लिए और अधिक प्रभावी कानून लागू करने की भी मांग की। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# दातागंज थाने में नाबालिग से बर्बरता का आरोप, पिता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

## पुलिस पर तीन दिन अवैध हिरासत, मारपीट और एनकाउंटर की धमकी देने के गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिले के दातागंज कस्बे से पुलिस की कथित बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को प्रार्थना पत्र देकर थाना दातागंज के तीन पुलिसकर्मियों पर अपने नाबालिग बेटे को अवैध रूप से हिरासत में रखने, बेरहमी से मारपीट करने और एनकाउंटर की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायतकर्ता महेन्द्र, निवासी मोहल्ला छोटा परा, ने बताया कि वह 22 जून को रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने बिहार गया था। उसी रात करीब 4 बजे उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके बड़े बेटे अभिषेक को थाना दातागंज के सिपाही राहुल गौतम और जीशान घर से उठाकर थाने ले गए हैं। उस समय घर पर छोटे बच्चे ही मौजूद थे।

महेन्द्र के अनुसार, वह 24 जून को दोपहर में घर लौटकर सीधे थाने पहुंचा, जहां उसका बेटा अर्द्ध विक्षिप्त अवस्था में जमीन पर पड़ा मिला। आरोप है कि जब उसने बेटे को तीन दिन तक बिना किसी आरोप हिरासत में रखने का कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों ने धमकाते हुए कहा कि "बेटे को ले जाओ, वरना एनकाउंटर कर देंगे।" भयभीत पिता अपने बेटे को घर ले आया।

घर पहुंचने के बाद अभिषेक ने जो आपबीती सुनाई, वह रोंगटे खड़े कर देने वाली थी। उसने आरोप लगाया कि 22 जून की रात पुलिसकर्मी उसे पूछताछ के बहाने थाने ले गए और वहां बुरी तरह पीटा। आरोप है कि एक पुलिसकर्मी शराब लेकर आया और तीनों ने मिलकर उसे कमरे में बंद कर निर्वस्त्र कर डंडों से पीटा। उसके प्राइवेट पार्ट पर भी वार किए गए और बाल तक नोच लिए गए, जिससे वह बेहोश हो गया।

अभिषेक ने यह भी बताया कि उसे एक बार गाड़ी में डालकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया, जहां पिस्टल तानकर एनकाउंटर की धमकी दी गई। लगातार तीन दिन तक मारपीट के कारण उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित पिता ने 24 जून को बेटे का मेडिकल कराने के बाद थाना स्तर पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है। अगर शिकायती पत्र मिलता है तो जांच करने के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई व विभागीय कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी।

## पनामा का फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सफर समाप्त

# कोलंबिया नॉकआउट में, घाना ने इंग्लैंड को गोलरहित ड्रा पर रोका

**नई दिल्ली**

फीफा विश्व कप 2026 के 13वें दिन चार मुकाबले हुए। पुर्तगाल की टक्कर उज्बेकिस्तान, इंग्लैंड की घाना, क्रोएशिया की पनामा और कोलंबिया की डीआर कांगे से हुई। दिन के पहले मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जादू देखने को मिला। टीम के पहले मैच में फेल होने की वजह से आलोचना झेलने वाले रोनाल्डो ने दो गोल दागे और उनकी टीम ने 5-0 से जीत दर्ज की । इसके साथ ही प्रबल दावेदार इंग्लैंड की टीम घाना के डिफेंड से नहीं भेद पाई।

2018 की फाइनलिस्ट क्रोएशिया का इस साल टूर्नामेंट में खाता खुल गया है तो पनामा के नॉकआउट में जाने की उम्मीद खत्म हो गई। वहीं कोलंबिया नॉकआउट में पहुंचने वाला 7वां देश बन गया है। डैनियल मुनोज ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा जिससे कोलंबिया ने 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करके कोलंबिया को अधिकतर समय गोल से वंचित रखा था लेकिन आखिर में मुनोज ने 76वें मिनट में गोल कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ। डिफेंडर से टकराकर गेंद मुनोज़के पास पहुंची थी जिनके बाएं पैर से लगाए गए शॉट को रोकने का म्पासी के पास कोई मौका नहीं था। कांगो ने 52 साल बाद अपने पहले विश्व कप की शुरुआत क्रिस्टियानो रोनाल्डो और पुर्तगाल के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ के साथ की थी।

कोलंबिया के ग्रुप के में दो मैचों में छह अंक हो गए हैं, जो पुर्तगाल से दो अंक और कांगो से पांच अंक अधिक है। कोलंबिया को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए शनिवार को पुर्तगाल के खिलाफ मैच ड्रॉ करने की जरूरत होगी। यह नतीजा पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में पहुंचाने के लिए भी काफी होगा। कोलंबिया विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जो दक्षिण अमेरिकी टीमों में ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान है।



**07** वां देश बन गया कोलंबिया नॉकआउट में पहुंचने वाला

### घाना के गोलकीपर ने इंग्लैंड को किया निराश



इंग्लैंड और घाना के बीच खेला गया मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर खत्म हुआ। घाना के डिफेंस ने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। इंग्लैंड ने मैच में पहला बड़ा मौका 13वें मिनट में बनाया, जब डेक्लान राइस की लंबी दूरी की फ्री-किक गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गई। पहले हाफ में जूड बेलिंगहैम का एक शॉट घाना के दो डिफेंडर ने ब्लॉक किया। वहीं, राइस ने नोनी मडुके के क्रॉस पर हेडर लगाया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली। कप्तान हैरी केन के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन वह भी घाना के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

### पनामा पर जीत से क्रोएशिया का खाता खुला

ग्रुप एल मुकाबले में क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही क्रोएशिया ने तीन अहम अंक भी हासिल किए। क्रोएशिया के खिलाफ मिली हार के साथ ही पनामा के अगले राउंड में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गई हैं। टोरंटो स्टेडियम में पहले हाफ में पनामा ने क्रोएशिया के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। 23वें मिनट में पनामा को गोल करने का एक शानदार मौका मिला, जब जोस लुइस रोड्रिगेज ने जोरदार हेडर लगाया। दूसरे हाफ के बाद क्रोएशिया ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत की। मुकाबले के 54वें मिनट में क्रोएशिया 1-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। जोसिप स्टैनिसिक के दाईं ओर से आए शानदार लो क्रॉस को सब्सटीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर आए एंटे बुदिमिर ने गोल में तब्दील किया।

## अक्षर पटेल ने पंत का डीसी में किया स्वागत

**नई दिल्ली**

लखनऊ सुपर जायंट्स का साथ छोड़कर 12 करोड़ रुपये के भारी नुकसान के साथ दिल्ली कैपिटल्स में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने डील फाइनल होते ही सबसे पहले अक्षर पटेल को याद किया। इसका खुलासा खुद दिल्ली के मौजूदा कप्तान अक्षर पटेल ने किया है। अक्षर ने बताया कि पंत ने डील कंफर्म होते ही उन्हें फोन मिलाया था।

अक्षर उस समय अपने बच्चे को सुला रहे थे, इसलिए शुरुआती दो कॉल्स मिस हो गईं। बाद में जब अक्षर ने बैक कॉल किया और पूछा कि क्या कुछ जरूरी है, तो पंत ने दूसरी तरफ से चहकते हुए कहा भाई, यह कंफर्म हो गया है। मैं वापस आ रहा हूं। अक्षर ने इस पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि भले ही मैंने उनसे खुलकर नहीं कहा, लेकिन सच यही है कि सुबह का भूला जब शाम को घर आए तो उसे भूला नहीं कहते। हमारा लगाव ही ऐसा था कि वह दिल्ली वापस आ गए।



**बोले, सुबह का भूला शाम को घर वापस आए तो.......**

ऋषभ पंत साल 2016 से 2024 तक लगातार आठ सीजन दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे थे और उन्होंने चार सीजन टीम की कप्तानी भी की थी, जिसमें 43 मैचों में से 23 में टीम को जीत मिली थी। अब जब वह एक खिलाड़ी के रूप में वापस लौटे हैं, तो इस बात पर सस्पेंस बना हुआ है कि क्या वह अक्षर पटेल की जगह दोबारा टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। हालांकि, अक्षर ने कप्तानी के विवाद को पूरी तरह दरकिनार करते हुए अपने दोस्त का खुला समर्थन किया है। अक्षर ने कहा,''एक कप्तान के रूप में मैं उन्हें मैदान पर पूरी आजादी दूंगा। हमारा रिश्ता कभी ऐसा नहीं रहा कि कोई एक दूसरे पर हुक्म चलाए। जब वह मेरे कप्तान थे, तब भी हम आपसी समझ से ही फैसले लेते थे।



## भारत को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीत जरूरी

### महिला टीम की बांग्लादेश से टक्कर आज

**मैनचेस्टर**

मध्य क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण महिला टी-20 विश्व कप में भारत का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में गुरुवार को बांग्लादेश के विरुद्ध होने वाले मैच में भारतीय टीम को दम दिखाना होगा। भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फार्म की चिंता के साथ उतरा था लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है। मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है।

### रिचा-दीप्ति शर्मा ने किया है अच्छा प्रदर्शन

ऋचा (स्ट्राइक रेट 176.92) और दीप्ति (159.37) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कम गेंद रहने के कारण दोनों पर दबाव बढ़ जाता है। भारत के अब तीन मैच में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट 2.511 है। उसने पाकिस्तान को 64 रन से और नीदरलैंड्स को 95 रन से हराया था लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार जीत हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके आठ अंक हैं और उसका नेट रन रेट 4.724 है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### भारत का क्षेत्ररक्षण अभी तक अच्छा नहीं रहा

भारत का क्षेत्ररक्षण भी अभी तक अच्छा नहीं रहा है। टीम की सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में से एक राधा यादव ने काप के दो आसान कैच छोड़े जो बहुत महंगे साबित हुए। टूर्नामेंट अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है और अब किसी भी तरह की गलती काफी महंगी साबित हो सकती है। बांग्लादेश से भिड़ने के बाद भारत का सामना शानदार फार्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया से होगा। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 23 रन और नीदरलैंड को छह विकेट से हराया है और वह भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेगा। उसकी टीम ने अभी तक सामूहिक प्रयास से जीत हासिल की हैं और भारत को उससे सतर्क रहना होगा।

**व्यवस्था** इंग्लैंड और आयरलैंड के दौरे पर सूर्यवंशी के माता-पिता भी रहेंगे साथ, आईसीसी नियमों के तहत फैसला

# वैभव सूर्यवंशी के लिए इंग्लैंड में अलग चेंजिंग रूम की सुविधा

**नई दिल्ली**

इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे पर 15 साल के वैभव सूर्यवंशी टीम के बाकी खिलाड़ियों से अलग चेंजिंग रूम इस्तेमाल करेंगे। सूर्यवंशी के लिए यह फैसला आईसीसी और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की अंडर-16 खिलाड़ियों से जुड़ी सेफगार्डिंग पॉलिसी के तहत लिया गया है। हालांकि सूर्यवंशी मैचों के दौरान भारतीय प्लेयर्स के साथ रह सकेंगे और टीम मीटिंग्स का भी हिस्सा होंगे। उन्हें कपड़े बदलने के लिए अलग चेंजिंग रूम और वॉशरूम का इस्तेमाल करना होगा। आईसीसी ने यह नियम 2019 में लागू किया था। भारत-आयरलैंड टी-20 सीरीज 26 जून से होनी है।



### नाबालिग खिलाड़ियों के लिए चाइल्ड सेफगार्डिंग नियम

खेलों में चाइल्ड सेफगार्डिंग नियम अचानक नहीं बने। सालों तक खेल अकादमियों, ड्रेसिंग रूम और ट्रेनिंग सेंटरों में नाबालिग खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण, मानसिक प्रताड़ना के कई मामले सामने आए। इन घटनाओं ने खेल जगत को हिला कर रख दिया, जिसके बाद फीफा, इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को लॉकर रूम बैन और नो 1-ऑन-1 जैसे सख्त नियम बनाने पड़े। अंडर-16 खिलाड़ियों के लिए सेफगार्डिंग पॉलिसी के तहत अलग नियम होते हैं। इसका उद्देश्य नाबालिग खिलाड़ियों को शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखना है। इसके तहत खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाया जाता है।

### टीएलओ बना रहे हैं समन्वय

ईसीबी ने बताया कि वैभव सूर्यवंशी की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए भारतीय टीम के टीम लायजन ऑफिसर (टीएलओ) और सभी मेजबान मैदानों के सेफगार्डिंग अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट किया जा रहा है। टीएलओ विदेशी दौरों के दौरान मेजबान बोर्ड और टीम के बीच संपर्क अधिकारी की भूमिका निभाता है। ईसीबी ने यह भी कहा कि सूर्यवंशी के माता-पिता पूरे दौरे में उनके साथ रहेंगे और उसी होटल में ठहरेंगे, जहां भारतीय टीम रुकेगी। आमतौर पर खिलाड़ियों के परिवार टीम होटल में नहीं ठहरते, लेकिन उनकी कम उम्र को देखते हुए इस व्यवस्था को विशेष अनुमति दी गई है।

### 15 साल 71 दिन की आयु में टीम में चुने गए

वैभव 15 साल 71 दिन की उम्र में टीम इंडिया के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने इस मामले में शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शेफाली पहली बार 15 साल 220 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुनी गई थीं, जबकि सचिन को 16 साल 194 दिन की उम्र में राष्ट्रीय टीम में मौका मिला था। शेफाली ने 15 साल 239 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेल लिया था। वहीं, सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। वैभव को अगर इंग्लैंड-आयरलैंड टूर या एशियन गेम्स में एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाता है तो वे शेफाली और सचिन दोनों को पीछे छोड़कर भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जाएंगे।

### छोटे भाई आशीर्वाद ने बनाए तूफानी 168 रन

वैभव सूर्यवंशी के छोटे भाई आशीर्वाद ने फिर तूफानी पारी खेली। उन्होंने एक लोकल टूर्नामेंट में 119 गेंद पर 168 रन बनाए। उनकी पारी में 19 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। 10 साल के आशीर्वाद की उपलब्धि की जानकारी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए साझा की गई। उनकी पारी के दम पर ऋषभ-11 ने समस्तीपुर में खेले गए लोकल मैच में वैशाली-11 को हराया। इसी महीने आशीर्वाद ने एक स्थानीय मैच में 87 गेंदों पर 103 रन बनाए थे।





## वेस्टरोस यूनाइटेड ने जीता नॉर्डिक स्मैश टी20 खिताब

**स्टॉकहोम**

युवा क्रिकेटर अभय टिपनिस ने नॉर्डिक स्मैश टी-20 कप 2026 के उद्घाटन संस्करण में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम वेस्टरोस यूनाइटेड को प्रतिष्ठित खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह टूर्नामेंट स्टॉकहोम के बोटकिर्का क्रिकेट सेंटर में आयोजित किया गया। अभय को फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, निरंतरता और प्रभावशाली योगदान को देखते हुए उन्हें मोस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सम्मान से भी नवाजा गया। नॉर्डिक क्षेत्र की प्रमुख फ्रेंचाइजी टीमों की भागीदारी वाले इस टूर्नामेंट में वेस्टरोस यूनाइटेड ने बेहतरीन टीमवर्क और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम की। बाएं हाथ के स्पिनर और बल्लेबाज अभय टिपनिस मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में कर चुके हैं। शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वे वर्तमान में यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन , आयरलैंड से मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे हैं तथा क्लब क्रिकेट में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपने खेल को निखारा।

**अभय टिपनिस ने जीत में निभाई अहम भूमिका**

## आकाशदीप ने अक्षिता संग लिए 7 फेरे, शुरू की जीवन की नई पारी काशी के पंडितों ने कराई पूजा, पवन सिंह बधाई देने पहुंचे

**वाराणसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप बुधवार को काशी में शादी के बंधन में बंध गए। कार्यक्रम एक होटल में हुआ। आकाशदीप ने अपनी बारात में जमकर डांस किया। इस दौरान उनके दोस्त रिश्तेदार भी बैंड और डीजे पर नाचते दिखे।

काशी के पंडितों ने द्वार पूजा कराई। इसके बाद आकाशदीप को अक्षिता ने वरमाला पहनाई। सिंगर पवन सिंह भी दोनों को बधाई देने पहुंचे। शादी के मंडप को शिव मंदिर की थीम पर सजाया गय। आकाशदीप और अक्षिता की शादी में करीब 300 से ज्यादा मेहमान पहुंचे। सभी की होटल में एंट्री क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद हुई। इससे पहले आकाशदीप बुधवार को शाम 7 बजकर 30 मिनट पर परिवार के साथ बिहार से होटल पहुंचे थे। शादी में मेहमानों को परोसी जाने वाली थाली में बनारसी के साथ इंटरनेशनल डिशेज भी थीं। वहीं, दूल्हा-दुल्हन को सजाने के लिए दिल्ली से मेकअप आर्टिस्ट बुलाए गए थे। पहले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से वीडियो कॉल पर बात की। इससे पहले उन्होंने जगदगुरु रामभद्राचार्य से भी वीडियो कॉल पर बात की थी।

## भारतीय कप्तान शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई**

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में टॉप स्कोरर रहे भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी रैंकिंग में फायदा मिला है। वह वनडे में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह पांचवें नंबर पर थे। बुधवार को जारी रैंकिंग में गिल वनडे नंबर-1 पर काबिज न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल से सिर्फ 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हालिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 238 रन बनाए थे। वहीं, ईशान किशन 21 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा को 34 और अर्शदीप सिंह को 16 स्थान का फायदा मिला है। टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हैनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ संयुक्त रूप से नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। यह 36 साल बाद है, जब न्यूजीलैंड का कोई गेंदबाज पहले स्थान पर आया है।



### त्रिसा जाली और गायत्री की जोड़ी दूसरे दौर में

**फुलर्टन।** त्रीसा जाली और गायत्री गोपीचंद भारतीय महिला डबल्स जोड़ी ने अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उबरकर वापसी कर रहीं त्रीसा ने अपनी जोड़ीदार गायत्री के साथ मिलकर स्पेनी की जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से 51 मिनट तक चले पहले दौर पराजित किया। यह भारतीय जोड़ी अब दूसरे दौर में जापान की सुमिरे नकादे और मियू ताकाहाशी से भिड़ेगी। पुरुष सिंगल्स क्वालीफायर में रौनक चौहान ने मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। उन्होंने पहले फ्रांस के एनोगाट राय को 21-19, 21-16 से हराया और फिर चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 13-21, 21-14, 21-10 से मात देकर आगे बढ़े।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।